सूर्योदय 5:58 सूर्यास्त 6:44

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.6 न्यू | 21.8 अधि |
| धर्मशाला | 20.0 न्यू | 25.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82134.61 |
| निफ्टी | 25151.95 |
| सोना | 73,250 |
| चांदी | 87,416 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 30 अगस्त 2024 | 15 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 253, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### बृजभूषण को नहीं मिली दिल्ली हाईकोर्ट से राहत



**नई दिल्ली।** बृजभूषण सिंह को दिल्ली हाईकोर्ट से कोई राहत नहीं मिली है। दिल्ली हाईकोर्ट ने बृजभूषण के वकील से मामले में एक शॉर्ट नोट कोर्ट में जमा करने को कहा है। दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण की याचिका की मेंटेनेबिलिटी पर सवाल उठाया गया। दिल्ली हाईकोर्ट में 26 सितंबर को मामले में अगली सुनवाई होगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि आप मामले में चार्ज फ्रेम होने के बाद कोर्ट क्यों आए।

### रक्षा दस्तावेजों के लीक मामले में 7 राज्यों में रेड

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पाकिस्तानी जासूसी गिरोह के जरिए रक्षा संबंधी गोपनीय जानकारी लीक करने के मामले में सात राज्यों में छापेमारी की। एनआईए ने गुजरात, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा में 16 स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए की टीम ने जिन परिसरों में छापे मारे वे उन संदिग्ध लोगों से जुड़े थे, जिन्हें भारत में जासूसी गतिविधियां चलाने के लिए कथित तौर पर पाकिस्तान से धन प्राप्त हुआ था। एनआईए ने 22 मोबाइल फोन और कई संवेदनशील दस्तावेज जब्त किए गए।

### असम में मुस्लिम शादी की रजिस्ट्रेशन जरूरी

**डिसपुर।** असम विधानसभा ने वीरवार को मुस्लिम विवाह और तलाक रजिस्टर करने वाले 90 साल पुराने कानून- असम मुस्लिम मैरिज एंड डिवोर्स रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1935 को रद्द करने का बिल पास किया। इस बिल का नाम द असम रिपीलिंग बिल, 2024 है। अब से मुस्लिम समाज के लोगों को शादी और तलाक का रजिस्ट्रेशन करना जरूरी होगा। 22 अगस्त को असम कैबिनेट ने बिल को मंजूरी दी थी। बिल में 2 विशेष प्रावधान हैं। पहला- मुस्लिम शादी का रजिस्ट्रेशन अब काजी नहीं सरकार करेगी। दूसरा- बाल विवाह के पंजीकरण को अवैध माना जाएगा।

### दिल्ली-एनसीआर और अफगानिस्तान में भूकंप



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में वीरवार को 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। वहीं, दिल्ली-एनसीआर और राजस्थान व जम्मू-कश्मीर के कुछ इलाकों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के काबुल से 277 किलोमीटर उत्तर पूर्व में 255 किलोमीटर की गहराई पर था। वहीं, पाकिस्तान में भी 5.4 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि, भूकंप से कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- जयराम बोले-सुक्खू सरकार कर रही शराब घोटाला -पेज 3
- महिला पर हमला, प्रधान सहित 10 लोगों पर केस दर्ज -पेज 9
- सोलन के विकास का ड्राफ्ट तैयार करेगा टीसीपी -पेज 12
- जियो यूजर को 100 जीबी क्लाउड स्टोरेज मिलेगा मुफ्त -पेज 13
- यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंचे जोकोविच -पेज 14


### मानसून सत्र : सुक्खू ने खराब वित्तीय स्थिति को देखते हुए विधानसभा में की बड़ी घोषणा

# मुख्यमंत्री, मंत्री और सीपीएस दो माह नहीं लेंगे वेतन व भत्ते

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**हिमाचल** विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन प्रदेश की खराब चल रही वित्तीय स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन में बड़ी घोषणा की है। सुक्खू ने कहा कि दो महीने तक मुख्यमंत्री, सभी मंत्री और मुख्य संसदीय सचिव अपनी सैलरी और भत्ते नहीं लेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों से भी वेतन एवं भत्ते स्वेच्छा से विलंबित करने का आग्रह किया।



उन्होंने कहा कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है। राजस्व घाटा अनुदान जो वर्ष 2023-24 में 8,058 करोड़ था, इस वर्ष 1,800 करोड़ कम होकर 6,258 करोड़ हो गया है। वर्ष 2025-26 में यह 3,000 करोड़ और कम होकर 3,258 करोड़ रह जाएगा। पीडीएनए की लगभग 9,042 करोड़ की राशि में से केंद्र सरकार से अभी तक कोई भी राशि नहीं मिली है। जीएसटी मुआवजा जून 2022 के बाद मिलना बंद हो गया है, जिससे प्रतिवर्ष लगभग 2,500-3,000 करोड़ की आय कम हो गई है। सुक्खू ने कहा कि पिछले पांच साल पूर्व भाजपा सरकार ने जिस प्रकार से सरकारी खजाने को लुटाया, वह शर्मनाक है। प्रदेश की विषम वित्तीय स्थिति के लिए पिछली भाजपा सरकार जिम्मेदार है। (अनंत ज्ञान)

## एक्साइज पॉलिसी पर विपक्ष का हंगामा, वॉकआउट



विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन सदन से वॉकआउट करते विपक्ष के नेता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- रणधीर ने ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने का लगाया गंभीर आरोप
- कहा- शराब घोटाले की आ रही बू, की जाए न्यायिक जांच

**सदन** में एक्साइज पॉलिसी को लेकर जमकर हंगामा हुआ और विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। विपक्ष की ओर से रणधीर शर्मा और सुरेंद्र शौरी ने एक्साइज पॉलिसी को लेकर सवाल उठाए। संतुष्ट जवाब न मिलने पर विपक्ष ने हंगामा कर दिया और शराब घोटाले के आरोप लगाए। विपक्ष ने न्यायिक जांच की मांग उठाई। रणधीर ने कहा कि एक्साइज पॉलिसी के नाम पर बड़ा घोटाला हुआ है। 2023-24 के लिए नई नीति के तहत ठेकों की नीलामी की गई और रिजर्व प्राइस से ज्यादा पर ठेकों की नीलामी हुई है। 2024-2025 के लिए रिजर्व प्राइस से कम बोली चली गई। पांच जिलों में कम और तीन जिलों में रिजर्व प्राइस के बराबर हुई। पिछले साल के मुकाबले 100 करोड़ का घाटा हुआ है।

### मुख्यमंत्री बोले- एक साल में जुटाए 485.18 करोड़

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने चार साल में शराब से 485.15 करोड़ राजस्व जुटाया, जबकि नई नीति से एक साल में 450 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि शराब का रिजर्व प्राइस बीते वर्ष को देखकर रखती है। यह बीते वर्ष के आंकड़ों 7 से 8 प्रतिशत कम या ज्यादा हो सकता है। ऊना में 7, नूरपुर में 7, शिमला में 9 बार नीलामी हुई, लेकिन कोई खरीदार नहीं मिला, इसलिए दामों को कम करना पड़ा। बीते वर्ष भी सरकार को नई नीति से लाभ हुआ था और इस साल भी लाभ होने का अनुमान है।

ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने का काम किया गया। भाजपा विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि पहले एमआरपी में शराब बेची जाती थी, लेकिन इस बार एमएसपी के तहत शराब बेचने की छूट दी गई। ठकों में मनमर्जी से शराब बेची जा रही है।

# कुपवाड़ा के माछिल में तीन आतंकी ढेर

### राजौरी में भी मुठभेड़, तीन दहशतगर्दों के छिपे होने की आशंका




**एजेंसी, जम्मू**

**जम्मू-कश्मीर** के कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना के जवानों ने तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया। माछिल सेक्टर में चल रहे ऑपरेशन में दो आतंकियों को ढेर किया, जबकि तंगधार सेक्टर में एक आतंकी को मार गिराया। बुधवार देर रात को 57 राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों ने माछिल सेक्टर में तीन से चार आतंकवादियों के एक समूह को देखा, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच भारी गोलीबारी हुई।

दोनों जगह अभी भी सर्च अभियान जारी है। वहीं, राजौरी जिले के लाठी गांव में भी आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ जारी है। सूत्रों के मुताबिक, राजौरी में 2 से 3 आतंकवादी छिपे हुए हैं और सुरक्षा बलों ने उन्हें घेर लिया है। इलाके में तलाशी अभियान चलाया गया है।

### छत्तीसगढ़ में तीन महिला नक्सली ढेर

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर और कांकेर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन महिला नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर सुरक्षाबल के जवानों को गश्त पर रवाना किया गया था। जब जवान क्षेत्र में पहुंचे तो नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। वीरवार को दोनों ओर से रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। सुरक्षाबलों ने अभी तक घटनास्थल से तीन महिला नक्सलियों के शव, हथियार और अन्य सामान बरामद किया है। सुरक्षाबलों ने क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

## किसान आंदोलन पर विवादित बयान के बाद दूसरी बार नड्डा से मिलीं कंगना

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**किसान** आंदोलन पर विवादास्पद टिप्पणी के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से हिदायत मिलने के कुछ दिन बाद हिमाचल प्रदेश से मंडी की भाजपा सांसद कंगना रनौत ने वीरवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की। यह दूसरा मौका है, जब रनौत ने भाजपा अध्यक्ष से मुलाकात की। उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के आंदोलन पर कथित अपमानजनक टिप्पणी के साथ विवाद खड़ा कर दिया था। कंगना ने एक साक्षात्कार में कथित तौर पर कहा था कि पंजाब में किसान आंदोलन के नाम पर उपद्रवी हिंसा फैला रहे थे और वहां बलात्कार और हत्याएं हो रही थीं। उन्होंने कहा था कि अगर देश का नेतृत्व मजबूत नहीं होता तो भारत में भी बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा हो सकती थी। उन्होंने दावा किया कि किसानों के प्रदर्शन के दौरान लाशें लटकी थी और दुष्कर्म की घटनाएं हो रही थीं। उन्होंने इस षड्यंत्र में चीन और अमेरिका के शामिल होने का आरोप लगाया। टिप्पणी पर विवाद होने के बाद भाजपा ने रनौत के बयान से असहमति जताते हुए किनारा कर लिया था।

### बारिश का कहर : 54 जल आपूर्ति स्कीमें ठप, 4 सितंबर तक जारी रहेगा बारिश का दौर

# प्रदेश में 135 सड़कें व 132 ट्रांसफार्मर बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में वीरवार को कई जिलों में भारी बारिश हुई है, जिससे कई जगहों पर भू-स्खलन होने से यातायात बाधित हो गया है। सुबह से दिनभर रुक-रुककर बारिश का दौर जारी रहा। प्रदेश में 130 से ज्यादा अधिक सड़कें बंद हो गई हैं। एक पुल भी बाधित है।

राज्य में 132 बिजली ट्रांसफार्मर प्रभावित हैं। इसके अलावा 54 जल आपूर्ति स्कीमें भी ठप पड़ी हैं। सबसे ज्यादा सेवाएं शिमला, मंडी, कुल्लू व सिरमौर जिले में प्रभावित हैं।




बारिश के चलते भू-स्खलन से निगुलसरी में रामपुर-किन्नौर एनएच-पांच ठप है। शिमला में भारी बारिश से कई जगह भू-स्खलन हुआ है। कई भवनों को भी नुकसान हुआ है। वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने शुक्रवार को भी कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। प्रदेशभर में 4 सितंबर तक बारिश का दौर जारी रहेगा। 2 सितंबर को कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट है। अगले 24 घंटों के दौरान चंबा, कांगड़ा, शिमला, सिरमौर और सोलन जिले के कुछ क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बाढ़ का खतरा होने की संभावना है।

### कोलकाता रेप-मर्डर केस : कई जगह प्रदर्शन

## सीबीआई ने पूर्व प्राचार्य घोष से फिर की पूछताछ

**एजेंसी, कोलकाता**

- दो सिक्योरिटी गार्ड्स का भी पॉलीग्राफ टेस्ट

**कोलकाता** में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस में सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष से वीरवार को भी पूछताछ की।

वहीं, कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस के विरोध में वीरवार को भी शहर में कई जगहों पर रैलियां निकाली गईं और प्रदर्शन किए गए। भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी और कई सामाजिक संगठनों ने सड़कों पर उतरकर विरोध जताया। वहीं, नबन्ना मार्च में शामिल एक और छात्र नेता प्रबीर दास को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं, अस्पताल के दो सिक्योरिटी गार्ड्स का भी पॉलीग्राफ टेस्ट किया गया।

### ममता ने डॉक्टरों को धमकी देने के आरोपों को नकारा

**मुख्यमंत्री** ममता बनर्जी ने कहा कि उन्होंने सरकारी अस्पतालों के कनिष्ठ चिकित्सकों को कोई धमकी नहीं दी है। ये चिकित्सक आरजी कर अस्पताल की एक महिला चिकित्सक से कथित तौर पर दुष्कर्म और फिर उसकी हत्या की घटना के विरोध में 21 दिन से हड़ताल पर हैं। बनर्जी ने कहा कि कुछ लोगों ने उन पर चिकित्सकों को धमकाने का आरोप लगाया है, जो पूरी तरह से गलत है।

## गौतम अडानी बने सबसे अमीर भारतीय, अंबानी को छोड़ा पीछे

**एजेंसी, मुंबई**

**रिलायंस** इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ते हुए अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी भारत और एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। हुरुन इंडिया रिच 2024 लिस्ट में 1,539 भारतीयों का नाम शामिल किया गया। इन सभी व्यक्तियों की संपत्ति 1,000 करोड़ से अधिक है। इस लिस्ट में टॉप पर गौतम अडानी का नाम है।

वहीं, दूसरे स्थान पर मुकेश अंबानी हैं। इस लिस्ट को 31 जुलाई 2024 के डाटा के अनुसार बनाया गया है और 18 लोगों की कुल संपत्ति एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है। पिछले वर्ष यह आंकड़ा 12 था और 10 साल पहले हुरुन इंडिया की सूची में सिर्फ दो लोगों की कुल संपत्ति एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा थी।





### हुरुन इंडिया रिच लिस्ट में किसकी कितनी संपत्ति

| नाम | संपत्ति |
|---|---|
| गौतम अडानी | 11,61,800 करोड़ |
| मुकेश अंबानी | 10,14,700 करोड़ |
| शिव नाडर | 3,14,000 करोड़ |
| साइरस पूनावाला | 2,89,900 करोड़ |
| दिलीप संघवी | 2,49,900 करोड़ |







## न्यूज ब्रीफ

### खेल दिवस पर ब्योलिया में प्रतियोगिताएं आयोजित




**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्योलिया में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रातः कालीन सभा के दौरान मेजर मेजर ध्यानचंद की जीवनी पर बच्चों ने प्रकाश डाला तथा उसके पश्चात मार्च पास से इस दिवस का आरंभ किया गया। वहीं वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, बॉक्सिंग तथा एथलेटिक्स आदि खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या निशा भलूनी ने बच्चों को अनुशासन, समय की उपयोगिता तथा विद्यार्थी जीवन में खेलों के महत्व के विषय में विस्तार से बताया।

### सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों ने जाना खेल का महत्व



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** सरस्वती विद्या मंदिर सुन्नी में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाए जाने वाले इस कार्यक्रम में विद्या मंदिर के नन्हे बच्चों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य शिक्षिका पूनम चौहान ने बच्चों को प्रोत्साहित किया।

### सुन्नी कॉलेज में मनाई मेजर ध्यानचंद की जयंती



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** अटल बिहारी बाजपेई राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राम लाल शर्मा ने बतौर मुख्याथिति शिरकत की। कॉलेज छात्रों और अध्यापक वर्ग में बैडमिंटन की एकल और युगल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता के एकल मुकाबले के विजेता डॉ. धर्मेंद्र मेहता तथा उपविजेता डॉ. मनीषा कुमार रहे। प्रतियोगिता के पुरुष युगल विजेता का खिताब डॉ. धर्मेन्द्र व डॉ. मनीष कुमार ने अपने नाम किया जबकि छात्र यतिन शर्मा ब पंकज शर्मा द्वितीय विजेता रहे।

### छात्राओं को पठानिया ने समझाई संसदीय प्रणाली



**अनंत ज्ञान, शिमला।** लोरेटो कन्वेंट स्कूल ताराहॉल की छात्राओं ने विधानसभा सचिवालय में हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां से मुलाकात की। छात्राओं के साथ संवाद करते हुए पठानिया ने कहा कि हमारे देश की संसदीय प्रणाली संघीय ढांचे पर आधारित है। केंद्र में राज्य सभा ऊपरी व लोक सभा निचला सदन है। सिर्फ बड़े राज्यों में ही विधान मंडल का प्रावधान है और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा ही एक मात्र सदन है। इस अवसर पर इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ लीगल स्टडीज के छात्र-छात्राएं भी मौजूद थे।

### टीबी रोगियों को बांटी पौष्टिक आहार किट्स



**गोपाल कपिल, झंडूता।** झंडूता उपमंडल से संचालित श्री सत्य साई सेवा समिति ने झंडूता के विभिन्न अस्पतालों सामुदायिक अस्पताल झंडूता, सिविल अस्पताल बरठीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहतलाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जेजवीं में टीबी रोग से ग्रसित लोगों को पौष्टिक आहार की किटें बांटी गईं। सत्य साई सीमित के प्रधान पीएल जनेऊ ने बताया कि सत्य साई सेवा समिति द्वारा बिलासपुर और घुमारवीं के भी विभिन्न अस्पतालों के टीबी मरीजों को आहार किटें दी जाती है। उन्हें जीवन में खुश रहने के लिए प्रेरित किया जाता हैं। उन्हें बताया जाता है कि टीबी एक जीवाणु संक्रमण है, जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है और शरीर के किसी भी हिस्से को भी प्रभावित कर सकता है। बैक्टीरिया आमतौर पर फेफड़ों पर हमला करते हैं, लेकिन टीबी के बैक्टीरिया शरीर के किसी भी हिस्से जैसे गुर्दा, रीढ़ और मस्तिष्क पर हमला कर सकते हैं। उन्हें इस रोग से बचने के सैर करने की सलाह दी जाती है और खुश रहने के लिए प्रेरित किया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### मलेरिया से बचाव के लिए की जा रही फॉगिंग

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर डॉ. प्रवीण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बरसात के मौसम में मच्छरों के पैदा होने के कारण बहुत से रोग पैदा हो जाते हैं, जिनमें डेंगू और मलेरिया प्रमुख हैं। वर्तमान समय में यद्यपि मलेरिया का प्रकोप कम हुआ है, लेकिन इसका पैरासाइट अभी भी वातावरण में हैं। इसलिए हमें मलेरिया के बारे में भी जागरूक रहने की आवश्यकता है। देश में हर साल 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन किया जाता है तथा हर वर्ष विश्व मच्छर दिवस का आयोजन जिला में सभी जगह किया जाता है। पूरी गर्मियों तथा बरसात के मौसम में हमारे स्वास्थ्य शिक्षक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता व आशा कार्यकर्ता जिले में लोगों को मच्छरों से होने वाले रोगों खासकर डेंगू, मलेरिया आदि के बारे में लोगों को अपने-अपने क्षेत्रों में दौरे के दौरान घर-घर में जागरूक करते हैं तथा मच्छरों के नियत्रण हेतु फागिंग भी की जाती है। बताया कि मच्छरों से होने बाले रोगों के बचाव हेतु उच्च जोखिम वाले जगहों पर फॉगिंग की जा रही है तथा अन्य उपाए भी किए जा रहे हैं।

### मल्टी टास्क वर्कर्स ने की मानदेय बढ़ाने की मांग

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के लोकनिर्माण विभाग के झंडूता जाने वाले रास्ते में उगी जंगली घास को काट रहे हैं। मौसम विभाग ने दो दिनों तक भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश के 9 जिलों में भारी बारिश का पूर्वानुमान है। लेकिन झण्डूता के लोकनिर्माण विभाग में लगे मल्टीटास्क वर्कर यलो अलर्ट के बीच जान जोखिम में डालकर कार्य कर रहे हैं। इन्हें केवल 150 रू दिहाड़ी दी जाती है जो बिल्कुल गलत है। ना ही इन्हें काम करने के लिए ढंग के उपकरण दिए गए हैं। जंगली घास काटते समय किसी भी तरह का कोई भी सांप या जहरीला कीट इन्हें काट लें तो यह 150 रुपए में क्या करेंगे। मल्टी टास्क वर्कर्स का कहना है कि इस मानदेय से हमारा खुद का खर्च भी चलना मुश्किल है, हम घर का गुजारा कैसे चलाएंगे। साथ ही छुट्टी का कोई भी पैसा नहीं मिलता है। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आठ घंटे की ड्यूटी करने के बाद हमें मात्र 150 रुपए मिलते हैं। मल्टीटास्क वर्करों का कहना है कि हम सरकार से मांग करते हैं कि हमें कम से कम डेली वेजिस के अनुसार मानदेय दे, ताकि हम अपने परिवार का पालन पोषण कर सकें।

### आईटीआई भराड़ी में 31 अगस्त तक लें दाखिला

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भराड़ी में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया संपन्न होने क पश्चात रिक्त पड़ी सीटों को भरने के लिए संस्थान स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया 31 अगस्त तक जारी रहेगी। प्रधानाचार्य ने बताया कि संस्थान में रिक्त सीटों पर ओपन काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा तथा दस्तावेजों के सत्यापन के साथ फीस जमा करवाने पर सीट आवंटित की जाएगी। उन्होंने बताया कि संस्थान में ड्राफ्ट्समैन सिविल, स्विंग टेक्नोलॉजी और ड्राइवर कम मैकेनिक (एलएमवी) व्यावसाय चल रहे हैं, जिनमें ड्राफ्ट्समैन सिविल व्यवसाय में 17 सीटें, स्विंग टेक्नोलॉजी व्यवसाय में 16 सीटें व् ड्राइवर कम मैकेनिक एलएमवी व्यवसाय में 16 सीटें रिक्त चल रही हैं। ये सभी सीटें रियायती दर पर उपलब्ध हैं। रिक्त सीटों हेतु अभ्यार्थी दसवीं में प्राप्त अंकों के अनुसार 30 अगस्त को 55 प्रतिशत तक अंक वाले अभ्यार्थी एवं 31 अगस्त को इससे कम प्रतिशता वाले अभ्यर्थी इन व्यवसायों में प्रवेश हेतु आईटीआई भराड़ी में ऑन द स्पॉट प्रवेश ले सकते हैं।

# चक्कर के पास भूस्खलन वाहनों की आवाजाही रही बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में वीरवार सुबह रूक-रूककर बारिश का दौर जारी रहा। ऐसे में चक्कर के पास भूस्खलन हो गया, जिससे वाहनों की आवाजाही कुछ समय बंद हो गई। इसके अलावा शोघी में हिमुडा कॉलोनी के पास एनएच-पांच का 110 फुट हिस्सा धंस गया है।

सड़क पर चार इंच मोटी दरारें पड़ गई हैं। इससे सड़क के कभी भी ढहने का खतरा पैदा हो गया है। सड़क के किनारे पत्थर लगाए गए हैं और एकतरफा आवाजाही हो रही है। सड़क धंसने से पेयजल पाइपलाइन भी टूट गई है। इससे भी सड़क के नीचे पानी रिस रहा है। पेयजल लाइन टूटने ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल और सरकारी अस्पताल शोघी समेत 10 घरों को पानी की आपूर्ति ठप हो गई है। वहीं बुधवार देर शाम को भी रियायशी एरिया मच्छी वाली कोठी के पास सड़क ए बड़ा हिस्सा धंस गया है। सड़क के धंसने से यातायात अवरुद्ध हो गया है। औरएक दो मंजिला इमारत भी जमीदोज हो गयी है। मच्छी वाली कोठि के समीप सड़क का 20 से 30 मीटर हिस्सा धंस गया है।



मच्छी वाली कोठी के पास बड़ा हिस्सा धंसा हुआ।

स्थानीय निवासी करण से मिली जानकारी के मुताबिक सड़क के धंसने के साथ एक दो मंजिला इमारत भी जमीदोज हो गयी है। इसके अलावा बिजली का खंबा भी लैंड स्लाइड के चपेट में आ गया है और सड़क पर लटक गया है।

स्थानीय निवासी से मिली जानकारी के मुताबिक सड़क धंसने से जमीदोज हुआ मकान खतरे को ददेखते हुए पहले ही खाली करा दिए थे लेकिन अब बड़ा लैंड स्लाइड होने से अब आस पास के 10 मकान खतरे की जद में आ गए है। जानकारी के मुताबिक धंसने वाली सड़क के ऊपर की तरफ़ भारतीय सेना की आउट हाउस है। वहीं सड़क के नीचे घर कोलकाता के रहने वाले संजय राय का बताया जा रहा है। इसके अलावा मच्छी वाली कोठी में भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा का निजी निवास सहित कुल 10 मकानों को खतरा पैदा हो गया है।

### स्कूल बसों के किराए में की वृद्धि का कड़ा विरोध किया

**अनंत ज्ञान, शिमला।** छात्र अभिभावक मंच हिमाचल प्रदेश ने हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा स्कूल बसों के किराए में की गई भारी वृद्धि का कड़ा विरोध किया है व इसे तुरंत वापिस लेने की मांग की है। मंच ने चेताया है कि अगर बस किराया वृद्धि अगर वापिस न ली गई तो मंच विधानसभा सत्र के दौरान प्रदर्शन करने से भी नहीं चूकेगा।

मंच के संयोजक विजेंद्र मेहरा, सह संयोजक विवेक कश्यप, संजीव खजूरिया, सुरेंद्र वर्मा, अशोक वर्मा, प्रदीप व जगदीश ठाकुर ने कहा है कि एचआरटीसी प्रबंधन मनमाने तौर तरीके अख्तियार कर रहा है तथा अभिभावकों पर भारी आर्थिक बोझ लाद रहा है। एचआरटीसी प्रबंधन से पूछा है कि जब पेट्रोल डीजल की कीमतों एवं साधारण बस किराए में कोई भी वृद्धि नहीं हुई है तो फिर स्कूलों के लिए चलाई जा रही सरकारी बसों के किराए में बीच सत्र में चालीस प्रतिशत वृद्धि का क्या औचित्य है। बच्चों के अभिभावक हर वर्ष फीस, किताबों एवं वर्दी की कीमतों में होने वाली पच्चीस प्रतिशत तक की वृद्धि से पहले ही परेशान रहते हैं।

## डीए और एरियर की मांग के समर्थन में उतरा सचिवालय पेंशन वेलफेयर संघ

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सचिवालय पेंशन वेलफेयर संघ के अध्यक्ष मदन लाल शर्मा हिमाचल प्रदेश सचिवालय एवं अन्य संबंध पैंशनर कल्याण संघ के प्रधान मदन लाल शर्मा, उपप्रधान नीलम चौहान, महासचिव भूपराम वर्मा ने एक संयूक्त ब्यान में कहा है कि हिमाचल प्रदेश सचिवालय कर्मचारी महासंघ द्वारा देय डीए और एरियर के लिए सरकार से जो मांग उठाई जा रही है और जो सचिवालय कर्मचारियों ने 21 व 23 अगस्त 2024 को सचिवालय के प्रांगण में गेट मिटिंग की है उसका भरपूर सर्मथन करते है और सचिवालय कर्मचारियों द्वारा आगामी जो रणनीति इन मांगों को मनाने के लिए बनाई जाएगी उसका पूरा सहयोग किया जाएगा।

सरकार ने पिछले कल सचिवालय कर्मचारियों महासंघ के नेताओं को 15 दिन का नोटिस भेजा है जिसका पैन्शनर कल्याण संघ कड़ी निंदा करता है और सरकार से अनुरोध है कि इस कार्यवाही को वापस ले और कर्मचारी नेताओं को वार्ता के लिए आमंत्रित करें। ट्रेड यूनियन एक्ट के प्रावधानों के अनुसार लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगो को रखने का हक सरकारी कर्मचारियों को बिलकुल है और आज तक गेट मिडिया करने पर कभी भी ऐसा नोटिस जारी नहीं हुआ था जो बिलकुल तर्कसंगत एवं न्यायोचित नही है।

सरकार ने कर्मचारी और पैन्शनरों को आपस में बाटने का काम जारी रखा हुआ है। 1 जनवरी 2016 से 31 दिसंबर 2021 के बीच सेवानिवृत हुए कमचारियों के वितिय लाभ संशोधित वेतनमान का भूगतान अभी तक नही हुआ है, जबकि जनवरी 2022 के बाद सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को सभी लाभ दिए जा रहे है जो एक अन्याय और पक्षपात है।

प्रदेश का पूरा कर्मचारी वर्ग और पैंशनर्ज इस समय सरकार की कार्यप्रणाली से सन्तुष्ट नही है क्योंकि सरकार फिजुलखर्ची कर रही है।

## एसडीएम ने सेब एकत्रीकरण केंद्र का किया निरीक्षण

**दशमी रावत, रोहड़ू**

एसडीएम रोहड़ू विजय वर्धन सारस्वत ने टिक्कर क्षेत्र के दौरे के दौरान विभिन्न ग्रेडिंग और पैकिंग हाउस व सेब एकत्रीकरण केंद्र (पुजारली, सजार व मंडारली) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के उल्लंघन के मामले सामने आए है। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से वजन मापन तंत्र में अनियमितताएं पाई गई। कुछ स्थानों पर वजन मापने की मशीनें सही ढंग से काम नहीं कर रही थी, जिससे माप में गलतियां हो रही है। कई जगह वजन मापने की मशीनों का सत्यापीकरण के उचित दस्तावेज भी अनुपलब्ध पाए गए।

वहीं कई जगह बोरियों में सेब का वजन भी कम पाया गया। कुछ सेब एकत्रीकरण केंद्र में बोरियों में सेब का वजन निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं था। निरीक्षण के दौरान जरूरी रिकॉर्ड और दस्तावेज भी कई जगह आधे-अधूरे पाए गए, जो संचालन प्रक्रिया में खामियां दर्शाते है।

सेब संग्रहण केंद्रों में जहाड़ (सेब रखने का स्थान) पर बोरियों को तिरपाल से ठीक से ढका होना नहीं पाया गया, जिससे बारिश में काफी बोरियां भीगी हुई पाई गई, जिससे गलत मापन और संग्रहित सेब की गुणवत्ता पर भी सवालिया निशान लगते हैं।



एसडीएम सेब एकत्रीकरण केंद्र का औचक निरीक्षण करते हुए।

पैकेजिंग की सरकारी निर्धारित दर रोहड़ू क्षेत्र में 185 रुपए प्रति पेटी अधिकतम निर्धारित की गई है, लेकिन कुछ पैकेजिंग हाऊस द्वारा 200 रुपए प्रति पेटी तक भी लेना पाया गया, जो कानूनी रूप से सरासर गलत है और इन यूनिट संचालकों को तुरंत सरकारी निर्धारित दरों के अनुरूप ही बागवानों से पैसा लेने की चेतावनी जारी की गई है, अन्यथा इनके लाइसेंस भी रद्द किए जाएंगे।

एसडीएम रोहड़ू ने संबंधित उच्च अधिकारियों को तुरंत अवगत करवाया और संबंधित इकाइयों को तुरंत सुधारात्मक कारवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्हें सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे इन खामियों व अनियमितताओं को जल्द से जल्द दूर करें और सरकार द्वारा निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करें।

## आज बहाल हो सकती है बालूगंज क्रॉसिंग सड़क

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राजधानी शिमला के मुख्य उपनगर बालूगंज, समरहिल व टुटू को शिमला- मंडी मार्ग से जोड़ने वाली बालूगंज क्रॉसिंग सड़क शुक्रवार को बहाल हो सकती है। बालूगंज क्रॉसिंग व भूस्खलन और मलबा आने के बाद बालूगंज बाजार, समरहिल व टुटू के लिए जाने वाले मार्ग पिछले 10 दिन इससे सबसे अधिक परेशानी बालूगंज के स्थानीय लोगों को उठानी पड़ रही है और लोगों को पैदल ही बालूगंज तक जाना पड़ रहा है। बालूगंज क्रॉसिंग पर लोक निमार्ण विभाग द्वारा रैम्प बनाकर वैकल्पिक मार्ग तैयार किया जा रहा है, वहीं दिन-रात रैम्प बनाने का काम चला हुआ है।

विभाग ने रैम्प का स्ट्रक्चर बनाकर तैयार कर दिया है। रैंम्प को पक्का बनाया जा रहा है, ताकि इस मार्ग पर वाहन आसानी से आवाजाही कर सकेंगे। लोक निर्माण विभाग शिमला मंडल के अधिशासी अभियंता प्रवीण वर्मा ने बताया कि बालूगंज के लिए रैम्प बनाकर वैकल्पिक मार्ग बनाने का कार्य जोरों पर है और दिन-रात काम चला हुआ है।

### मीडिया जगत ने खोया अनमोल रत्नः पठानिया

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने हिन्दुस्तान टाइम्स के ब्यूरो चीफ गौरव बिष्ट के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। अपने शोक संदेश में पठानिया ने कहा कि गौरव बिष्ट का जाना मीडिया जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है जिसकी भरपाई करना नामुमकिन है। पठानिया ने कहा कि गौरव बिष्ट निर्भिक तथा बेबाक पत्रकार थे।

### 2 किलो 890 ग्राम अफीम बरामद

**दशमी रावत, रोहड़ू।** पुलिस थाना चिडगांव के अंतर्गत पुलिस ने पैट्रोलिंग के दौरान नेपाली मूल के व्यक्ति अमर बहादुर बुद्धा से 2 किलो 890 ग्राम अफीम की खेप बरामद की है। पुलिस के अनुसार अफीम की कीमत बाजार में 6 लाख रुपए के करीब है।

सब इंस्पैक्टर अमित शर्मा की अगुवाई में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई अमल में लाई है। पुलिस टीम मामले से संबंधित अन्य जानकारी जुटा रही है। अफीम के नशे के कारोबार से संबंधित कहीं कोई बड़ा गिरोह तो संलिप्त नहीं है, जिसके विषय में जांच पड़ताल की जा रही है।

एसडीपीओ रोहड़ू रविंद्र नेगी ने बताया है कि रोहड़ू पुलिस नशे के कारोबार को जड़ से समाप्त करने और समाज को नशे की बुराई से बचाने में दिन रात जुटी हुई है।

# फूड सेफ्टी विभाग ने दो साल बाद भरे चिकन-मटन के सैंपल

## घुमारवीं की मीट मार्केट में की छापेमारी, नॉन वेज के 9 सैंपल लिए, जांच के लिए गुड़गांव की स्पेशल लैब में भेजे जाएंगे

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

बिलासपुर जिला में लगभग दो सालों के बाद फूड सेफ्टी विभाग ने नॉन वेज यानी चिकन और मटन के सैंपल भरे हैं। विभाग ने यह कार्रवाई घुमारवीं बाजार की मीट मार्केट में की है। टीम ने मीट मार्किट से तीन बकरा, दो मुर्गे, एक सूअर, मछली सहित बना हुआ बकरा, चिकन और अंड्डा भुर्जी के सैंपल भरे हैं। इन सैंपल को विभाग गुड़गांव में स्पेशल लैब में भेजने जा रहा है।

विभाग का कहना है कि निदेशालय की ओर से जारी आदेशों के बाद जिला में नॉन वेज के सैंपल भरे हैं। खबर की पुष्टि फूड सेफ्टी ऑफिसर बिलासपुर खगेंद्र सिंह ने की। जानकारी के अनुसार विभाग का कहना है कि बरसात और गर्मी के मौसम में मास खराब होने की पूरी संभावनाएं रहती हैं। ऐसे में सभी दुकानों में जाकर सैंपल लिए हैं और साथ ही साफ सफाई रखने के लिए भी दिशा-निर्देश दिए हैं। विभाग द्वारा किए गए विजिट के दौरान पाया गया है कि घुमारवीं की मीट मार्केट में काफी गंदगी का माहौल है। साथ ही दुकानदारों को यह भी आदेश जारी किए गए हैं कि वह नॉन वेज को बाहर ओपन में न रखें, उसको पूरी तरह से ढक कर रखें। विभाग ने सख्ती से कहा है कि अगर कोई भी मीट मार्केट में दुकानदार ओपन मीट रखकर बेच रहा होगा, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि घुमारवीं क्षेत्र की कुछ नॉन वेज दुकानों में भी छापमारी की है, जिसमें बकरे का मीट, चिकन और अंड्डा भुर्जी जिनको बनाकर बेचा जा रहा है, उनके भी सैंपल लिए गए हैं।

गौरतलब है कि बरसात के मौसम में काफी बीमारियां फैलने का भय होता है। कच्चे मास से बीमारियां अधिक फैलती हैं, जिसके चलते विभाग ने सैंपल एकत्रित किए हैं।

### एक दुकानदार का किया चालान

**जानकारी** के अनुसार घुमारवीं क्षेत्र में एक दुकानदार बिना फूड सेफ्टी लाइसेंस से नॉन वेज बेच रहा था। इसके चलते उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की है। विभाग ने उक्त दुकानदार का चालान किया है और उस चालान को अब कोर्ट में पेश किया जाएगा। विभाग का कहना है कि बिना लाइसेंस से खाद्य पदार्थ बेचने वालों को बिलकुल बख्शा नहीं जाएगा।



लंबे समय बाद जिला में चिकन-मटन के सैंपल भरे गए हैं। घुमारवीं क्षेत्र की मीट मार्केट और बाजार से सैंपल लिए हैं। इन सैंपलों को गुड़गांव लैब में भेजा जा रहा है। एक दुकानदार का चालान भी किया है। नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

**-महेश कश्यप, सहायक आयुक्त फूड सेफ्टी विभाग, बिलासपुर।**

अधिकारियों का कहना है कि अब बिलासपुर शहर, झंडूता, स्वारघाट व अन्य जिला के सभी क्षेत्रों की नॉन वेज दुकानों का निरीक्षण किया जाएगा। नियमों की अवहेलना करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### चांदपुर-नम्होल बिलासपुर रूट पर चलाएं एक्सट्रा बसें

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर की ग्राम पंचायत धुनी पंजेल और सिकरोहा के लोगों ने चांदपुर-नम्होल-बिलासपुर रूट पर सुबह के समय एक अतिरिक्त बस चलाने की मांग की हैं। इस रूट पर सुबह के समय एक ही बस चलती है। इसमें अधिक सवारियों को सफर करना पड़ता है। इससे मरीजों और बुजुर्गों को अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों में ओंकार शर्मा, कर्मचंद, हरि लाल, रिखीराम, रजनीश शर्मा, बृजलाल, कमलदेव ने बताया कि चांदपुर से सुबह 7:30 बजे बिलासपुर के लिए वाया नम्होल बस चलती है। इसमें बड़ी संख्या में स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी, नौकरी, पेशा बुजुर्ग और मरीज आदि जाते हैं। यह बस सिकरोहा के पास ही भर जाती है। इस कारण मरीज और बुजुर्गों को खड़े होकर ही सफर करना पड़ रहा है। इस सड़क पर सिल्हा गांव के आगे तीखे मोड़ और तंग सड़क है। कई बार ज्यादा सवारियां होने के कारण चढ़ाई में दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। क्षेत्र के लोगों ने सरकार व वभाग से मांग की है कि इस रूट पर अतिरिक्त बसें चलाई जाएं।

### सिहोटू में वॉलीबाल टूर्नामेंट एक सितंबर को

**अनंत ज्ञान, डरोह।** धीरा उपमंडल के साथ लगती सिहोटू पंचायत में लोकल वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट एक सितंबर को सिहोटू के वार्ड नंबर एक के मैदान में होगा। इस टूर्नामेंट में एंट्री फीस 600 रुपए प्रति टीम रखी गई है। यह जानकारी टूर्नामेंट करवा रहे सिहोटू के युवा कुलजीत, मुकेश, विकास व प्रवीन कुमार ने दी है। उन्होंने बताया है कि इस टूर्नामेंट में विजेता टीम को 5100 रुपए और उपविजेता टीम को 3100 रुपए व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा।

### श्री नयनादेवी में जल शक्ति विभाग में जेई के सात पद खाली

**बिलासपुर।** श्री नयना देवी जी के विधायक रणधीर शर्मा ने विधानसभा में पूछा कि श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता के कितने पद खाली हैं और कितने पद स्वीकृत हैं। उत्तर में उपमुख्यमंत्री ने बताया कि 12 पद स्वीकृत हैं। इनमें पांच पद भरे हैं और सात खाली हैं। दूसरे सवाल में रणधीर ने पूछा कि स्वास्थ्य संस्थानों में विभिन्न श्रेणियों में कितने पद स्वीकृत और रिक्त हैं। जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि 260 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 145 पद भरे हैं, 115 पद खाली हैं। सीएचसी मार्कंडेय में कुल पद 60, जिनमें 40 भरे हैं, 20 खाली हैं। वहीं सीएचसी घवांडल में 57 पद हैं। इनमें से 34 भरे हैं और 23 खाली हैं।

**सम्मान** | जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान जुखाला में नवनियुक्त टीजीटी का प्रशिक्षण जारी

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर साइंस टीचर्स किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

शिक्षा विभाग के सौजन्य से नवनियुक्त स्नातक अध्यापकों के लिए आयोजित किए जा रहे 15 दिवसीय कार्यशाला के 9वें दिन का प्रशिक्षण जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान जुखाला जिला बिलासपुर में पूर्ण हुआ। कार्यशाला के जिला समन्वयक दिग्विजय मल्होत्रा ने बताया कि इस कार्यशाला में गतिविधि आधारित शिक्षण पर बल दिया जा रहा है।

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके नवनियुक्त अध्यापकों को मंच पर बुलाकर सम्मान दिया गया। 9वें दिन की कार्यशाला में विज्ञान स्नातक अध्यापकों के साथ पदार्थ, परमाणु तथा अणु, रसायनिक अभिक्रियाओं एवं विद्यालय प्रबंधन समिति आदि पर चर्चा की गई। इन विषयों पर अवनीश कुमार, संजीव कुमार व अशोक कुमार तथा डाइट समन्वयक सोमदत कालिया ने विस्तृत तौर पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों के साथ चर्चा परिचर्चा के माध्यम से यह कार्य पूर्ण किया। गणित स्नातक अध्यापकों के साथ आज क्षेत्रमिति व डाटा संधारण विषयों पर चर्चा की गई। इस चर्चा में स्रोत व्यक्ति कपिल मोहन व रजनीश कुमार ने भाग लिया। उन्होंने प्रतिभागियों के साथ में क्षेत्रमिति पर पूर्ण जानकारी सांझा की ताकि गणित शिक्षण में अध्यापकों को किसी प्रकार की कोई समस्या सामने न आए। अध्यापकों के साथ जिला परियोजना अधिकारी राकेश मनकोटिया ने अपने विचार साझा किए तथा व्यवस्थाओं एवं भोजन से संबंधित विषयों की जानकारी प्राप्त की, सभी प्रतिभागियों ने एकमत से सभी व्यवस्थाओं को सराहा तथा सभी व्यवस्थाओं के लिए उनका धन्यवाद किया। इस कार्यशाला में रविंदर ठाकुर, चंद्रकांत, सचिन व उपासना मौजूद रहे।




## दिव्यांगों को सहायक उपकरण देने के लिए लगेंगे असेस्मेंट कैंप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर में दिव्यांगों के लिए व्योश्री योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के लिए और एडिप योजना के अंतर्गत एडिप योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को निशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए जिला बिलासपुर के चारों विधानसभा क्षेत्र में 23 से 29 सितंबर तक 7 स्थानों पर असेसमेंट शिविर का आयोजन किया जाएगा।

यह जानकारी उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने दी। उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बिलासपुर के 'स्पर्श' कार्यक्रम के अंतर्गत असेसमेंट शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला बिलासपुर के अंतर्गत सदर विधानसभा क्षेत्र में बिलासपुर स्थित किसान भवन में व्योश्री योजना के अंतर्गत 23 सितंबर 2024 को असेसमेंट कैंप लगाया जाएगा, जबकि प्राथमिक पाठशाला जुखला में एडिप योजना के अंतर्गत 24 सितंबर को कैंप का आयोजन किया जाएगा।

घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत भराड़ी में 25 सितंबर को एडिप योजना के अंतर्गत कैंप का आयोजन किया जाएगा, जबकि ग्राम पंचायत डकारी ग्राम में व्योश्री योजना के अंतर्गत कैंप का आयोजन 26 सितंबर को होगा। झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कलोल में 27 को लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस बरठीं में व्योश्री योजना के अंतर्गत कैंप का आयोजन किया जाएगा। श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत फॉरेस्ट रेस्ट हाउस स्वारघाट में 29 सितंबर को एडिप और व्योश्री योजना के अंतर्गत असेस्मेंट कैंप का आयोजन होगा।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल के नाम पर खुले स्कूल नहीं होंगे बंद, बजट की नहीं रहेगी कमी : मुख्यमंत्री

- सदन में विपक्ष ने शिक्षा को बेचने का लगाया आरोप, सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच हंगामा
- पूर्व भाजपा सरकार की गलतियों के कारण गुणात्मक शिक्षा में 18वें स्थान पर पहुंच गए

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

विधानसभा सदन में विपक्ष की तरफ से शिक्षा को बेचने का आरोप लगाया गया, जिसको लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच हंगामा हुआ। हालांकि, मुख्यमंत्री ने यह साफ तौर पर कहा कि सरकार अटल विद्यालयों को न ही बंद कर रही हैं और न ही इन्हें बेचने का कोई विचार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे काल्पनिक सवालों का जवाब देना जरूरी नहीं है। पूर्व भाजपा सरकार की गलतियों के कारण गुणात्मक शिक्षा में 18वें स्थान पर पहुंच गए है। सदन में नाचन के भाजपा विधायक विनोद कुमार और सुलह के विधायक विपिन परमार ने यह सवाल उठाया कि 28 अटल आदर्श विद्यालयों की वर्तमान स्थिति और इन विद्यालयों के लिए बजट का प्रावधान हो। इसको लेकर मुख्यमंत्री ने जबाव दिया कि इन स्कूलों के लिए बजट का प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक नए कोर्सों के साथ छात्रों को टेक्नोलॉजी शिक्षा प्रदान करेगी, ताकि भविष्य की चुनौती के लिए वे तैयार हो सके।

इस दौरान विपिन परमार ने कहा कि जब प्रदेश में अटल आदर्श विद्यालय खोले जा रहे हैं, तो ऐसे में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोलने की योजना क्यों बनाई जा रही है। सरकार अटल आदर्श विद्यालय की योजना को ओवरलैप कर रही है और स्कूल बनाने के बाद जमीनों को पट्टे पर देने की योजना बनाई जा रही है। इस पर मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि इन दोनों योजनाओं में फर्क है। अटल आदर्श विद्यालय बोर्डिंग स्कूल हैं, जबकि राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल है। जगत नेगी ने कहा कि 28 में से 11 अटल आदर्श विद्यालय की जमीन विभाग के नाम हो चुकी है और सरकार जल्द ही इन स्कूलों के लिए बजट का प्रावधान करेगी। (अनंत ज्ञान)


विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान वीरवार को विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

## शिमला से कुछ विभागों को शिफ्ट करने पर होगा विचार

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि शिमला में कार्यालयों का भार कम करने के लिए कुछ विभागों को शिफ्ट करने पर सरकार विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर कई कार्यालय खाली पड़े हैं। प्रश्नकाल में कांग्रेस सदस्य संजय रतन के प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी शिमला में सरकारी आवास बनाने के लिए अभी जमीन उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि करुणामूलक के आधार पर भी आवासों का आवंटन किया जाता है। उन्होंने कहा कि 47 मकान खराब स्थिति के कारण खाली पड़े हैं। इस पर संजय रतन ने पूछा कि अपने मकान होने के बाद भी सरकारी आवासों में रहने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर सरकार क्या कार्रवाई कर रही है। आवास पद के नाम से आरक्षित होना चाहिए। संजय रतन ने यह भी कहा कि पुलिस महानिदेशक के पास भी मकान नहीं है।

## वरिष्ठ पत्रकारों के देहांत पर सीएम ने सदन में शोक व्यक्त किया

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने वरिष्ठ पत्रकार गौरव बिष्ट, आनंद बोध और विपिन काला के देहांत पर शोक व्यक्त किया। सुक्खू ने कहा कि इन तीनों पत्रकारों ने निर्भीकता से पत्रकारिता की। उन्होंने कहा कि इन तीनों का पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान रहा है। मुख्यमंत्री ने तीनों पत्रकारों के देहांत पर सदन में शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।









विधानसभा के मानसून सत्र में जाते पक्ष-विपक्ष के विधायक।





विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेते जाते विधायक कैप्टन रंजीत सिंह व हरदीप बावा।

## मिंजर मेले में कलाकारों को दिए 1.61 करोड़ : डिप्टी सीएम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2024 के आयोजन के लिए कुल 3 करोड़ 10 लाख 22 हजार 683 रुपए की धनराशि खर्च की गई। मेले में 722 स्थानीय कलाकारों और 11 बाहरी राज्यों के कलाकारों ने भाग लिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए कलाकारों को 1 करोड़ 61 लाख 3 हजार रुपए की राशि दी गई। इसमें हिमाचल के 722 कलाकारों को 83 लाख 39 हजार रुपए की राशि दी गई। वहीं, हिमाचल से बाहर के कलाकारों को 77 लाख 64 हजार रुपए कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के लिए दिए गए। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में चुराह के विधायक डॉ. हंसराज के सवाल के जवाब में डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने मुहैया करवाई है।



जानकारी के अनुसार हिमाचल के बाहर के कलाकारों की बात करें तो बॉलीवुड सिंगर जावेद अली को सबसे अधिक 22 लाख 50 हजार रुपए की राशि दी गई है। वहीं, मुंबई की सिंगर निखिता गांधी को 19 लाख 80 हजार रुपए, पंजाबी गायक मास्टर सलीम को 10 लाख रुपए, दिल्ली के डांस ग्रुप को 3 लाख रुपए, उत्तराखंड के डांसर को एक लाख रुपए दिए गए। उत्तर प्रदेश के गायक को 3 लाख, पंजाबी सिंगर अफसाना खान को 10 लाख 80 हजार रुपए, पंजाबी सिंगर शिव जोत को 5 लाख 34 हजार, बॉलीवुड सिंगर दिव्या श्रीवास्तव को । लाख 50 हजार रुपए और एक पंजाची सिंगर को 60 हजार रुपए दिए गए। चौगान नंबर 1, 2 और 3 को 2 करोड़ 90 लाख 82 हजार 650 रुपए में व्यापारियों को आबंटित किया गया।

चौगान नंबर-एक 1 करोड़ 96 लाख 13 हजार 313 रुपए, चौगान नंबर दो 53 लाख 13 हजार 313 और चौगान नंबर तीन 41 लाख 56 हजार 24 रुपए में आबंटित किया गया।

## मुख्यमंत्री ने ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जिला सोलन के नालागढ़ में निर्माणाधीन एक मेगावाट क्षमता के ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्माण प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि परियोजना के लिए निविदा शीघ्र आवंटित की जाए और वर्ष 2025 के अंत तक प्लांट के निर्माण कार्य को पूरा करने की समय सीमा निर्धारित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल प्रदेश को 31 मार्च 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। यह ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने में मील पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विभिन्न उद्योगों में ग्रीन हाइड्रोजन की मांग निरन्तर बढ़ रही है। परिवहन, विनिर्माण और ऊर्जा भंडारण जैसे क्षेत्रों में ग्रीन हाइड्रोजन जीवाश्म ईंधन का एक स्वच्छ विकल्प प्रदान करता है।



शून्य कार्बन उत्सर्जन के साथ हरित हाइड्रोजन के उत्पादन से यह परियोजना उद्योगों और ऊर्जा क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा जिससे पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित होगा। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन से नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर ऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर जैसे हानिकारक प्रदूषकों के उत्सर्जन में कमी होगी। इससे वायु की गुणवत्ता में सुधार होगा और पारिस्थितिकी तंत्र की भी रक्षा होगी।



विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को गार्ड ऑफ ऑनर देते हिमाचल प्रदेश पुलिस के जवान।

**आरोप** आबकारी विभाग से हुई आय के मामले में सरासर झूठ बोल रहे हैं सीएम सुक्खू

## जयराम बोले-सुक्खू सरकार कर रही शराब घोटाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर शराब घोटाले का आरोप लगाया। कहा सरकार जान बूझकर शराब के ठेकों की यूनिट का साइज बढ़ाकर बड़े ठेकेदारों से सांठ-गांठ करके शराब का घोटाला कर रही है। बड़ी यूनिट करने से ठेके लेने के लिए ज्यादा धनराशि की आवश्यकता होती है, जिससे छोटे व्यापारी टेंडर प्रक्रिया से दूर हो गए और सरकार में बैठे लोगों ने बड़े लोगों से सांठ-गांठ कर ली। इसके कारण रिजर्व प्राइज से नीचे जाकर भी कई जगह पर टेंडर हुए।

यह सरकार की मिलीभगत की वजह से संभव हुआ। नहीं तो यह टेंडर कैंसिल किए जाने थे। फिर से टेंडर करवाना था। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन जगहों पर सभी ने टेंडर में रेट्स रिजर्व प्राइस से कम डाले और सभी टेंडर के कीमतों में मात्र 10 से 15 हजार रुपए का ही अंतर है। इतनी बड़ी-बड़ी कीमतों के बाद भी लोगों के सभी के टेंडर की रेट्स का सटीक अंदाजा हो सकता है। इसके बाद सरकार द्वारा इस टेंडर को निरस्त न करना अपने आप में सवाल खड़े करता है।

उन्होंने कहा कि ऊना, नूरपुर और कांगड़ा में शराब के ऑक्शन को दबाव के चलते रोक दिया गया। वहां पर शराब के धंधे में कौन लगा हुआ है? उसे किस नेता का संरक्षण प्राप्त है? यह सब पूरा प्रदेश जानता है। मीडिया के प्रतिनिधियों से बातचीत के दौरान उन्होंने यह कहा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार ने शराब नीति के नाम पर प्रदेश के राजस्व का चूना लगाया है और अपने लोगों की जेबें भारी हैं। इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

विधानसभा से लेकर सड़क तक मुख्यमंत्री सिर्फ झूठ पर झूठ बोल रहे हैं। हर जगह कहते है कि शराब नीति की वजह से 40 प्रतिशत का राजस्व लाभ हुआ है, लेकिन सही यही है कि ठेके अपने लोगों को सेटिंग के जरिए औने-पौने दामों में बेचे गए हैं, जिसकी जांच हुई तो यह बहुत बड़ा घोटाला निकलेगा। पिछली बार की नीलामी के पैसे लोगों ने अभी तक जमा नहीं किए। ठेकेदार चाभियां लौटा रहे हैं। हाई कोर्ट से जाकर राहत मांग रहे हैं।

कांग्रेस ने पिछले कार्यकाल के दौरान भी बड़ी यूनिट बनाकर ठेकों की नीलामी की थी। जिसकी वजह 200 करोड़ की लाइसेंस फीस बकाया रह गई थी। अगर मुख्यमंत्री कोविड काल में शराब के राजस्व की तुलना कर रहे हैं तो उन्हें ईश्वर सद्बुद्धि दे। शराब के ठेके लंबे समय तक बंद रहे हैं, उस समय के लाभ की तुलना अगर मुख्यमंत्री इस समय के साथ कर रहे हैं तो उनकी इस बात पर मुझे कुछ नहीं कहना है, मैं बस इतना कहना चाहूंगा कि ईश्वर उन्हें सद्बुद्धि दें। प्रदेश के लोग जानते हैं कि वह कैसा दौर था।



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सुक्खू सरकार पर शराब नीति घोटाले का आरोप लगाते हुए।




## न्यूज ब्रीफ

### अधिक से अधिक पौधरोपण करने का किया आह्वान



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** कबीर पंथी समाज सुधार सभा पालमपुर की बैठक शैल बदेहर (पट्टी) में विजय सिंह के निवास पर हुई, जिसमें सभा के प्रदेशाध्यक्ष मस्त राम, जिला कांगड़ा के अध्यक्ष प्रताप चंद, पालमपुर के अध्यक्ष विजय सिंह उपस्थित रहे। प्रदेशाध्यक्ष द्वारा अपने संबोधन में युवाओं के बढ़ते नशे पर चिंता व्यक्त की गई। जिला अध्यक्ष द्वारा पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी से अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया। तहसील पालमपुर अध्यक्ष विजय सिंह द्वारा सभा को मजबूत करने एवं बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने का जिकर किया गया। सभा में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा समाज के उत्थान हेतु बहुत से मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बीच प्रदेशाध्यक्ष मस्त राम व जिला कांगड़ा अध्यक्ष प्रताप चंद को सभा द्वारा सम्मानित भी किया गया। बैठक में विकास कुमार, कैप्टन हरनाम सिंह, कैप्टन धर्मवीर डोगरा, मिलाप चंद कौशल, डॉ. धनीराम पालमपुरी, रामराज, अशोक कुमार भट्टी, बिशन दास, लेखराज ज्ञानचंद, राकेश कुमार, राजकुमार, सरोज देवी, सुनीता देवी, एवं इंदु वाला विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### जंबल के स्वयंसेवियों ने दिया पौधरोपण का संदेश



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जंबल के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं द्वारा एक रैली के माध्यम से लोगों को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया। रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए प्रधानाचार्य परमजीत सिंह ने बताया कि पौधों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। इस मौके पर बच्चों ने विद्यालय प्रांगण में फल एवं औषधीय पौधे रोपे। यह जानकारी एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुरेश नरयाल ने दी।

### सुग-भटोली में नशे के खिलाफ निकाली रैली




**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** इंदौरा के राजकीय महाविद्यालय सुग-भटोली में एचआईवी/एड्स रोगियों के प्रति कलंक एवं भेदभाव विषय पर जागरूकता अभियान के अंतर्गत रेड रिबन क्लब की नोडल अधिकारी प्रोफेसर भावना कुमारी की अध्यक्षता में रैली का आयोजन किया गया। तथा सुग गांव में लोगों को पर्चा वितरित किया गया तथा बच्चों द्वारा एड्स की रोकथाम के लिए नारे भी लगाए गए तथा लोगों में एड्स के प्रति फैली भ्रांतियों को भी मिटाने का प्रयास किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने लोगों को इस विषय पर जागरूक किया तथा समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नमेश सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# कृषि मंत्री के क्षेत्र की मतलाहड़-गुगलाड़ा सड़क खस्ताहाल

## जगह-जगह पड़े गड्ढों के कारण खड्ड का रूप ले चुकी है छह किमी लंबी सड़क

**अनिल छांगू, जवाली**



जवाली विधानसभा क्षेत्र यानी कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार के गृह क्षेत्र की निकटवर्ती सड़क मतलाहड़ से गुगलाड़ा की हालत बहुत ही खस्ता देखने को मिल रही है। करीब छह किलोमीटर सड़क जगह-जगह से टूट चुकी है। मतलब खड्ड का रूप धारण कर चुकी है। कहीं-कहीं तो मिनी तालाब बन गए हैं। ऐसे लगता है कि पशुपालन मंत्री ने बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए हों।

इस सड़क पर वाहन चलाना तो दूर की बात, पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं है। इस सड़क पर राहगीर और दोपहिया वाहन तो बिलकुल भी नहीं चल पाते, क्योंकि जब कोई बड़ा वाहन यहां से गुजरता है तब पैदल चलने वाले दोपहिया वाहन सवार कीचड़ से लथपथ हो जाते हैं और उनकी पहचान करना मुश्किल हो जाता है।

बड़े वाहन भी हिचकोले खाते हुए गुजरते हैं। बस में बैठी तंदुरुस्त सवारियों को भी काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। मरीज और बुजुर्ग व्यक्ति इस सड़क पर चलने वाली बसों में बैठना ही नहीं चाहते। इतना ही नहीं इस तालाब रूपी सड़क पर खड़े गंदे पानी ने आसपास बसने वाले लोगों की नाक में दम कर रखा है। जब बड़े वाहन यहां से गुजरते है तो गंदे छींटे उनके घरों की दीवारों को गंदा कर देते हैं। (अनंत ज्ञान)

**लोगों ने पीडब्ल्यूडी और कृषि मंत्री से सड़क की सुध लेने की उठाई मांग**

### बीमारियों को न्योता दे रहा सड़क पर जमा पानी

**बरसात** के दिनों में इस तरह पानी का खड़ा होना काफी भयानक बीमारियों को भी न्योता देता है। इसके प्रति स्वास्थ्य विभाग भी मौन है। अब सवाल यह उठता है कि इस इलाके में कोई भयानक बीमारी जन्म लेती है तो जिम्मेदार कौन होगा। लोक निर्माण विभाग या फिर स्वास्थ्य विभाग। स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग के मंत्री विक्रमादित्य और स्थानीय मंत्री चंद्र कुमार से गुहार लगाई है कि मतलाहड़ से गुगलाडा की सड़क की तुरंत सुध ली जाए, ताकि लोग सड़क पर चलने वाले वाहन सवार राहत महसूस करें और आसपास के घरों वाले लोग भी गंदगी व भयानक बीमारी से बच सके।



### पंचायत स्तर पर बनें नशा निवारण समितियां: मनजीत

**पंचरुखी।** हिमाचल प्रदेश में नशे की रफ्तार तेजी से बढ़ रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले छह वर्षों में एनडीपीएस के तहत दर्ज मामलों में दोगुनी बढ़ोतरी हुई है। हिमाचल पुलिस के मुताबिक प्रदेश में कुल जनसंख्या का 0.24 प्रतिशत हिस्सा अबैध नशे की चपेट में है। एक सर्वे के अनुसार प्रदेश में लगभग दो लाख युवा ड्रग एडिक्ट है तथा हिमाचल प्रदेश सबसे ज्यादा नशे करने वाले राज्यों की सूची में देश भर में दूसरे स्थान पर है। इस पर चिंता व्यक्त करते हुए किसान नेता एवं समाजसेवी मनजीत डोगरा ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि अवैध नशे के कारोबार को रोकने के लिए पंचायत स्तर पर नशा निवारण समितियों का गठन किया जाए। अगर पंचायत स्तर पर नशा निवारण समितियों का गठन हो जाए तो नशा निवारण संस्थाओं के साथ मिलकर नशे के आदी हो चुके युवाओं को नशे की लत से बाहर निकाला जा सकता है।



### ढलियारा कॉलेज में कला संकाय ने जीता कबड्डी का फाइनल



**सालबिया शर्मा, गरली**

राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में विभिन्न खेलों जैसे कबड्डी, वॉलीबाल, बास्केटबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस और वेट लिफ्टिंग खेलों का आयोजन किया गया। हल्की बारिश होने के बावजूद भी छात्रों में खेल के प्रति खासा उत्साह देखने को मिला।

छात्रों को संबोधित करते हुए शारीरिक शिक्षा विभाग प्रमुख प्रो. सुशील भारद्वाज ने बताया की हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले महान खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जाता है, ताकि उस महान खिलाड़ी को याद किया जा सके तथा युवाओं को इससे प्रेरणा मिल सके। खेल दिवस को रोचक बनाने के लिय छात्रों ने संकाय अनुसार टीमों का गठन किया तथा संकाय अनुसार ही मैच करवाए गए। कबड्डी का फाइनल मुकाबला कला संकाय ने जीता, वॉलीबाल का बीसीए, बास्केटबॉल का फाइनल मुकाबला कला संकाय ने जीता तथा टेबल टेनिस में हर्ष डोगरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, शतरंज में लड़कियों में अंजली कोंडल तथा लड़कों में शिवानंद ने बाजी मारी। महाविद्यालय के प्रो. जगदीप, प्रो सुरेंद्र कुमार, प्रो. विनीत, प्रो राजेश, डॉ. गुलशन धीमान, विशाल कालिया, अनुज शर्मा, बलवीत सिंह तथा रमेश भट्टी ने रेफरी की भूमिका निभाई। (अनंत ज्ञान)

### शाहपुर कॉलेज में एक दिवसीय इतिहास संगोष्ठी का आयोजन

## स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरक नायिका थीं सुभद्रा कुमारी चौहान: डॉ. राजकुमार

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**



राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में वीरवार को इतिहास विभाग के सौजन्य से एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में हिमाचल प्रदेश से विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला के इतिहास विभाग अध्यक्ष डॉ. राजकुमार ने शिरकत की। इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह (संगोष्ठी अध्यक्ष) इतिहास विभाग से प्रोफेसर हरीश संगोष्ठी संयोजक, प्रो निशेष कुमार, प्रोफेसर सुरेंद्र अत्री, डॉक्टर सतीश ठाकुर, डॉ. केशव सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

डॉ. राजकुमार ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की आजादी के संघर्ष में राष्ट्रीय चेतना की सजग महान कवियत्री सुभद्रा कुमारी चौहान का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सुभद्रा कुमारी चौहान का जन्म 16 अगस्त, 1904 को इलाहाबाद के गांव निहालपुर में हुआ था। विद्यार्थी जीवन से ही सुभद्रा कुमारी चौहान को साहित्य और कविता लेखन में बेहद रुचि थी। उनके जीवन पर सबसे ज्यादा प्रभाव जलियांवाला बाग नरसंहार की घटना से हुआ जैसे आहत होकर 1920 में गांधी द्वारा प्रारंभ किए गए और सहयोग आंदोलन में सत्र रूप में भाग लेने वाली प्रथम महिला स्वतंत्रता सेनानी बनीं। उन्होंने कविता लेखन का प्रयोग अस्त्र की तरह आंदोलन में किया। ब्रिटिश विरोधी साहित्य लिखा कई बार जेल गई और यातनाएं सहन की। 18 मार्च 1923 को झंडा सत्याग्रह का नेतृत्व कर जबलपुर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय किया।

उन्होंने सुभद्रा कुमारी चौहान द्वारा रचित कविता 'जलियांवाला बाग में बसंत' का मार्मिक वर्णन किया तो संगोष्ठी में उपस्थित श्रोता भावुक हो गए। राजकुमार ने बताया कि सुभद्रा कुमारी चौहान राष्ट्रीय आंदोलन की प्रेरक नायिका थीं।




### घुटने तक लंबे हो जाएंगे आपके बाल

## एलोवेरा में मिलाकर लगाएं यह एक चीज



**हर** महिला की चाहत होती है कि उसके बाल लंबे और घने हों। इसके लिए महिलाएं तरह- तरह के हेयर केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। कई महिलाएं पार्लर जाकर महंगे ट्रीटमेंट्स भी करवाती हैं। लेकिन इसमें हानिकारक केमिकल्स मौजूद होते हैं, जो बालों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में, अगर आप लंबे और घने बाल पाना चाहते हैं, तो कुछ नैचुरल उपायों का सहारा ले सकते हैं। इससे बालों को नुकसान नहीं पहुंचेगा। साथ ही, बालों की ग्रोथ भी अच्छी होगी। इन्हीं घरेलू उपायों में एलोवेरा भी शामिल है। जी हां, बालों की ग्रोथ बढ़ाने के लिए एलोवेरा बहुत फायदेमंद होता है। इसमें अगर आप प्याज का रस मिलाकर लगाएंगे, तो इससे कुछ ही समय में आपके बाल लंबे और घने हो सकते हैं। दरअसल, एलोवेरा में विटामिन-ई और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं, जो बालों के लिए बहुत लाभकारी होते हैं। इसके अलावा, इसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी मौजूद होते हैं, जो स्कैल्प पर मौजूद गंदगी और डैंड्रफ को हटाने में मदद करते हैं। यह स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करता है, जिससे बालों के विकास को बढ़ावा मिलता है। वहीं, प्याज के रस में प्रोटीन, सल्फर, फ्लेवेनॉइड और एंटीऑक्सीडेंट्स गुण पाए जाते हैं, जो बालों को मजबूत और चमकदार बनाने में मदद करते हैं। साथ ही, इससे बालों में ब्लड फ्लो बेहतर होता है, जिससे बालों की ग्रोथ अच्छी हो सकती है।

**इन उपायों से दूर होगी दो मुंहे बालों की समस्या :** बालों को हेयर ड्रायर तथा ब्रश से भी दूर रखिए। चौड़ी दंतेदार कंघी का प्रयोग कीजिए। सप्ताह में दो बार गरम नारियल तेल से बालों की मालिश कीजिए गर्म पानी में तौलिए को भिगोकर पानी को नीचोड़कर गर्म तौलिए को पगड़ी की तरह अपने सिर से लपेट लीजिए तथा इसे 5 मिनट तक सिर पर बांधे रखें तथा इस प्रक्रिया को 3-4 बार दोहराएं। हमेशा हल्के हर्बल शैंपू का प्रयोग कीजिए। प्रतिदिन एक कटोरी अंकुरित अनाज लीजिए तथा अपने डॉक्टर की सलाह से विटामिन तथा मिनरल पोषाहार लीजिए।



### चेहरे के फोड़े-फुंसियों से ऐसे पाएं छुटकारा

## केमिकल छोड़कर घरेलू नुस्खों का करें इस्तेमाल





**शहनाज हुसैन**

*अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ हैं और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय हैं।*

**चेहरे** पर फोड़े-फुंसी होने पर त्वचा के अनुरूप एक नियमित रूप से क्लीनजिंग की जानी चाहिए। इन्हें आप नाखून आदि से हटाने की कोशिश न करें क्योंकि इससे त्वचा में संक्रमण हो सकता है। नियमित रूप से फेशियल स्क्रब से सफेद फुंसी को हटाने में मदद मिलेगी। यदि आपकी त्वचा काफी शुष्क है तो सप्ताह में एक बार स्क्रब कीजिए तथा इसे सफेद फुंसी के क्षेत्र तक ही सीमित रखिए। अगर आपकी त्वचा तैलीय है तो आप स्क्रब का नियमित प्रयोग कर सकती है। याद रखिए कि स्क्रब को मुहासों, चकते फुंसी आदि स्थानों पर कदापि न लगाएं। सफेद फुंसी के मामलों में कुछ घरेलू उपाय काफी कारगर सिद्ध होते हैं। मेथी की पत्तियों का पेस्ट बना लीजिए तथा इसे चेहरे पर एक घंटा तक लगाकर चेहरे को स्वच्छ पानी से धो डालिए। इसके लिए आलू का जूस या आलू को घीस कर भी चेहरे पर लगाया जा सकता है, प्रतिदिन 6-8 गिलास शुद्ध ताजा पानी पीजिए। सुबह उठते ही पानी के गिलास में नीबू का रस डालकर खाली पेट पी लीजिए। इसके लिए जौं का पानी पीना भी काफी लाभदायक होता है।

### ऐसा करने से चेहरे पर नहीं आएंगी झुर्रियां

**अगर** आपके चेहरे पर समय से पहले झुर्रियां पड़ रही हैं तो त्वचा की नियमित देखभाल से चहरे की झुर्रियों को लंबे समय तक रोका जा सकता है। अगर चेहरे पर झुर्रियां आनी शुरू हो गई हैं तो त्वचा का पर्याप्त देखभाल तथा त्वचा पर प्रयाग किए जाने वाले उत्पादों पर पर्याप्त ध्यान देने की अत्याधिक आवश्यकता होती है। उदाहरण के तौर पर अत्यंत शुष्क त्वचा के केस में साबुन का प्रयाग बंद कर देना चाहिए त्वचा का अधिक शुष्पकपन तथा संवेदनशीलता रोकी जा सके तथा संवेदनशील त्वचा को पोषित करके पुरानी स्वास्थ्यवर्धक रूप में वापस लाया जा सके। अपने दैनिक दिनचर्या में त्वचा की नमी को बनाए रखने तथा भविष्य में नमी की कमी को रोकने पर पर्याप्त ध्यान दिया जाना चाहिए। त्वचा को सूर्य की गर्मी, बनावटी सौंदर्य प्रसाधनों से दूर रखा जाना चाहिए। दिन में त्वचा में उपयुक्त सनस्क्रीन तथा माईस्चराईजर का प्रयोग करना चाहिए। सांयकाल में त्वचा को माइस्चराईजिंग क्रीम से मालिश करने सोने से पहले इसे गीले काटन वूल से हटा दीजिए।



### होंठ शुष्क रहते हैं तो लगाएं 'लिप ग्लॉस'



**अगर** आपके होंठ हमेशा शुष्क रहते हैं तो लिपस्टिक की बजाय 'लिप ग्लॉस' का उपयोग करें। होठों को मुलायम तथा नम रखने के लिए चेहरे को स्वच्छ जल से धोते समय जब होंठ गीले हो, तब आप उन्हें मुलायम तौलिए से पोछिए। इससे मृतक कोशिकाओं को हटाने में मदद मिलेगी। मिल्क क्रीम में नीबू रस की कुछ बूंदे मिलाकर होठों पर एक घंटा तक लगाइए तथा इसके बाद इसे मुलायम तौलिए से पोछें। इससे मृतक कोशिकाओं को हटानें में मदद मिलेगी। मिल्क क्रीम में नीबू रस की कुछ बूंदे मिलाकर होठों पर एक घंटा तक लगाइए तथा इसके बाद इसे मुलायम तौलिए से हटा दीजिए। रात्रि को शुद्ध बादाम तेल होठों पर लगाकर पूरी रात लगा रहने दीजिए आप सनस्क्रीन सहित होठों के बाम का प्रयोग भी कर सकता है। अपने लिपस्टिक के ब्रांड को नियमित रूप से बदलते रहिए, क्योंकि कुछ लिपस्टिक के ब्रांड में प्रफ्यूम की वजह से होठों में कालापन आ जाता है।



## इन घरेलू नुस्खों से दूर होगा अंडरआर्म्स का कालापन

**आज कल चाहे ब्लाउज हो या फिर ड्रेस, महिलाएं हर आउटफिट स्लीवलेस ही पहनना पसंद करती हैं। स्लीवलेस आउटफिट में उनका अंदाज काफी अलग दिखता है। पर, बहुत सी महिलाएं स्लीवलेस आउटफिट पहनने में कतराती हैं। इसकी वजह है अंडरआर्मस कालापन। अंडरआर्म्स का कालापन एक आम समस्या है, जिसे कुछ नुस्खे अपनाकर दूर किया जा सकता है। अगर आप भी काले अंडरआर्मस की वजह से स्लीवलेस नहीं पहन पाती हैं तो यहां हम आपको इसके लिए कुछ घरेलू नुस्खे बताने जा रहे हैं। इन नुस्खों को अपनाकर आपको जरूर इस परेशानी से राहत मिलेगी। इन नुस्खों का इस्तेमाल करने से पहले एक बार पैच टेस्ट अवश्य करें, ताकि आपको किसी तरह की एलर्जी का सामना नहीं करना पड़े।**



**नींबू का रस**

**नींबू** में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जिनकी वजह से आप अंडरआर्म्स के कालेपन को कम कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए प्रभावित क्षेत्र पर नींबू का रस लगाएं और 10-15 मिनट तक छोड़ दें। इसके बाद गुनगुने पानी से धो लें। सप्ताह में 2-3 बार इस प्रक्रिया को दोहराएं। इसका असर आपको कुछ ही दिन में दिखेगा।

**बेकिंग सोडा और पानी**

**थोड़े** से बेकिंग सोडा में पानी लेकर अगर आप इसे अंडरआर्मस पर लगाएंगे तो इससे भी आपको फायदा जरूर मिलेगा। इसके लिए सिर्फ पेस्ट लेकर अंडरआर्मस पर हल्के हाथों से मसाज करें और 10 मिनट बाद धो लें। यह स्क्रब के रूप में काम करता है और मृत त्वचा को हटाने में मदद करता है, जिससे अंडरआर्म्स का कालापन दूर होता है।

**एलोवेरा जेल**

**हर** घर में एलोवेरा का पौधा लगा ही होता है। ऐसे में इसका इस्तेमाल भी आप अंडरआर्म्स के कालेपन को दूर करने के लिए कर सकते हैं। दरअसल, एलोवेरा में एंटीऑक्सिडेंट्स और एंटीसेप्टिक गुण होते हैं जो त्वचा को चमकदार बनाते हैं। ऐसे में हर रोज एलोवेरा जेल को 20 मिनट के लिए अंडरआर्म्स पर लगाएं और कुछ दिन में असर देखें।

### स्किन टाइप के हिसाब से कराएं फेशियल

## चमक उठेगा आपका चेहरा

## दिखेंगी ब्यूटीफुल

**भले ही आप कितने भी महंगे और अच्छे कपड़े पहन लें, लेकिन अगर आपकी त्वचा डल रहेगी तो कपड़े भी फीके ही दिखेंगे। ऐसे में समय-समय पर त्वचा का ध्यान रखना जरूरी होती है। लोग अक्सर कुछ-कुछ दिनों में फेशियल कराते हैं, ताकि उनका चेहरा दमकता रहे।**

**चेहरे को चमकाने के लिए फेशियल सबसे सही और आसान तरीका होता है, लेकिन कई बार ऐसा होता है कि जब हम पार्लर जाते हैं तो पार्लर का स्टाफ अपना पैसा बढ़ाने के लिए महंगे से महंगा फेशियल कराने की सलाह देने लगता है। ऐसे में आपको पहले से ही यह पता होना बेहद जरूरी है कि आपकी स्किन का टाइप क्या है और इस पर कैसा फेशियल सही रहेगा।**

**नॉर्मल स्किनः** इन लोगों के लिए क्लासिक फेशियल सही रहता है। ये त्वचा की क्लीनिंग, एक्सफोलिएशन और हाइड्रेशन पर ध्यान देता है। इसके साथ ही नॉर्ल त्वचा वाले लोग विटामिन-सी फेशियल से अपनी त्वचा को चमकदार बना सकते हैं।

**ऑयली स्किनः** अगर आपकी त्वचा काफी तैलीय है, तो आपको इसका अतिरिक्त तेल हटाने की जरूरत है। इसके लिए आप क्ले मास्क फेशियल का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह आपकी त्वचा से अतिरिक्त तेल निकालने में मदद करता है। इसके साथ ही आप चाहे तो सैलिसिलिक एसिड फेशियल भी करा सकते हैं। ये फेशियल पोर्स को साफ करने और ब्रेकआउट को रोकने में सहायक होता है, जिससे चेहरा चमक उठता है।





**ड्राई स्किनः** जिन लोगों की त्वचा काफी रूखी होती है, उन्हें हाइड्रेटिंग फेशियल की जरूरत रहती है। इसमें ह्यूमेक्टेंट्स और हाइड्रेटिंग सामग्री का उपयोग किया जाता है, जो त्वचा को नमी प्रदान करता है। इसके अलावा कोलेजन फेशियल भी ड्राई स्किन वालों के लिए फायदेमंद रहता है।

**सेंसिटिव स्किनः** जिन लोगों की त्वचा काफी संवेदनशील होती है, उन्हें फेशियल का चयन करते वक्त काफी ध्यान रखने की जरूरत है। इसके लिए आप कैल्मिंग फेशियल करा सकते हैं। इसके साथ-साथ ऐलोवेरा फेशियल भी संवेदनशील त्वचा के लिए अच्छा होता है।

## न्यूज ब्रीफ

### एंजल स्कूल भवारना में मनाया खेल दिवस



**राकेश डोगरा, डरोह।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में खेल- दिवस धूमधाम से मनाया गया। मेजर ध्यानचंद को उनके अद्वितीय खेल के कारण भारत में उनके जन्मदिन को खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर स्कूल में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन और टेबल टेनिस के मैचों का भी आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने इन खेलों का खूब आनंद उठाया। खेल अध्यापिका सोनू कटोच ने बच्चों को जीवन में खेलों के महत्त्व से अवगत करवाया। (अनंत ज्ञान)

### कोतवाली में 2 अक्तूबर से शुरू होगी रामलीला

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हर वर्ष की तरह इस साल भी श्री रामलीला कमेटी कोतवाली बाजार द्वारा 2 अक्तूबर बुधवार से कोतवाली बाजार फवारा चौक पर रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए रामलीला कमेटी कोतवाली बाजार के प्रधान सुनीश माटा ने बताया कि राम लीला कमेटी की बैठक कमेटी के सभी सदस्यों के साथ हुई और बैठक में इस साल राम लीला के आयोजन को लेकर सभी तैयारी पूरी करने का फैसला लिया और जल्द ही रामलीला में अभिनय करने वाले कलाकार भी अपनी रिहर्सल शुरू करने पर जोर दिया गया। उन्होंने बताया कि इस मर्तबा गमरू मैदान में कमेटी द्वारा छोटे बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता आयोजित होगी और साथ ही संस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें रामलीला कमेटी द्वारा स्थानीय कलाकारों को आमंत्रित किया जाएगा। रामलीला कमेटी के प्रधान सुनीश माटा ने बताया कि गमरू मैदान में होने वाले आयोजन को बड़े स्तर पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।



### सात आवारा कुत्तों को लगाए रेबीज इंजेक्शन



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** नगर पंचायत बैजनाथ-पपरोला एवं पशुपालन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा वीरवार को नगर पंचायत के पंडोल रोड एरिया में आवारा कुत्तों में रेबीज तथा अन्य बीमारियों के रोकथाम करने हेतु रेबीज वैक्सीन के इंजेक्शन लगाए गए। इस अभियान की शुरुआत पर नगर पंचायत सचिव आदित्य चौहान, सफाई पर्यवेक्षक पवन एवं सफाई कर्मचारी तथा पषुपालन विभाग से डॉ. अंकित करोल एवं फार्मासिस्ट के टीम ने सात आवारा कुत्तों को पकड़ कर इंजेक्शन लगाए।

### प्रथम वर्ष में 22 कैडेट्स का हुआ चयन



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में वीरवार को प्रथम वर्ष एनसीसी की पंजीकरण प्रक्रिया करवाई गई। इसके अंतर्गत कुल 43 कैडेट्स में से 22 कैडेट्स को सूबेदार मेजर केशव शर्मा और नायक मुकेश की अध्यक्षता में चयनित किया गया। पांच कैडेट्स को आरक्षण में रखा गया। सर्वप्रथम कैडेट्स की लिखित परीक्षा ली गई। उसके पश्चात शारीरिक परीक्षा के माध्यम से उनको मूल्यांकित किया गया। समस्त गतिविधियों का संचालन सी टी ओ प्रोफेसर सुनीता कटोच तथा द्वितीय और तृतीय वर्ष के कैडेट्स द्वारा किया गया। प्राचार्य महोदय डॉ. महेंद्र पाल सिंह ने चयनित कैडेट्स को सफल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### गलत बिल काटने पर मामला किया दर्ज

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पठानकोट के तारागढ़ थाने की पुलिस पार्टी परमानंद नाके पर मौजूद थे। एएसआई सर्बजीत सिंह ने सूचना दी कि वह समेत पुलिस पार्टी ने सूचना के आधार पर नाकाबंदी करके टोल प्लाजा लदपालवा पर टिप्परों को चेक कर रहे थे। रात को एक टिप्पर पर बजरी लोड थी, जिसे रोकर चेकिंग की गई। इसके पास बिल नहीं पाए थे। बाद में टिप्पर का मालिक टोल प्लाजा लदपालवा आया और बिल दिखाया। जिस पर टाइम ज्यादा लिखा था। पुलिस टीम ने माइनिंग टीम को मौके पर बुलाया। मौके पर जेई नवदीप सिंह मौके पर पहुंचे, जिन्होंने सभी दस्तावेज चेक किए। इनमें बिल गलत तरीके से काटे थे। तारागढ़ थाने की पुलिस ने जेई की शिकायत पर डमटाल के सीरत निवासी बलबीर कुमार, टिप्पर मालिक अनिल, स्टोन क्रशर मालिक ब्रजेश निवासी डमटाल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बलबीर कुमार उर्फ बंटी को गिरफ्तार कर लिया है।

# राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओं को तैयार करें शिक्षक : प्रो. बंसल

## सीयू धर्मशाला में संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित, 73 सहायक आचार्यों ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में संकाय विकास कार्यक्रम 2024 का आयोजन किया गया। धौलाधार परिसर-एक में आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल मौजूद रहे। वहीं, कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता प्रो. दिनेश अग्रवाल, कुलपति, गुरुग्राम विश्वविद्यालय, प्रो. जेपी यादव, कुलपति, मीरपुर विश्वविद्यालय, हरियाणा, प्रो. राज नेहरू, कुलपति, विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, हरियाणा, प्रो. शालिनी सिंह, निदेशक, महिला अध्ययन, एमडीयू रोहतक, हरियाणा, प्रो. सोनिया बंसल, जे.सी. बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, हरियाणा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समन्यवक प्रो. संदीप कुलश्रेष्ठा ने किया। संकाय विकास कार्यक्रम 2024 में विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों धर्मशाला, शाहपुर और देहरा के वर्ष 2019 और उसके बाद नियुक्त हुए सहायक आचार्यों ने भाग लिया।

सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ताओं को सम्मानित किया गया। अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं गणमान्यों का स्वागत किया।

इसके बाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने उक्त कार्यक्रम के आयोजन के महत्व को सभी के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय वर्ष 2019 और उसके बाद नियुक्त हुए सहायक आचार्यों के लिए इस कार्यक्रम को करवा रहा है। इसका उद्देश्य यही है कि शिक्षक अपना महत्व समझते हुए राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओं को तैयार करे। संकाय को अब कक्षाओं में केवल विषय की जानकारी ही साझा नहीं करनी है, अपितु युवाओं का मार्गदर्शन करना है। व्यक्ति से व्यक्तित्व विकास की भूमिका को निभाना है। शिक्षक समाज के निर्माण में अपना अहम योगदान देता आया है और भविष्य में देता रहेगा। केंद्रीय विश्वविद्यालय में मौजूदा समय में 75 फीसदी से अधिक संकाय सदस्य विभिन्न राज्यों से संबंधित हैं। वहीं इस कार्यक्रम में 73 सहायक आचार्य भाग ले रहे हैं, जिसमें से 15 महिला संकाय सदस्य हैं।

# मिस्त्रियों को दिया जाएगा सुरक्षित भवन निर्माण का प्रशिक्षण : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- विकास खंड अधिकारियों के माध्यम से 31 अगस्त तक मांगे नॉमिनेशन

सुरक्षित भवन निर्माण के लिए मिस्त्रियों तथा कारपेंटर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा, प्रत्येक पंचायत से कम से कम मिस्त्रियों को सुरक्षित भवन निर्माण के लिए प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है इस के लिए 31 अगस्त तक विकास खंड अधिकारियों के माध्यम से प्रशिक्षण के लिए नोमिनेशन भी मांगे गए हैं।

यह जानकारी देते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि दूसरे चरण में कांगड़ा जिला के सात विकास खंडों के मिस्त्रियों तथा कारपेटर्स के लिए प्रशिक्षण करवाया जाएगा इसमें प्रत्येक ब्लाक से आठ मिस्त्रियों तथा दो बार बाइंडर के नाम भेजने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि नगरोटा बगवां, कांगड़ा, प्रागपुर, रैत, इंदौरा, नुरपुर, फतेहपुर दो सितंबर से लेकर सात सितंबर तक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें सुरक्षित भवन निर्माण को लेकर विशेषज्ञ मिस्त्रियों को जानकारी उपलब्ध करवाएंगे। उन्होंने सभी विकास खंड अधिकारियों को प्रशिक्षण के लिए मिस्त्रियों की सूची 31 अगस्त तक भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर आवासीय होगा तथा इस में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मानदेय भी दिया जाएगा। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील जोन में स्थित है तथा इसी को ध्यान में रखते हुए भूकंपरोधी सुरक्षित भवन निर्माण अत्यंत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन तथा आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुरक्षित भवन निर्माण तथा अन्य निर्माण कार्यों को लेकर आम जनमानस को जागरूक करने के लिए अभियान आरंभ किया जाएगा ताकि सामाजिक सहभागिता के साथ ग्रामीण स्तर तक लोगों को सुरक्षित भवन निर्माण के लिए प्रेरित किया जा सके।

# अवैध खनन पर टिप्पर चालक से वसूला 30 हजार जुर्माना

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**



चक्की दरिया में सरेआम रात के अंधेरे में होता है अवैध खनन थाना डमटाल के अंतर्गत मोटे मुनाफे के चलते कई स्थानीय लोगों द्वारा जेसीबी तथा ट्रैक्टर तथा टिप्पर खरीदकर चक्की दरिया में अवैध खनन करके रात के अंधेरे में पुलिस प्रशासन तथा माइनिंग विभाग के नाक तले यहां से खनन करके यह खनन माफिया के लोग अवैध तौर पर खनन सामग्री क्रशर वालों को देकर मोटा मानस कमा रहे हैं, जिसके चलते सरकार को लाखों करोड़ों रुपए का चूना लग रहा है ।

परंतु गत रात माइनिंग विभाग के माइनिंग गार्ड सनी जसवाल द्वारा पूरी रात जब नाका लगाया हुआ था, तब सुबह करीब 3 बजे एक टिप्पर, जिसमें अवैध तौर पर अवैध खनन की सामग्री लेकर उसे क्रशर वालों को बेचा जा रहा था पर कार्रवाई करते हुए 30000 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। अब सवाल यह उठता है कि लगातार पुलिस प्रशासन तथा खनन विभाग तथा पुलिस द्वारा ये दावे किए जा रहे हैं कि अवैध खनन बिलकुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, परंतु फिर भी रात के अंधेरे में यह लोग मोटे के मुनाफे के चलते सरकार को तो चूना लाखों करोड़ों रुपए का चूना लगा ही रहे हैं, परंतु यह लोग पर्यावरण को भी काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

## कैहरियां व्यापार मंडल ने करवाया जागरण

**जवाली।** कैहरियां व्यापार मंडल द्वारा विश्राम गृह के पास जन्माष्टमी के पश्चात जागरण करवाया गया। इस उपलक्ष्य पर जम्मू की प्रसिद्ध गायिका पारुल कश्यप ने भगवान कृष्ण के भजन गाकर माहौल को भक्तिमय बनाकर लोगों का मन मोह लिया। पारुल कश्यप के भजनों पर लोगों ने खूब ठुमके लगाए। इस अवसर पर मुख्यातिथि के तौर पर जवाली क्षेत्र के प्रसिद्ध ज्योतिषी पंडित विपिन शर्मा को आमंत्रित किया गया। व्यापार मंडल समिति द्वारा पंडित विपिन शर्मा को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। पंडित विपिन शर्मा ने इस प्रथम जागरण के लिए प्रोत्साहन के रूप में 11000 रुपए की राशि व्यापार मंडल को भेंट की। इस अवसर पर समिति के प्रधान सतीश गोल्डी व समिति सदस्य सुरेश गुलेरिया, जसवाल, रितेश, अनिल आदि उपस्थित रहे।

# विजय मेमोरियल स्कूल के 6 स्टूडेंट्स ने प्री नेशनल शूटिंग के लिए किया क्वालीफाई

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**




आठवीं हिमाचल प्रदेश स्टेट इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप, जोकि सिरमौर जिले के नाहन में हुई, उसमें विजय मेमोरियल स्कूल इंदौरा के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन रहा। इससे पहले भी जिला स्तरीय शूटिंग और राइफल चैंपियनशिप में विजय मेमोरियल स्कूल के छात्रों ने स्वर्ण व सिल्वर मेडल जीतकर अपना परचम लहराया है। इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य से लगभग 13 स्कूलों ने भाग लिया। 10 मीटर एयर राइफल पीप साइड में दिव्या शर्मा, गुरु शरण कौर, रुद्र प्रताप ने ऑल इंडिया इंटर स्कूल और प्री नेशनल के लिए क्वालीफाई किया तो वहीं 10 मीटर एयर पिस्टल में अनमोल पिखन, सूर्यांश ठाकुर, गौरव पुरी ने भी प्री नेशनल के लिए क्वालीफाई किया। प्रधानाचार्या सोनिया शर्मा ने इस खुशी के अवसर पर अध्यापकों, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि विजय मेमोरियल स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी उचित समय दिया जाता है, जिससे विद्यार्थियों का शारीरिक और मानसिक विकास हो सके।

विजय मेमोरियल स्कूल में विभिन्न खेलों के लिए प्रोफेशनल कोच बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार खेलों के लिए तैयार करते हैं। इसका नतीजा आज राज्य स्तर में बच्चों का प्री नेशनल के लिए क्वालीफाई करना सराहनीय कार्य है। स्कूल के डायरेक्टर इंजीनियर सचिन शर्मा ने बताया कि विजय मेमोरियल स्कूल पिछले 38 सालों से शिक्षा के क्षेत्र में कई उपलब्धियों को प्राप्त कर चुका है । धीरे-धीरे स्कूल स्पोर्ट्स हब बनता जा रहा है, जिसमें विभिन्न खेलों के लिए प्रोफेशनल कोच बच्चों को तैयार करते हैं। विजय मेमोरियल स्कूल आगे भी बच्चों के लिए अंतरराष्ट्रीय सुविधा उपलब्ध करवाता रहेगा। (अनंत ज्ञान)

# विद्यार्थियों को दी एंटी रैगिंग एक्ट की जानकारी

## बड़ोह कॉलेज में एंटी रैगिंग कमेटी ने कार्यक्रम का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



राजकीय महाविद्यालय बड़ोह में वीरवार को एंटी रैगिंग कमेटी के द्वारा नए छात्रों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर नीरज शर्मा के द्वारा की गई। एंटी रैगिंग कमेटी के समन्वयक सहायक आचार्य अमित शर्मा तथा सहायक आचार्य रिंपी देवी ने एंटी रैगिंग से संबंधित विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

सहायक आचार्य अमित शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि एंटी रैगिंग क्या होता है? एंटी रैगिंग से आप क्या समझते हैं, एंटी रैगिंग एक्ट, एंटी रैगिंग सेल आदि के बारे में बताया। उन्होंने एंटी रैगिंग एक्ट के बारे में यह बताया कि इस एक्ट के द्वारा यह सुनिश्चित करना है कि संस्थान उसके छात्रावास परिषद में रैगिंग न हो इसके लिए कठोर रैगिंग विरोधी उपायों को लागू करना तथा दोषियों के लिए निवारक और कठोर दंड का प्रावधान करना है ,क्योंकि रैगिंग एक संज्ञेय अपराध है इसके लिए छात्रों को गिरफ्तार भी किया जा सकता है तथा सजा का भी प्रावधान है। प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा जी ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर कोई भी आचरण, चाहे मौखिक या लिखित शब्दों द्वारा किसी ऐसे कार्य द्वारा जो किसी अन्य छात्र को परेशान करने के हों तो एंटी रैगिंग कमेटी के समक्ष अपनी शिकायत रख सकते हैं।

## दो पोस्ट कोड का परिणाम घोषित

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग ने दो पोस्ट कोड का फाइनल परिणाम घोषित कर दिया है। राज्य चयन आयोग के प्रशासनिक अधिकारी जितेंद्र सांजटा ने बताया कि इंस्पेक्टर लीगल मेट्रोलॉजी पोस्ट कोड 6 के पदों पर उम्मीदवारों का चयन कर लिया गया है। इनमें अक्षय कुमार 6000054, सुमित कुमार 6000394 व योगेश कुमार 6000713 का इन पदों पर चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में लॉ ऑफिसर के एक पद पर भी उम्मीदवार का चयन कर लिया गया है। इस पद पर रीगन कालेटे 9000167 उम्मीदवार का चयन किया गया है।

# भाजपा 5 सितंबर से हर मंडल में चलाएगी सदस्यता अभियान



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

भाजपा आगामी 5 सितंबर से हर मंडल में सदस्यता अभियान चलाएगी। उक्त जानकारी भाजपा प्रदेश सचिव सुमित शर्मा ने बैजनाथ मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राणा की अध्यक्षता में भाजपा द्वारा आयोजित सदस्यता कार्यशाला बैठक को संबोधित करते हुए दी। इस बैठक में कांगड़ा चंबा संसदीय क्षेत्र के पूर्णकालिक विस्तारक राजपाल, जिला महामंत्री राजेश राणु और सदस्यता अभियान बैजनाथ के संयोजक तनु भारती भी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव सुमित शर्मा ने कार्यकर्ताओं को सदस्यता करने से जुड़े 5 तरीकों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि 2 सितंबर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे पहले भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे, उसके बाद 3 तारीख को प्रदेश में, 4 तारीख से हर जिले में और 5 तारीख को हर मंडल में सदस्यता अभियान की लांचिंग करके पूरे प्रदेश को सदस्यता अभियान से जोड़कर पार्टी हिमाचल में 16 लाख से ज्यादा लोगों को पार्टी सदस्य बनाएगी। संसदीय संगठन मंत्री राज्यपाल ने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि संगठनात्मक जिला पालमपुर में बैजनाथ मंडल लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा लीड दिलवाकर पहले स्थान पर रही है और आशा है कि भविष्य में भी बैजनाथ भाजपा ऐसा ही प्रदर्शन करेगी।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शीला देवी, मंडल महामंत्री सरवन भारद्वाज, अजय जमवाल, उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, संजय ठाकुर, निर्मला, संजीव राणा, संतोष शर्मा, सुरेंद्र राणा, राम तिलक, अंजू कटोच,बंदना कटोच, सीमा चौधरी, सुनील चौहान, गुरबचन चौहान, मेहताव, अनूप राणा इत्यादी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# जसूर से फरीदाबाद जा रही बस हार में हांफी

**अनंत ज्ञान, जवाली**



हिमाचल पथ परिवहन निगम की गुरुवार को देहरा डिपो की जसूर-जवाली-फरीदाबाद रूट पर चल रही बस देहरा की तरफ जाते हुए हार में खराब हो गई। बस के खराब होने के कारण सवारियों को काफी परेशानी हुई। सवारियां प्रदेश सरकार व हिमाचल पथ परिवहन निगम को कोसती हुई दिखीं। सवारियों ने कहा कि लंबे रूट पर भी खटारा बसों को भेजा जा रहा है तथा सवारियों के बोझ से बसें जहां-वहां हांफ रही हैं। खटारा बसों के सहारे हिमाचल पथ परिवहन निगम चल रहा है। बसों की सही ढंग से रिपेयर भी नहीं की जाती है और बसों की हालत भी काफी खराब है। सवारियों सहित चालक-परिचालक की जान को जोखिम में डाला जा रहा है। हालांकि बाद में सवारियां अन्य बस से अपने गंतव्यों की तरफ चली गईं। लोगों ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि नई बसों को लंबे रूट पर चलाया जाए।

## आयुष्मान आरोग्य शिविर तीन को

**डाडासीबा।** खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पंकज कौंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग डाडासीबा के नागरिक अस्पताल डाडासीबा में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन 3 सितंबर को सुबह 9.30 बजे होगा। इसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ, शल्य चिकित्सक, बाल रोग विशेषज्ञ मरीजों का चेकअप करेंगे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के लिए अब 9 सितंबर तक करें आवेदन

**अनतं ज्ञान, धर्मशाला।** बाल विकास परियोजना धर्मशाला के अधीन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के तीन तथा सहायिका के 17 पद भरे जाने हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी रमेश जागवान ने कहा कि पूर्व में इन पदों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 अगस्त रखी गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 9 सितंबर कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कि ग्राम पंचायत ढगवार के मसरेहड़ केंद्र, ग्राम पंचायत पासू पंतेहड़ के देहरू केंद्र तथा ग्राम पंचायत जूहल के बनगोटू में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद भरे जाने हैं। वहीं, नगर निगम धर्मशाला के वार्ड 1 के टैंगलवुड, वार्ड -4 के कोतवाली बाजार, वार्ड -7 के डिपो बाजार, वार्ड -8 के उपरेहड़ तथा वार्ड -15 के ठेहड़ केंद्रों में आंगनबाड़ी सहायिका के पद भरे जाने हैं।

**आह्वान** पहली सितंबर से होगी पोषण माह की शुरुआत, माताओं, किशोरियों और बच्चों पर रहेगा फोकस

# कुपोषण से निपटने के लिए मिशन मोड पर करें काम : एडीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**




कांगड़ा जिले में कुपोषण और एनीमिया की समस्या से निपटने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ अन्य संबंधित विभाग भी मिशन मोड पर कार्य करें। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल ने यह बात कही।

डीसी ऑफिस के सभागार में आयोजित इस बैठक में 1 सितंबर, से शुरू होने वाले पोषण माह को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी कांगड़ा सौरभ जस्सल ने कहा कि समाज और देश के बेहतर भविष्य के लिए हम सबको कुपोषण को जड़ से मिटाने के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए जहां सभी विभागों को साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है, वहीं इसको लेकर आम समाज के बीच जागरूकता फैलाना भी समय की मांग है। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग पूरे सितंबर 2024 में राष्ट्रीय पोषण माह मना रहा है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इस दौरान छः वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं तथा किशोर लड़कियों में कुपोषण और एनीमिया से निपटने के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए।

एडीसी ने कहा कि एनिमिया व डायरिया प्रबंधन, विकास निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी और बेहतर क्रियान्वयन के लिए तकनीक जैसी पांच थीम पर पोषण माह-2024 मुख्यत: केंद्रित है। उन्होंने पोषण माह के दौरान इन्हीं पांच थीम पर फोकस रहकर सभी संबंधित विभागों को अपनी गतिविधियों का संचालन करने के निर्देश दिए।

### 4226 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से चलेगा अभियान

**अतिरिक्त** उपायुक्त सौरभ जस्सल ने इस बैठक में बताया कि जिला कांगड़ा में 4226 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण अभियान संचालित किया जाएगा। जिले में एक महीने तक चलने वाले इस कार्यक्रम में विशेष स्तनपान और पूरक आहार के प्रमुख विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। साथ ही अभियान के माध्यम से जमीनी स्तर पर पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 'एक पौधा मां के नाम' अभियान भी पोषण माह का एक भाग है। इस दौरान एडीसी ने कुपोषण और एनीमिया में लाभकारी पौधों को लक्षित घरों में रोपित करवाने के निर्देश विभाग को दिए।

### मिशन भरपूर से मिला लाभ

**जिला** प्रशासन तथा महिला बाल विकास विभाग की ओर से कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए शुरू किए गए मिशन भरपूर पर भी बैठक में चर्चा हुई। जिला प्रशासन की पहल से शुरू हुए इस अभियान से कुपोषित बच्चों में सुधार देखा गया। एडीसी ने बताया कि मिशन भरपूर से जिले में आंशिक रूप से कुपोषित 66 प्रतिशत और गंभीर रूप से कुपोषित 68.9 प्रतिशत बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार देखा गया है। उन्होंने बताया कि मिशन भरपूर के तहत कुपोषित बच्चों को चॉकलेट बार प्रदान की जाती है। सीएसआईआर-आईएचबीटी पालमपुर द्वारा तैयार करवाई गई यह चॉकलेट प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर और आयरन जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होती है।

# साडा के विरोध में उतरे गुनेहड़ के लोग

## गुस्साए लोगों ने पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप नहीं होने की दे डाली धमकी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



साडा के विरोध में उतरे गुनेहड़ पंचायत के लोगों ने सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश व्यक्त किया है। आज 500 से अधिक लोग गांव में एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों ने नारेबाजी की कि हमको साडा नहीं चाहिए। यही नहीं वरिष्ठ लोगों ने धमकी दी है कि यदि सरकार ने फैसला नहीं बदला तो हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा।

गौर रहे कि इससे पहले भी यहां के लोग एसडीएम व सीपीएस को मिल चुके हैं। बिलिंग का जो क्षेत्र है बो गुनेहड़ पंचायत में आता है और आज तक गुनेहड़ पंचायत के साथ सरकार सौतेला व्यवहार करती रही है। लोगों ने धमकी दी है कि यदि साडा को गुनेहड़ से हटाया नहीं गया तो वे पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप को नहीं होने देंगे।

पंचायत प्रधान अंजना देवी और उपप्रधान दुनीचंद की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में लगभग 500 लोगों ने भाग लिया और बैठक धरने-प्रदर्शन तक पहुंच गई। लोग हैरान हैं कि चुपचाप से उन पर कैसे कोई कानून लाद दिया गया है। लोगों का कहना था कि जिन क्षेत्रों में पहले से यह कानून लागू है वहां पर सरकार ने क्या अच्छा किया है पहले वह बताएं उसके बाद में बाकी क्षेत्रों में इसे लागू किया जाए। जबकि उन क्षेत्रों से जो भी फंड इकट्ठा किया जाता है उसका भी मात्र 10 प्रतिशत ही वहां पर खर्च किया गया है और विकास के नाम पर वहां पर कोई अन्य फंड नहीं लगाया जाता और ना ही सरकार की तरफ से आता है। गुनेहड का जो क्षेत्र बिलिंग जिसे टेक ऑफ कहा जाता है वह शुरू से ही साडा के अंदर रहा है लेकिन वहां पर भी विकास के नाम क्या हुआ है, वह जानकारी सरकार दे। साथ ही इसी पंचायत के कोटली वार्ड में सरकार ने आज तक क्या-क्या किया है वह भी बताएं क्योंकि वह भी शुरू से ही साडा के अंतर्गत है।

## न्यूज ब्रीफ

### समुदाय-आधारित स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन



**अतुल, सुजानपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जंगलबेरी मे आईसीटीसी विभाग के द्वारा समुदाय-आधारित स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। केंद्र प्रभारी डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने बताया कि समुदाय-आधारित स्क्रीनिंग से तात्पर्य एक ऐसी प्रक्रिया से है, जिसके द्वारा किसी व्यक्ति का मूल्यांकन किया जाता है, ताकि उपचार की आवश्यकता का निर्धारण किया जा सके। वैकल्पिक सेवाओं और सहायता की उपलब्धता का आकलन किया जा सके तथा यह सुनिश्चित किया जा सके कि सेवाएं सबसे उपयुक्त, कम से कम प्रतिबंधात्मक वातावरण में प्रदान होती हैं। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र डोगरा, डॉ. पल्लवी, अजय कुमार, अविनाश, सरोज रानी, अनीश राणा, प्रदीप, संजू, सौरभ, उर्वशी ने इस अवसर पर अपनी सेवाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर नन्हे खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर लगभग 250 विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। खेल दिवस का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्या शशिबाला ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस मौके पर नन्हे खिलाड़ियों ने लेग रेस, स्पून रेस, रिंग बाल व थ्रो गेम बाल में अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करवाई। प्राचार्या महोदय ने खेलों में भाग लेने वाले नन्हे खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया तथा खेल अध्यापकों रेणु शर्मा, सुनील कुमार व इवेंट मैनेजर को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### नादौन भाजपा की सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा



**नादौन।** भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान मंडल नादौन की कार्यशाला का आयोजन गांव पंसाई में किया गया, जिसमें काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया ने की। इस मौके पर सदस्यता अभियान प्रदेश के सहसंयोजक एवं पूर्व में गगरेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की । उनके साथ नादौन के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विजय अग्निहोत्री भी उपस्थित रहे। मंडल मीडिया प्रभारी राजेश रिंकू ने बताया कि मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया ने सभी का स्वागत अभिनंदन करते हुए कहा कि पार्टी की तरफ से जो भी कार्यक्रम दिए जाएंगे, मंडल नादौन उनको बहुत शिद्दत के साथ पूरा करेगा।

### भगवती स्कूल में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन



**नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। इस दिन को मनाने का कारण यह है कि इस दिन भारत के दिग्गज हॉकी प्लेयर मेजर ध्यान चंद का जन्म हुआ था। मेजर ध्यान चंद को हॉकी का जादूगर कहा जाता था। इसमें ग्यारहवीं कक्षा के अंशुल भाषण के माध्यम से बच्चों को राष्ट्रीय खेल दिवस के बारे में बताया और खेल अध्यापिका अंजू ने भी अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर पांचवीं से दसवीं तक के सभी विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और जोश के साथ विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लिया। स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच ने बच्चों को खेल भावना से खेलने का व खेल अनिवार्य रूप से अपने जीवन में उतारने का संदेश दिया।

### बच्चे नहीं जाना चाहते स्कूल, अभिभावक परेशान



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शिक्षा खंड गलोड़ के राजकीय प्राथमिक पाठशाला पठियालु में अध्यापक का तबादला किए जाने पर स्कूल प्रबंधन कमेटी और अभिभावकों ने कड़ा एतराज जताया और अध्यापक का तबादला रद्द करवाने को लेकर उपनिदेशक से मुलाकात की है। वीरवार को एसएमसी प्रधान मोनिका की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल में प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक से मिलकर शिक्षक के तबादले को रद्द करने की मांग की और शिक्षक को दोबारा से इसी स्कूल में भेजने की गुहार लगाई। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी चेतावनी दी कि यदि शिक्षक का तबादला रद्द नहीं हुआ तो सभी अभिभावक स्कूल से बच्चों को निकाल लेंगे। इस बारे में प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार का कहना है कि अभिभावकों के प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंप कर अध्यापक के तबादले को रद्द करने की मांग की है और इस बाबत शिमला निदेशालय को लिखित पत्र भेजा गया है, जैसे ही शिमला से निर्देश आएंगे, वैसा किया जाएगा।

### निहारी पाठशाला को न किया जाए बंद



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला निहारी को बंद किए जाने के विरोध में ग्रामीणों ने प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक से वीरवार को मुलाकात की और ज्ञापन सौंप कर राजकीय प्राथमिक पाठशाला निहारी स्कूल को दोबारा से खोलने की गुहार लगाई है। प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय पहुंचे प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बताया कि निहारी स्कूल को बंद करने के बाद तीन किमी दूर करोट स्कू ल में बच्चों को जाना पड़ेगा, जिससे काफी परेशानी होगी और रास्ते में जंगल भी आता है, जिससे हर समय बच्चों की चिंता सताएगी। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बताया कि इस समय पाठशाला में 11 बच्चों की संख्या है और बच्चे भी निहारी पाठशाला में ही पढ़ना चाहते हैं। उन्होंने शिक्षा उपनिदेशक से मांग करते हुए कहा कि फिर से निहारी पाठशाला को खोला जाए ताकि बच्चे अपनी पढ़ाई पूरी कर सके। इस बारे में प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि स्कूल बंद करने के प्रदेश सरकार के आदेश हैं। उन्होंने कहा कि इस बारे में प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय में बात की जाएगी। निदेशालय से जो भी आदेश आएंगे, वे मान्य होंगे।

### पेंशनर संघ मांगों को लेकर करेगा आंदोलन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद सेवानिवृत्त सर्व कर्मचारी संघ राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन हमीरपुर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष देवराज शर्मा ने की। बैठक में विशेष तौर पर महामंत्री होशियार सिंह चंदेल उपस्थित रहे। इस दौरान प्रदेश के सभी पदाधिकारी एवं अन्य जिला से आए जिलाध्यक्षों ने इस बैठक में भाग लिया। बैठक में विद्युत पेंशनर कर्मचारियों की मांगों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में सरकार से निवेदन किया कि हमारी मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, अन्यथा पूरे प्रदेश के विद्युत पेंशन कर्मचारी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारी का उत्पीड़न नहीं सहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश के कर्मचारी के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं और खड़े रहेंगे और उनका समर्थन करते रहेंगे।

### ऑपरेटर वर्कर्स के साक्षात्कार 2 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला सिरमौर के औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब की कंपनी ब्लू स्टार लिमिटेड ऑपरेटर वर्कर्स के 100 पदों को भरने के लिए 2 सितंबर को जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में सुबह 10 बजे साक्षात्कार लेगी। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए इलेक्ट्रीशियन, फिटर, आरएसी, टर्नर, इलेक्ट्रीशियन, मोटर मैकेनिक, पंप ऑपरेटर और वैल्डर ट्रेड के आईटीआई डिप्लोमाधारक पुरुष उम्मीदवार पात्र होंगे। उम्मीदवार की आयु 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 18 हजार रुपए सीटीसी मासिक वेतन दिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।भर्ती के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय के दूरभाष नंबर या मोबाइल पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# सीवरेज निर्माण की खामियों से जर्जर हो रहीं सड़कें, पीडब्ल्यूडी करे तो क्या करे?

## शहर के सभी इलाकों में हो रहा नुकसान, सड़कें धंस रहीं, उखड़ रहीं

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**





शहर में सीवरेज चैंबर्स के निर्माण में रही खामियां पीडब्ल्यूडी के लिए परेशानी का सबक बन गई हैं जिस कारण नुकसान हो रहा है।

शहर में सीवरेज चैंबर्स के निर्माण में रही खामियां पीडब्ल्यूडी के लिए परेशानी का सबक बन गई हैं। बारिश में न केवल इन चैंबर्स के इर्द-गिर्द सड़क धंस रही है, बल्कि सड़क भी खराब हो रही है। पानी ओवरफ्लो हो रहा है, तो चैंबर्स अपने आप खुल रहे और सारी सड़क को आगे पीछे अच्छा खासा नुकसान पहुंचा रहे हैं।

शहर की लगभग सभी इलाकों में ऐसी ही हालत इन दोनों देखी जा सकती है। बस स्टैंड के ठीक सामने कुछ चैंबर्स बार-बार ओवरफ्लो होते हैं। यह समस्या बारिश के दौरान ही मुंह फुलाकर खड़ी हो जाती है। ऐसा नहीं है कि कभी कभार यह समस्या आती हो, यह तो इस सीवरेज की नियति बन चुकी है। बारिश थोड़ी ज्यादा हुई तो समझ लो चेंबर्स भी ओवरफ्लो हो गए और फिर दाएं-बाएं की सड़क उखड़ना शुरू हो जाएगी।

शहर के गांधी चौक से लेकर नीचे पुरानी सब्जी मंडी तक तो हालत यही बयां कर रहे हैं। अब बार-बार पैच लगाएंगे, तो होगा क्या? अगली बारिश होगी, फिर सड़क धंस जाएगी। इसका स्थायी हल न तो जल शक्ति विभाग के पास निकल रहा है और न ही पीडब्ल्यूडी के पास। (अनंत ज्ञान)

> लोगों ने सीवरेज में बरसाती पानी को भी डाल दिया है। इसी वजह से यह दिक्कत आ रही। इसका पता लगाना बेहद मुश्किल है, जिन लोगों ने ऐसा किया है वे ऐसा न करें और सीवरेज सिस्टम को सीवरेज ही रहने दें, अपने पानी या बरसाती पानी को बाहर जाने दें।
>
> -राकेश सोनी, एसडीओ जल शक्ति विभाग

## बिना नंबर प्लेट घूम रहे बुलेट चालक का काटा साढ़े 5 हजार का चालान

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



शहर में पिछले एक-दो दिनों से बिना नंबर प्लेट घूम रहा बुलेट चर्चा का विषय बना हुआ है। हैरानी की बात है कि बुलेट के आगे-पीछे कोई नंबर प्लेट नहीं लगी है, बल्कि बुलेट चालक ने अपनी पिछली प्लेट पर अपना मोबाइल नंबर जरूर अंकित करवाया है और न ही हेलमेट का प्रयोग कर रहा था।

बिना किसी रोक-टोक के बाजार में घूमता आम देखा जा रहा था, ऐसे में स्थानीय दुकानदार व लोग बिना नंबर प्लेट घूम रहे बुलेट को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं करते आम देखे गए। हालांकि शाम के समय ट्रैफिक पुलिस ने संबंधित बुलेट चालक को गांधी चौक स्थित रोक लिया और थोड़ी देर के बाद उसे भेज दिया, ऐसे में स्थानीय दुकानदार भी पुलिस के व्यवहार से काफी अंसतुष्ट नजर आए। स्थानीय दुकानदारों ने जब पुलिस को इस बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा कि बुलेट सवार युवक को लाइसेंस लाने के लिए भेजा गया है, उसके बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

ट्रैफिक इंचार्ज एसआई राजकुमार ने बताया कि बिना नंबर प्लेट घूम रहे बुलेट चालक को साढ़े पांच हजार रुपए जुर्माना ठोका गया है। उन्होंने कहा कि शहर में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले चालकों को हरगिश बख्शा नहीं जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## हमीरपुर जिले में मॉनसून सीजन में अब तक 52.15 करोड़ का नुकसान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

इस मॉनसून सीजन में जिला हमीरपुर में अभी तक हुए नुकसान का कुल आंकड़ा 52 करोड़ 15 लाख रुपए तक पहुंच गया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) को प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान लोक निर्माण विभाग को लगभग 59.55 लाख रुपए का नुक्सान हुआ है।

अगर इस मॉनसून सीजन में 27 जून के बाद के आंकड़ों पर नजर डालें तो जिला में लोक निर्माण विभाग को सर्वाधिक 30.02 करोड़ रुपए की क्षति हुई है। जलशक्ति विभाग की संपत्ति को भी लगभग 20.85 करोड़ रुपए के नुक्सान का अनुमान है। बिजली बोर्ड की लाइनों और ट्रांसफॉर्मरों इत्यादि की भी लगभग 52.76 लाख रुपए की क्षति हुई है। इस दौरान जिला में 2 कच्चे मकान और 11 गोशालाएं ध्वस्त हुई हैं, जबकि, 11 कच्चे मकान और एक पक्का मकान भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। जिला में लगभग 62.49 लाख रुपए की फसलें भी तबाह हुई हैं।

डीडीएमए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि राजस्व विभाग और अन्य विभागों के फील्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नुकसान की त्वरित एवं विस्तृत रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रभावित लोगों को उचित मुआवजा दिया जा सके।

## ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग स्थगित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय हमीरपुर के अंतर्गत 30 अगस्त को प्रस्तावित ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग फिलहाल स्थगित कर दी गई है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अंकुश शर्मा ने बताया कि प्रशासनिक कारणों से इसे स्थगित करना पड़ा है। उन्होंने बताया कि ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग की नई तिथियां जल्द ही निर्धारित कर दी जाएंगी।

# फोरलेन की दोनों तरफ 100 मीटर तक लागू है टीसीपी एक्ट

## अधिसूचना जारी होने की तिथि तक के भू-मालिकों के लिए है छूट का प्रावधान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

नगर एवं ग्राम योजनाकार हरजिंद्र सिंह ने बताया कि राज्य सरकार ने शिमला-मटौर राष्ट्रीय राजमार्ग को फोरलेन योजना क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया है।

उन्होंने बताया कि जिला हमीरपुर में शिमला-मटौर योजना क्षेत्र की सीमा उखली से आरंभ होकर नादौन तक है और इस फोरलेन राजमार्ग के दोनों ओर नियंत्रण चौड़ाई के किनारे से 100 मीटर तक का क्षेत्र फोरलेन योजना क्षेत्र के दायरे में आता है, यानी इसमें नगर एवं ग्राम योजना (टीसीपी) अधिनियम-1977 लागू किया गया है।

**निर्माण कार्य आरंभ करने से पहले टीसीपी कार्यालय में करें संपर्क**

हरजिंद्र सिंह ने बताया कि गत वर्ष 28 जून को प्रदेश सरकार की ओर से अधिसूचना जारी होने के साथ ही इन क्षेत्रों के विद्यमान भू-उपयोग को भी फ्रीज किया जा चुका है।

टीसीपी अधिनियम-1977 की धारा 30-ए के अनुसार अधिसूचना के समय जिन लोगों की भूमि इस योजना क्षेत्र के अंतर्गत आती है, उनको विकासात्मक गतिविधियों में निर्धारित सीमाओं के अंतर्गत सरकार की ओर से छूट प्रदान की गई है, लेकिन, इस छूट का लाभ केवल उन्हीं लोगों को मिलेगा, जो उक्त अधिनियम के लागू होने से पहले के भू-मालिक हैं। फोरलेन योजना क्षेत्र की अधिसूचना जारी होने के बाद जमीन खरीदने वाले लोगों को इसमें कोई भी छूट नहीं मिलेगी।

इस क्षेत्र में जो लोग टीसीपी अधिनियम-1977 की धारा 30-ए के तहत छूट के अनुसार विकासात्मक गतिविधि करना चाहते हैं, उन्हें हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम योजना नियम, 2014 (संशोधित 2024 तक) के परिशिष्ट-8 का पालन करना होगा। ऐसा न होने की स्थिति में निर्माणकर्ता के खिलाफ टीसीपी अधिनियम-1977 का उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

नगर एवं ग्राम योजनाकार ने फोरलेन योजना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी लोगों से आग्रह किया है कि वे किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य करने से पहले हमीरपुर या नादौन स्थिति टीसीपी विभाग के कार्यालयों में संपर्क करें, ताकि भविष्य में उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। (अनंत ज्ञान)

## ताला तोड़कर रख दिया सामान, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज में दुकान का ताला तोड़कर व अपना सामान रखने पर भोरंज पुलिस में मुकद्दमा दर्ज हुआ है। पुलिस से मिली जनकारी के अनुसार भोरंज में अजीत सिंह पुत्र अमर सिंह ग्राम सम्मु डाकखाना तरक्काड़ी तहसील भोरंज ने शिकायत की है कि विजय कुमार पुत्र अमर सिंह ग्राम सम्मु डाकखाना तरक्काड़ी तहसील भोरंज ने उसकी दुकान का ताला काटकर दुकान के अंदर अपना सामान रख लिया है और अपना ताला लगा लिया है। इस पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकद्दमा दर्ज कर लिया है मामले की पुष्टि एसएचओ भोरंज निर्मल सिंह ने की है।

## प्रेम-प्रसंग के चलते 20 वर्षीय युवक ने लगाया फंदा, मौत

**भोरंज।** भोरंज उपमंडल की पपलाह पंचायत के कोट रसेहड़वां गांव में किराये के मकान में अपने माता-पिता के साथ रह रहे 20 वर्षीय युवक शम्मी कुमार ने सीढ़ियों की रेलिंग से फंदा लगाकर अपने जीवन को समाप्त कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक शम्मी कुमार अपनी माता उमा देवी के साथ पिछले 15 सालों से पपलाह पंचायत के कोट रसेहड़वां गांव में रह रहा था। रात को करीब 12 बजे के बाद शम्मी कुमार ने रस्सी को सीढ़ियों से बांध कर फंदा लगा लिया और जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पपलाह पंचायत प्रधान अंकुश सैनी घटना स्थल पर पहुंचे और इसकी सूचना भोरंज थाना को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया। मृतक ने अपने गले व बाजू को ब्लेड जैसे तेजधार से भी काटा था। इसके अलावा गले पर रस्सी से फंदा लगाने के भी निशान पड़े हुए साफ दिखाई दे रहे थे। पंचायत प्रधान ने बताया कि यह परिवार वैसे धमरोल पंचायत के कोहट गांव का रहने वाला है, लेकिन पिछले 12 सालों से कोट रसेहड़वां में रह रहा था। पुलिस ने मृतक के शव का मेडिकल कॉलेज व अस्पताल हमीरपुर में पोस्टमार्टम करवा कर परिवारजनों को सौंप दिया है तथा पैतृक गांव धमरोल पंचायत के कोहटा में वीरवार दोपहर बाद अंतिम संस्कार किया गया। भोरंज थाना प्रभारी निर्मल सिंह का कहना है कि मृतक शम्मी कुमार ने फंदा लगार अपनी जान दी है। उन्होंने कहा कि मृतक के गले व बाजू के ब्लेड से काटने के निशान पाए गए हैं। मृतक ने फंदा लगाने से पहले बहन व दो अन्य को फोन किया है। इसलिए पुलिस ने मोबाइल फोन को कब्जे में ले लिया है। पुलिस की प्रथम जांच में यह प्रेम प्रसंग का मामला लगता है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने की बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा।

**दादागिरी** विभाग को नहीं जानकारी, सरकारी भूमि पर कब्जा करने वाले पर कार्रवाई करेगा विभाग

# सरला बडडू चौक पर बनी वर्षाशालिका गिराई

**एसके ठाकुर, बड़सर**

बिझड़ी-मैहरे सड़क मार्ग पर सरला बडडू चौक के पास 30 साल पहले लोक निर्माण विभाग ने लोगों की सुविधा को देखते हुए वर्षाशालिका का निर्माण किया था, ताकि आम जनमानस कड़ी धूप या फिर भारी बरसात में लोगों को बैठने की सुविधा मिले। यह वर्षाशालिका लगभग 30 वर्ष पहले बनाई गई थी, उस समय इस पर लगभग 90 हजार रुपए के करीब खर्चा आया होगा, परंतु अब कुछ दिन पहले किसी रसूखदार व्यक्ति ने वहां से वर्षाशालिका को गिरा दिया है।

यह भी बताया जा रहा है कि रसूखदार उसे अपनी निजी भूमि बता रहा है। अब सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा होता है अगर निजी भूमि पर वर्षाशालिका बनी है, तो क्या उस भूमि की विभाग के सामने निशानदेही हुई है या नहीं हुई है। आपको यह भी बता दें कि ऐसे जो पेचीदा केस होते हैं, उसमें कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाता है। कोर्ट के निर्णय के बाद ही सरकारी संपत्ति को वहां से हटाया जा सकता है, परंतु नियमों की अनदेखी किए



बिझड़ी-मैहरे सड़क मार्ग पर सरला बडडू चौक पर उखाड़ी गई वर्षाशालिका की नींव।

ही रसूखदार व्यक्ति ने वर्षाशालिका को गिरा दिया है और अब उस जगह पर कब्जा करने की कोशिश हो रही है। स्थानीय करीब 15 लोगों ने अपना नाम न बताने की शर्त पर बताया कि जिस जगह पर लोक निर्माण विभाग ने वर्षाशालिका बनाई थी, वह भूमि किसी व्यक्ति को नोतोड़ के रूप में मिली है। उक्त भूमि पर कोई व्यक्ति अपना कब्जा बता रहा है। सवाल विभाग की कार्यप्रणाली पर भी खड़े हो रहे हैं 30 वर्ष पहले लगभग 90 हजार से निर्मित वर्षाशालिका वहां से उखाड़ देने के बाद विभाग को कोई जानकारी नहीं है, ऐसा कैसे हो सकता है। विभागीय कर्मचारियों को सरकारी संपत्ति की कोई जानकारी नहीं है। वर्तमान में यदि वर्षाशालिका का निर्माण करना हो तो उसके लिए लगभग 2 लाख से लेकर 10 लाख तक धनराशि खर्च होती है। अब किसी ने वर्षाशालिका को गिराया है या फिर गिर गई, इसका तो किसी को पता नहीं है, लेकिन इसका जो नुकसान हुआ है कौन जिम्मेदार है।

इस संदर्भ में लोक निर्माण विभाग बड़सर के अधिशाषी अभियंता राजेंद्र पॉल ने बताया कि विभागीय अधिकारियों को साइट देखकर जांच के आदेश दे दिए हैं, शीघ्र ही दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। अगर किसी ने सरकारी भूमि पर कब्जा किया होगा तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## नादौन, भरमोटी और धरबियाल के डिपो में राशन ले सकते हैं प्रवासी श्रमिक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के जिला नियंत्रक अरविंद शर्मा ने बताया कि नादौन शहर और इसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे प्रवासी श्रमिकों एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लाभार्थियों को 'एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड' योजना के तहत राशन प्रदान करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जिला नियंत्रक ने बताया कि ये प्रवासी श्रमिक राशन प्राप्त करने के लिए गांव भरमोटी में उचित मूल्य की दुकान के संचालक के मोबाइल नंबर 98824-27885, भूंपल क्षेत्र के गांव धरबियाल के डिपो संचालक के मोबाइल नंबर 78070-62120 और नादौन की उचित मूल्य की दुकान के संचालक राजीव चंद के मोबाइल नंबर 98161-32069 पर संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विभाग के निरीक्षक के मोबाइल नंबर 88947-61768 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कर रहे हैं बीएलओ : अमरजीत सिंह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला हमीरपुर के पांचों विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों की अशुद्धियों को दुरुस्त करने तथा इनके नवीनीकरण के लिए 20 अगस्त से 8 सितंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान सभी बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कर रहे हैं तथा मतदाता सूचियों में अशुद्धियों को दुरुस्त करने के लिए प्रारूप-8 भर रहे हैं। ।

## नशा निवारण के ऊपर बड़ा स्कूल ने निकाली जागरूकता रैली




**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा ।** उपमंडल नादौन के दुर्गा सिंह स्मारक सीसे विद्यालय बड़ा के विधार्थियों द्वारा नशा निवारण के ऊपर एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को स्कूल की प्रिंसिपल अंजना कौंडल द्वारा हरी झंडी देकर रवाना किया गया। रैली में स्कूल के बच्चों के अतिरिक्त स्कूल प्रशासन की ओर से स्कूल के वाइस प्रिंसिपल प्रदीप वालिया, बीर सिंह ठाकुर, वंदना शर्मा, राजिंद्र कुमार, रीता देवी, सविता, सपना, रेखा शास्त्री ने विशेष रूप से भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने भी जागरूकता रैली के माध्यम से अपने स्लोगनों से लोगों को नशे के सेवन से दूर रहने का आग्रह किया।

## पंचायत प्रधान शैलजा बन्याल के प्रयासों की मिनिस्ट्री ऑफ पंचायत ने की सराहना



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** उपमंडल बड़सर के बणी पंचायत की प्रधान शैलजा बन्याल के प्रयासों की सराहना मिनिस्ट्री ऑफ पंचायतीराज भारत सरकार द्वारा भी की जा रही है। बताते चलें कि 27 अगस्त को पंचायत में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। इस आयोजन की पोस्ट मिनिस्ट्री ऑफ पंचायतीराज भारत सरकार ने अपने एक्स अकाउंट पर अपलोड की है। शानदार सफलता के लिए पंचायत प्रधान तथा उनकी टीम को बधाई तो बनती है। पंचायत द्वारा अन्य कई विकास के कार्य करवाए गए हैं, जिसमें मुक्तिधाम, गांव के साथ वाटिका का निर्माण करवाया गया है, जो हमीरपुर जिले में अपनी तरह की पहली वाटिका है। इसके अलावा 100 से अधिक सोलर लाइटें लगवाई हैं। माइक्रो बैठकें कर हर वार्ड में विकास कार्य करवाने की योजना बनाई गई है। उनके प्रयासों से जो गांव सड़क सुविधा से छूट गए थे, उनको सड़कों से भी जोड़ा जा रहा है।

## तकनीकी विश्वविद्यालय में खाली सीटों को भरने के लिए स्पॉट काउंसिलिंग कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में बीटेक (लेटरल एंट्री), बी फार्मेसी (डायरेक्ट लेटरल एंट्री) और एम फार्मेसी की खाली सीटें को भरने के लिए स्पॉट काउंसलिंग करने का निर्णय लिया है। स्पॉट काउंसलिंग संबंधित शिक्षण संस्थान में ही 31 अगस्त को होगी। तकनीकी विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव ने कहा कि स्पॉट काउंसिलिंग में भी बीटेक और बी फार्मेसी में लेटरल एंट्री के लिए सीटों का आवंटन डिप्लोमा की मेरिट के आधार पर किया जाता है। पात्र अभ्यर्थी तकनीकी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर खाली सीटों का स्टेटस देख सकते हैं। इसके अलावा स्पॉट काउंसिलिंग से संबंधित डिटेल भी देख सकते हैं।

## मुख्यमंत्री सुक्खू के आर्थिक कुप्रबंधन ने प्रदेश को खर्चे के दलदल में डुबोया : राजेंद्र राणा



**हमीरपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के आर्थिक कुप्रबंधन ने हिमाचल प्रदेश को कर्ज के दलदल में डुबो दिया है और अब मुख्यमंत्री आर्थिक संकट के नाम पर विधायकों के साथ-साथ मुख्य संसदीय सचिवों, मंत्रियों और निगम बोर्ड के अध्यक्षों-उपाध्यक्षों को अपनी 2 महीने की सैलरी न लेने की सलाह दे रहे हैं, लेकिन उनकी यह सलाह 'औरों को नसीहत, खुद मियां फजीहत' की कहावत को चरितार्थ कर रही है। राजेंद्र राणा ने कहा कि जिस दिन से सुखविंद्र सिंह सुक्खू मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे हैं, उसी दिन से उन्होंने आर्थिक संकट का रोना रोते हुए थोक में कर्ज उठाना शुरू कर दिया और अपने मित्रों में थोक में कैबिनेट रैंक बांटकर खजाना लुटाना भी शुरू कर दिया। सुक्खू से पहले हिमाचल प्रदेश के जितने भी मुख्यमंत्री हुए किसी ने भी दो सलाहकार और दो ओएसडी से ज्यादा अपने साथ नियुक्त नहीं किए थे लेकिन मुख्यमंत्री सुक्खू ने नया रिकॉर्ड बनाते हुए 20 से ज्यादा ओएसडी और दर्जनों सलाहकार तैनात करके सरकारी खजाने पर बोझ डालने में कोई कसर नहीं रखी है।

## आईएमए के पदाधिकारियों ने डॉक्टरों के साथ हिंसा पर जताई चिंता



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की हमीरपुर इकाई ने अस्पतालों में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ के साथ हो रही हिंसक घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की है। आईएमए की हमीरपुर में आयोजित बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बीते दिनों नादौन के एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन के बाद एक मरीज की मृत्यु पर डॉक्टर एवं स्टाफ के साथ हुई हिंसा की घटना के सभी पहलुओं पर भी सकारात्मक चर्चा की। उन्होंने मृतक के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की तथा ईश्वर से उन्हें संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने पुलिस प्रशासन से डॉक्टर और स्टाफ के साथ हिंसा में संलिप्त लोगों के खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की मांग भी की। इस अवसर पर सभी डॉक्टरों ने आम लोगों से आग्रह किया कि वे अस्पतालों में वास्तविक स्थिति को समझे बगैर कानून को अपने हाथ में न लें।

## मेजर ध्यान चंद की स्मृति में खेल सप्ताह आयोजित



**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली में विद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चन्द की स्मृति में अंतरसदनीय खेल सप्ताह 25 से 29 अगस्त तक स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसमें कक्षा 6वी से12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए बैडमिंटन, चैस, बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। बतौर मुख्य अतिथि सुरजीत कुमार राणा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर बच्चों नो सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए ।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 16 सितंबर तक आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जवाहर नवोदय विद्यालय पेखुबेला में कक्षा छठी की प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 सितंबर तक आमंत्रित किए गए हैं। जेएनवी प्राचार्य राज सिंह ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए अभ्यर्थी का जन्म 1 मई, 2013 से पहले एवं 31 जुलाई, 2015 के बाद नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 में जिला ऊना में स्थित किसी मान्यता प्राप्त सरकारी या गैर सरकारी स्कूल से 5वीं में नियमित विद्यार्थी के रूप में शिक्षा ग्रहण कर रहा हो तथा जिला ऊना का वास्तविक निवासी ही इस परीक्षा के लिए पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी www.navodaya.gov.in वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा अधिक जानकारी के लिए 82195-74181 और 98160-96188 पर संपर्क कर सकते हैं।

### दियोली में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित



**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** घनारी तहसील की पंचायत दियोली में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता वैदिक नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के संजीव कुमार ने की। संजीव कुमार का दियोली पंचायत में पहुंचने पर गांव के प्रधान पूर्ण चंद और एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की नेशनल वाइस प्रेजिडेंट ने संजीव कुमार को सम्मानित किया। इस मौके पर पहुंचे लोगों ने प्रार्थना कर इस स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया। संजीव कुमार ने लोगों को स्वस्थ्य रहने के तरीकों के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि वैदिक नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा निर्मित प्रोडक्ट्स से गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर, पैरालिसिस, शुगर, बीपी, पित्त की पथरी भी ठीक हो जाती है। इस मौके पर गांव के प्रधान पूर्ण चंद ,एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की नेशनल वाइस प्रेजिडेंट किरण लता, कंपनी के सदस्य तथा दियोली गांव के लोग उपस्थित रहे।

### स्वयं सहायता समूह को दिया प्रशिक्षण



**विवेक शर्मा, अंब।** मरवाड़ी गांव में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बने स्वयं सहायता समूहों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रीता धीमान की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में तविंद्र कुमार चिनोरिया खंड विकास अधिकारी गगरेट, ललिता कुमारी, नरेंद्र पॉल निरीक्षक सहकारी सभाएं और पशुपालन विभाग के कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर महिलाओं को आजीविका की विभिन्न योजनाओं जैसे सिलाई, डेयरी, कृषि, पशुओं से संबंधित योजनाओं और खंड विकास अधिकारी द्वारा ग्राम सगठन स्तर पर घरेलू खल बनाने व विक्री के अतिरिक्त पीएमएफएमइ योजना बारे जानकारी दी गई। महिला समाज शिक्षा आयोजिका द्वारा स्वयं सहायता समूहों व ग्राम संगठन के गठन के साथ पंच सूत्रों के बारे में और समूहों को मिलने वाले फंड के बारे में बताया गया, निम्न ब्याज दरों पर मिलने वाले समूह ऋण बारे भी बताया गया। नरेंद्र पाल निरीक्षक सहकारी सभाएं द्वारा दुग्ध सभाएं गठित करने बारे व्यापक चर्चा की गई। इस मौके पर पंचायत प्रधान करतार सिंह, शिव कुमार पंचायत सचिव, कविता कुमारी उपस्थित रहीं।

### भाषण प्रतियोगिता में खुशी रही अव्वल

**विनोद शर्मा, लठियानी।** उपमंडल बंगाणा में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य खेलों के महत्व को बढ़ावा देना और देश के युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना है। आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा के प्रबंधक जोगिंद्र देव आर्य राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को बढ़-चढ़ कर खेलों में भाग लेना चाहिए, जिससे छात्रों का मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास हो सके। इस दौरान स्कूल में छात्रों के लिए टग एंड बार, निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में राधिका और खुशी ने प्रथम, चाहत उपमन्यू ने द्वितीय और अंजलि ने तृतीय, कनिष्ठ वर्ग में रिद्धिमा ने प्रथम, रेवा राणा और गार्गी शर्मा ने द्वितीय और उन्नति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रांजल शर्मा, दिवांश ठाकुर और आन्वी शर्मा ने प्रथम, भूमिका शर्मा और स्नेहा ठाकुर ने द्वितीय, कृतिका कौंडल, काव्या चौधरी और रियांशी धीमान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सार्थक, आरूल, नव्या, अवनी, शिवांक , ध्रुविका और निहारिका ग्रुप ने टग एंड बार गेम में विजेता रहे । स्कूल के प्रबन्धक जोगिन्द्र देव आर्य ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अब्बल रहे छात्रों को बधाई दी और खेलों के साथ-साथ शैक्षणिक गतिविधियों में सहभागिता करने का भी आह्वान किया।




# नवीनतम पौध उत्कृष्टता केंद्र बड़ा से हिमाचल के किसानों को मिलेगी रोग मुक्त और स्वस्थ पौध

## पौध को लेने के लिए किसान को 2 रुपए प्रति पौध मूल्य चुकाना होगा

**राजेश शर्मा, ऊना**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा अभी कुछ दिन पहले ही अपने विधानसभा हलके में हमीरपुर और इसके आसपास के किसानों को बहुत बड़ी सौगात सब्जियों की पौध के लिए बनाया गया पौध उत्कृष्टता केंद्र के रूप में दी थी, जिसमें अब पौध को तैयार करने का कार्य शुरू हो गया है।



नादौन के बड़ा संस्थान में तैयार पौध जिससे किसानों को बहुत लाभ प्राप्त होंगे।

इस केंद्र में कुछ दिनों के बाद तीन फसलों की उच्च कोटि की पौध जिसमें फूलगोभी की 40 हजार, पत्तागोभी की 30 हजार और ब्रोकली की 10 हजार पौध किसानों को मिलना शुरू हो जाएंगी। ऐसे केंद्रों में तैयार पौध अपने उच्च गुणवत्ता के लिए जानी जाती है, इसमें न तो मिट्टी से लगने वाली बीमारियां लगती हैं और मिट्टी से निकालने के बाद और खेत में जड़ पकड़ने तक लगने वाला समय भी न के बराबर लगता है। इसके कारण किसानों की फसल समय से पहले बाजार में आने पर उनको फसल का मूल्य भी अच्छा मिलता है। इसके अलावा जो फसल तैयार होगी, उसमें कम से कम जहर का छिड़काव होता है, जिससे इन सब्जियों को खाने वाला भी सुरक्षित रहता है, क्योंकि जब पौध स्वस्थ और निरोगी होगी तो उसमें होने वाला खर्चा भी कम होगा ।

यह बात कृषि विभाग अपने हर किसान शिविर में किसानों को समझाने का प्रयास करता है। डॉ. सुनील चौहान, परियोजना निदेशक, हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण-द्वितीय) ने कहा कि इस तरह का पौध उत्कृष्टता केंद्र हिमाचल प्रदेश में दूसरा है, जिसमें वे सारी सुविधाएं हैं, जो एक उत्कृष्टता केंद्र में होनी चाहिए।

उन्होंने जिला हमीरपुर तथा कृषि विज्ञान केंद्र, बड़ा (नादौन) के आसपास के किसानों का आह्वान करते हुए कहा कि किसानों को इस उत्कृष्टता केंद्र के बनने का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए और इससे जुड़कर नकदी फसलों की तरफ जाना चाहिए क्योंकि परंपरागत फसलें लगाने से ज्यादा लाभ किसानों को नहीं मिलता है।

इस तरह की स्वस्थ पौध से किसानों के समय की बचत के साथ-साथ खर्चे में भारी कमी उनको अधिक लाभ दिलाने के लिए काफी हद तक मददगार सिद्ध होता है। किसी भी किसान को यह मिट्टी रहित पौध अपने खेतों में लगानी है, वह समय रहते कृषि विज्ञान केंद्र बड़ा, जिला हमीरपुर में बने पौध उत्कृष्टता केंद्र में आकर अपने लिए पौध सुरक्षित रखवा सकता है या जिला परियोजना प्रबंधक इकाई, हमीरपुर में भी अपनी डिमांड दे सकता है। इस पौध को लेने के लिए किसान को 2 रुपए प्रति पौध मूल्य चुकाना होगा। (अनंत ज्ञान)

# जलवायु परिवर्तन से पर्यावरण में हो रहे बदलाव पर विधायक बबलू चिंतित

**विवेक शर्मा, अंब**



बबलू विधानसभा में वक्तव्य देते हुए।

जलवायु परिवर्तन से पर्यावरण में हो रहे बदलाव को लेकर चिंतपूर्णी विधायक सुदर्शन सिंह ने गहरी चिंता प्रकट की है। वीरवार को विधानसभा में चर्चा में भाग लेते हुए बबलू ने कहा कि हिमाचल एक हरित राज्य के नाम से जाना जाता है। इसका संरक्षण सरकार के साथ-साथ हमारे समाज का भी दायित्व है, लेकिन देखने में आया है कि पिछले कुछ समय से मौसम का मिजाज बदला है, जिसको बिगाड़ने लिए हम सभी लोग जिम्मेदार हैं।

जलवायु परिवर्तन का एक बहुत बड़ा उदहारण हमने इस बार गर्मी के मौसम में देखा है। जिस तरीके की गर्मी हमारे प्रदेश में पड़ी है। गर्मियों का तापमान ऊना में इस बार 48 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बरसात के मौसम की भी बात की जाए तो पहले के मुकाबले इस बार बरसात कम हुई है, लेकिन जहां पर हुई है वहां पर बादल फटे और भारी नुकसान हुआ है। पूरे प्रदेश में औसतन 40 प्रतिशत वर्षा कमी रही है। उन्होंने कहा कि जलस्तर बढ़ा है लेकिन भाखड़ा बांध की परिस्थिति देखी जाए तो इसका जलस्तर 70 फीट कम रहा है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण प्रदेश में बर्फबारी में भी कमी आई है। इसका सबसे बड़ा कारण यही है कि हम वनों का संरक्षण सही तरीके से नहीं कर पा रहे हैं। जंगलों में जो अवैध कटान हो रहा है, इस पर रोक लगाई जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में फलदार पेड़ कटाने की अनुमति दी गई थी। इसका यह परिणाम हुआ कि वन कटुओं द्वारा सौ-सौ साल पुराने फलदार पेड़ों का काट दिए गए। उन्होंने सीएम सुक्खू का प्रदेश फलदार पेड़ काटने पर लगाम लगाने के लिए धन्यवाद आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हिमाचल को हरित राज्य बनाने का संकल्प लेकर आए हैं। उन्होंने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि स्कूलों, कार्यक्रमों में मुख्यातिथि और बच्चों को ट्राफी और मोमेंटो देने के प्रचलन को बंद करके पौधा देने के अभियान को बढ़ावा दिया जाए और बच्चों में पौधों की देखभाल के लिए जागरूकता पैदा की जाए।

## साइबर सैल की टीम ने दिल्ली से किया ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश स्टेट सीआईडी के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन मध्य खंड मंडी की टीम ने 17 लाख रुपए ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस स्टेशन मध्य खंड मंडी में यह मामला 25 अगस्त को दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस को छानबीन करने पर पता चला कि शिकायतकर्ता की फेसबुक के माध्यम से एक विदेशी लड़की के साथ दोस्ती होती है तथा वह विदेशी लडकी शिकायतकर्ता से मिलने के लिए विदेश से भारत आना बताती है तथा अपने आप को दिल्ली में कस्टम ऑफिसर के द्वारा पकड़े जाना बताती है।

विदेशी लड़की ने शिकातकर्ता को बताया कि उसके पास बहुत सारी विदेशी करंसी है जिस कारण उसे कस्टम ऑफिसर ने पकड़ लिया है तथा उसे कस्टम चार्जिज अदा करने होंगे। जिस पर शिकायतकर्ता से कस्टम चार्जिज तथा अलग अलग विभिन्न प्रकार के चार्जिज के नाम पर 17 लाख रुपए की ठगी की गई। जांच के दौरान पाया गया कि ठगी करने वाली कोई महिला नहीं, बल्कि एक नाईजिरीयन मूल का व्यक्ति है जिसने फेसबुक पर लड़की के नाम से जाली फेसबुक आईडी बनाई हुई थी तथा लोंगों के साथ ठगी की वारदात को अंजाम दे रहा था।

# सहायक पंजीयक ने सहकारी समितियों को बताए उनके अधिकार और अधिनियम

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले के अंतर्गत विकास खंड अंब की सहकारी सभाओं की प्रबंधक कमेटियों के पदाधिकारियों के लिए सहकारी शिक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सुंधारी कृषि सहकारी सभा के सभागार में ऊना जिला सहकारी विकास संघ सीमित (ऊनकोफैड) द्वारा किया गया। इसमें गांव रपोह मुचलियां, गुंगराला, पोलियां पुरोहिता, पंजोआ कलां, सूरी, सुंधारी, त्याई मल्टी पर्पस व घुत्तू चंगेड़ सहकारी सभाओं की प्रबंधक कमेटियों के सदस्यों ने भाग लिया।



सहकारी सभाओं को प्रशिक्षण देते सहायक पंजीयक।

मुख्यातिथि सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं राकेश कुमार, जिला ऊना ने इस शिविर के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रबंधक कमेटियों को अपने उतरदायित्वों को भली प्रकार समझकर सभा के समस्त कार्यों का निष्पादन करना चाहिए। सभा कमेटी को अपने कर्तव्यों, अधिकारों व सभा की कार्यप्रणाली से भली प्रकार परिचित होकर ही अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि सभा सचिव जब कोई भी कार्रवाई पर सभा कमेटी से मंजूरी लेता है तो सभा कमेटी पर ही उसकी जिम्मेदारी बन जाती है। उन्होंने प्रबंधक कमेटी के सदस्यों को क्रमबद्ध ढंग से सहकारी अधिनियम व नियमों का हवाला देकर प्रशिक्षित किया। उन्होंने कहा कि सभा में पावति व प्राप्त पत्रों की फाइल लगाएं। सभा के सदस्य रजिस्टर को अपडेट रखें व नोमीनेशन को भी भरें।

सभा की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट से पूर्व सभा की प्रबंधक कमेटी सारे लेखों को तैयार करवाए। सभा जो सदस्यों को ऋण देती है, उसके परनोट को पूर्ण करने के साथ हस्ताक्षर के साथ अंगूठा भी लगवाए व आधार कार्ड भी लें। सभा की प्रबंधक कमेटी को सभा के कारोबार पर पूरी निगरानी रखनी चाहिए व सभा सचिव से हर जानकारी प्राप्त करें। सभा की प्रबंधक कमेटी को सभा के सभी प्रकार कार्यों के लिए उत्तरदायी ठहराया जाता है। सहायक पंजीयक राकेश कुमार, ऊना ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों के सुझावों व शंकाओं सहित उनके द्वारा उठाए प्रश्नों का भी निवारण किया।

अंत में खंड निरीक्षक विपन व संगीता कुमारी ने सुंधारी सभा के सचिव सुरिंद्र कुमार, प्रधान गुरदेव सिंह व सभा कमेटी का इस प्रशिक्षण शिविर के आयोजन के लिए सहयोग करने के लिए आभार प्रकट किया। ऊनकोफैड के सचिव अंकित बाली व जगमोहन ने सहायक पंजीयक राकेश कुमार व सहकारिता विभाग के निरीक्षक महोदय का इस प्रशिक्षण शिविर में सभाओं के मार्गदर्शन के लिए सार्थक सहयोग के लिए विशेष धन्यवाद किया।

## उपमुख्यमंत्री ने ग्रेनेडियर आशीष कुमार के निधन पर जताया शोक

**हमीरपुर।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ग्रेनेडियर आशीष कुमार (25) की शाहदत पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में 'ऑप्रेशन अलर्ट' के दौरान सिरमौर से संबन्ध रखने वाले वीर जवान आशीष कुमार के द्वारा देश की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है, जिसके लिए पूरा देश उनका ऋणी रहेगा। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं वयक्त की और कहा कि दुख की इस घड़ी में प्रदेश सरकार शहीद के परिजनों के साथ खड़ी है।

## बुधान स्कूल में एनएसएस ने किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, लठियानी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने हिमाचल सरकार की योजना के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल ठाकुर ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी बलबंत सिंह के प्रयास से वन विभाग त्यासर नर्सरी से पौधे लेकर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा स्कूल भवन के आसपास व खेल परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर अनिल कुमार उपप्रधानाचार्य, राजीव डोगरा, प्रवीण शर्मा, मनोज कुमार, धीरज कतना, राकेश कुमार व स्कूल के शिक्षक सभी मौजूद थे।इस अभियान को सफल बनाने के लिए विद्यालय में सेवारत राजीव डोगरा द्वारा विद्यालय को पौधे दिए।

# 'सामर्थ्य' का बढ़ा दायरा : 2 नए घटकों का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिला प्रशासन ने 'सामर्थ्य' कार्यक्रम का दायरा बढ़ाते हुए इसमें दो नए घटकों को शामिल किया है। इन नए घटकों के तहत गरीब परिवारों की बच्चियों को नीट और यूपीएससी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उपायुक्त जतिन लाल ने वीरवार को इन घटकों का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह पहल सुनिश्चित करेगी कि वित्तीय कठिनाइयां नीट और यूपीएससी की तैयारी में बाधा न बनें।

यह कदम गरीब परिवारों की बच्चियों को उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद करेगा और उनके डॉक्टर और आईएएस-आईपीएस बनने के सपनों को साकार करने में सहायक होगा। जतिन लाल ने इस अवसर पर कहा कि 'सामर्थ्य' कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, महिलाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को सशक्त बनाना और सामुदायिक विकास को प्रोत्साहित करना है। नई पहल के तहत, गरीब परिवारों की वे लड़कियां जो नीट और यूपीएससी की तैयारी कर रही हैं, उनकी आर्थिक मदद की जाएगी। इसमें लाभ पाने के लिए वे लड़कियां पात्र होंगी, दुर्भाग्यवश जिनके पिता का निधन हो चुका है या 70 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हैं।

वे ग्रेजुण्शन की पढ़ाई कर रही हों तथा उनके परिवार की वार्षिक आय 50 हजार से अधिक न हो और उन्होंने किसी अन्य योजना का लाभ न लिया हो। पात्र लड़कियों की आयु 24 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए और वे ऊना जिले की स्थार्यी निवासी होनी चाहिए। इसकी अधिक जानकारी के लिए उपायुक्त कार्यालय के कमरा नंबर 413 में संपर्क किया जा सकता है।

# कुलदीप सिंह दयाल ने 'सामर्थ्य' को दिया 11 हजार का अंशदान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना के बाल विकास परियोजना अधिकारी कुलदीप सिंह दयाल ने अपनी सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक प्रेरणादायक पहल करते हुए जिला प्रशासन के सामर्थ्य कार्यक्रम के लिए 11 हजार रुपए का अंशदान दिया। श्री दयाल 31 अगस्त को सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

उन्होंने वीरवार को यह चेक उपायुक्त कार्यालय में डीसी जतिन लाल को सौंपा। उपायुक्त जतिन लाल ने दयाल की उदारता और इस नेक कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के प्रति एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक कदम बताया। उन्होंने सभी जिला वासियों से इस पहल में शामिल होने और अपनी सामर्थ्य के अनुसार आर्थिक सहयोग देने की अपील की है। बता दें, ऊना जिला प्रशासन के सामर्थ्य कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के युवाओं, महिलाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को सशक्त बनाना है।



कुलदीप, डीसी को राशि भेंट करते हुए।

## नादौन की बेटी आकांक्षा सेना में बनी लेफ्टिनेंट



**नादौन।** नादौन के गांव तरेटी की बेटी अकांक्षा ने मिलिट्री नर्सिंग सर्विस क्वालीफाई कर लिया है। वह मिलिट्री हॉस्पिटल विशाखापट्टनम में बतौर लेफ्टिनेंट नर्सिंग सेवाएं देंगी। उसने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व परिजनों को दिया है। उसकी इस सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। आकांक्षा तरेटी गांव के सुरेश

**न्यायालय विजय कुमार राय तहसीलदार भू व्यवस्था एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी बड़सर तहसील बड़सर, जिला हमीरपुर हि.प्र.**

**अनुवान मुकद्दमाः-** बिशन सिंह पुत्र प्रेम सिंह पुत्र हरी सिंह निवासी महाल बड़सर तथा पंजग्रां, तहसील बड़सर, जिला हमीरपुर हि.प्र. ...वादी

वनाम मिसल नं. 70/24 व 71/24

1. सरवन कुमार गुरदयाल पुत्र धर्म चंद 2. श्री मति आशो देवी पुत्री वावू राम 3. श्रीमति प्रीतो पुत्री वावू राम 4. रिखी राम पुत्र दसोंधी 5. श्रीमति मीना देवी 6. श्री मति नीलम देवी पुत्री व 7. मुकेश कुमार 8. लवकेश कुमार पुत्र व 9. श्रीमति शकुंतला देवी पत्नी प्रमोद सिंह पुत्र वावू राम 10. जगतपाल पुत्र जैसी राम 1. श्रीमति केसी देवी पत्नी जगननाथ 2. सुरजीत कुमार पुत्र प्रकाश चंद सभी निवासी महाल बड़सर तथा पंजग्रां तहसील बड़सर, जिला हमीरपुर हि.प्र.

प्रतिवादीगण

**विषयः-** प्रार्थना पत्र तकसीम अराजी खाता नं. 850, खतौनी नं.900, खसरा नं I 3170 किता-1 रकवा तादादी0-05-50 हैक्टेयर व खाता नं. 851 खतौनी नं. 901 खसर नंबरान 836-837-838-892-894-3141/2, 3171/2 किता-7 रकवा तादादी 0-12-92 हैक्टेयर स्थित महाल बड़सर तथा पंजग्रां तहसील बड़सर जिला हमीरपुर हि.प्र.।

प्रार्थी ने उपरोक्त भूमि की तकसीम करने बारे इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र दायर कर रखा है, जिसमें प्रतिवादीगण नं.01 सरवन कुमार गुरदयाल 2. श्रीमति आशो देवी पुत्री वावू राम 3. श्री मति प्रीतो पुत्री वावू राम 4. रिखी राम पुत्र दसोंधी 5. मीना देवी 6. नीलम देवी पुत्री व 7. मुकेश कुमार 8. लवकेश कुमार पुत्र व 9. श्री मति शकुंतला देवी पत्नी प्रमोद सिंह पुत्र वावू राम 10. जगत पाल पुत्र जैसी राम 1. केसरी देवी पत्नी जगननाथी 2. सुरजीत कुमार पुत्र प्रकाश चंद को इस न्यायालय द्वारा तकसीम की पैरवी हेतु समन भेजे गए, परंतु रिपोर्ट तामील कुनिन्दा से पाया कि वह इलाका से बाहर रहते हैं जिस कारण उन्हें साधारण तरीके से समन तामील होना असंभव है। अतः प्रतिवादीगण नं. 1ता 10 व 1-2 को इस इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि वह दिनांक 4.09.2024 को प्रातः 10 बजे कैंप कोर्ट बड़सर तहसीलदार भू व्यवस्था वृत्त बड़सर के कार्यालय में असालतन या वकालतन उपस्थित होकर पैरवी मुकद्दमा करें, अन्यथा उनके विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर तकसीम स्वीकार कर दी जाएगी।

आज दिनांक 19.8.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर सहित अदालत से जारी हुई।

**विजय कुमार राय, तहसीलदार भू व्यवस्था एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी बड़सर तहसील बड़सर जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

### सूडोकु 0041 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनर्वृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0040 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

30 अगस्त, 2024, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** श्रावण **तिथि** द्वादशी : (2:28): **नक्षत्र** पुनर्वसु (05:56), **पक्ष :** कृष्ण **योगः** व्यतीपात (5:46) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:55 - 12:46 तक, **राहुकाल** (10:45 -12:21)।

### विशेष दिन

- 30 अगस्त : स्मार्त वैष्णव समुदाय आज मनाएगा अजा एकादशी।
- 31 अगस्त 2024 : शनि प्रदोष व्रत कल।

**मेषः** अपने व्यवहार को बदलें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन आज का दिन खराब कर सकता है। निवेश में वृद्धि होगी। रचनात्मक रुचि बढ़ेगी।

**वृषभः** अपने निजी कार्यों के लिए समय की कमी रहेगी। घर-परिवार की परेशानी से दुख होगा। नए संबंधों के प्रति सतर्क रहना जरूरी है।

**मिथुनः** दिन की उपयोगिता को समझें। सुख साधनों में कमी आएगी। व्यर्थ समय नष्ट न करें। खर्चों में कमी करने का प्रयत्न आवश्यक है।

**कर्कः** आमदनी से पहले खर्च दिखेंगे। सुख वृद्धि एवं पारिवारिक उन्नति होगी। विरोधी परास्त होंगे। नौकरी में कार्य की प्रशंसा के योग हैं।

**सिंहः** राजनीति में लिए फैसले लाभदायक रहेंगे। आर्थिक लाभ होगा। सोचे हुए कार्य आशा से बढ़कर होंगे। नए

**कन्याः** दूसरों की निंदा न करें। आय से ज्यादा व्यय नहीं करें। नौकरी में इच्छित कार्य पूर्ण होंगे। रिश्तेदारों से भेंट होगी। व्यापार अच्छा चलेगा।

**तुलाः** परिवारजनों के साथ आज मनोरंजन में समय बीतेगा। भौतिक सुख के साधन मिलेंगे। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में काम

**वृश्चिक :** अपने आपसी संबंधों को महत्व दें। मानसिक प्रसन्नता का वातावरण बनेगा। कारोबार में स्वयं के निर्णय लाभप्रद रहेंगे।

**धनु :** पारिवारिक मांगलिक उत्सवों में शामिल होने के अवसर आएंगे। अपने प्रयासों से उन्नति होगी। व्यापार में

**मकरः** अपने व्यवहार से लोगों का दिल जितने में सफल होंगे। सहकर्मियों की आर्थिक सलाह उपयोगी रहेगी। अल्प

**कुंभः** आपके काम करने के तरीके पुराने हो गए हैं। आप खुद कुछ करते नहीं न ही दूसरों को करने देते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखना

**मीनः** किसी के दबाव में आकर कोई कार्य न करें। आज परिजनों से शुभ व अनुकूल समाचार प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। कार्य में सफलता

**आयोजन** एकल नारी शिकायत निवारण शिविर की अध्यक्षता करते हुए डीसी ने दिए निर्देश

# एकल नारियों की समस्याओं का हो त्वरित समाधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने एकल नारियों के कल्याण के प्रति अपनी पूर्ण प्रतिबद्धता जताते हुए सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे इन महिलाओं से संबंधित समस्याओं और शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। वीरवार को ऊना के बचत भवन में आयोजित एकल नारी शिकायत निवारण शिविर की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने यह निर्देश दिए।

इस शिविर का आयोजन एकल नारी शक्ति संगठन और एकल नारी कृषि सहकारी सभा के सहयोग से किया गया, जिसमें जिले के चार ब्लॉक अंब, ऊना, गगरेट और हरोली की महिलाओं ने भाग लिया। शिविर में महिलाओं ने अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा, जिन्हें उन्होंने ध्यानपूर्वक सुना और समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें बच्चों की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता, बीपीएल सूची में नाम शामिल करवाने, सोलर लाइटें लगवाने, डिपो से राशन प्राप्त करने में आ रही समस्याओं, मकान मरम्मत के लिए आर्थिक सहायता, निर्माण के लिए जमीन मुहैया करवाने, आधार कार्ड और बीपीएल कार्ड बनाने में आ रही दिक्कतें शामिल थीं।



एकल नारी शिकायत निवारण शिविर में डीसी और संगठन की सदस्य।

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि जिला प्रशासन प्रदेश सरकार की महिला कल्याण एवं उत्थान की योजनाओं में एकल नारियों को जोड़ने और उन्हें अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है।

उन्होंने जिला प्रशासन कि 'सामर्थ्य' कार्यक्रम की जानकारी भी दी, जिसके अंतर्गत प्रशासन ने गरीब परिवारों की जरूरतमंद बच्चियों की उच्च शिक्षा का खर्च उठाने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम के पहले चरण में प्रशासन जिले की 25 जरूरतमंद बच्चियों को पढ़ाई के लिए 2 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। इस योजना के तहत वही लड़कियां पात्र होंगी, जिनके पिता गुजर गए हों या जो 70 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हों, जिनकी वार्षिक आय 50 हजार रुपए या इससे कम हो और जिन्होंने किसी अन्य योजना का लाभ न लिया हो।

योजना के दूसरे चरण में इसका दायरा बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद लड़कियों को इसका लाभ मिल सकेगा। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, एकल नारी शक्ति संगठन की राज्य अध्यक्ष निर्मल चंदेल, जिला अध्यक्ष कांता शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र सिंह, डीएफएससी राजीव शर्मा, सीडीपीओ कुलदीप सिंह सहित कल नारी शक्ति संगठन और एकल नारी कृषि सहकारी सभा घालूवाल की सदस्य तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जो व्यक्ति अपना लक्ष्य तय नहीं कर सकता, वह कभी जीत भी नहीं सकता। -चाणक्य

## संपादकीय

# सरकार के 'कड़वे घूंट'

हिमाचल को वित्तीय संकट से उबारने के लिए कांग्रेस सरकार नित नए हर संभव प्रयासों में जुटी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य की खराब आर्थिक स्थिति से निपटने के लिए विधानसभा में अब बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने खुद, मंत्रियों और मुख्य संसदीय सचिवों के साथ मिलकर अगले दो महीने तक अपना वेतन और भत्ते नहीं लेने का फैसला किया है। साथ ही उन्होंने अन्य विधायकों से भी अपील की है कि वे भी स्वेच्छा से अपना वेतन और भत्ते छोड़कर राज्य के इस संकट में मदद करें। निश्चित रूप से इस घोषणा और अपील के कई मायनों में दूरगामी तथा सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। मौजूदा समय में हालात इस कदर बिगड़ गई है कि प्रदेश की सारी व्यवस्था उधारी पर चली है। पुराना उधार चुकता नहीं है और सरकार को फिर से नया उधार लेने के लिए विविश होना पड़ता है। कर्ज लेने की अगर यही रफ्तार रही, तो हिमाचल प्रदेश के कर्ज का आंकड़ा एक लाख करोड़ रुपए छूने में देर नहीं लगेगी। वैसे हिमाचल में कर्ज लेने की परंपरा काफी पुरानी है और यह परंपरा बदस्तूर जारी है। किसी भी सरकार ने चाहे वह कांग्रेस हो या भाजपा, कर्ज लेने पर ब्रेक नहीं लगाई। उलटा सरकारें जाते-जाते बेवजह कर्ज लेने के लिए भी बदमान हैं और इसी परिपाटी का नतीजा यह है कि कर्ज लेने की चेन अब टूटने का नाम नहीं ले रही है। सरकारें एक-दूसरे पर कर्ज लेने आक्षेप लगाती रहती हैं, लेकिन इस बीमारी से छुटकारा नहीं पाना चाहती।

इसे विडंबना ही कहेंगे कि सरकारें अपने संसाधनों से पैसा कमाने की तरकीबें नहीं सीख पाई। यदि इस मामले में सरकारों ने दूसरे आदर्श राज्यों को फॉलो किया होता, तो शायद कुछ सुधार अवश्य होता। 1977 और 1990 में शांता कुमार की सरकार के बाद इस दिशा में किसी ने भी गंभीर प्रयास नहीं किए। कांग्रेस और भाजपा ने सिर्फ वोट की राजनीति की। प्रदेश के आर्थिक ग्राफ को ऊपर उठाने का काम किसी ने नहीं किया। वोट के लिए दोनों प्रमुख दलों कांग्रेस और भाजपा को मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की ऐसी लत लग गई है, जिसने प्रदेश को कंगाली के कगार पर खड़ा कर दिया है। ऊपर से केंद्र की तरफ से हिमाचल को कोई मदद नहीं मिल रही है। यहां तक कि पिछली बरसात में आपदा से हुए नुकसान का मुआवजा भी अब तक नहीं मिला है। मुआवजे का इंतजार एक साल से ऊपर हो गया है। हां, मोदी सरकार ने इस बार केंद्रीय बजट की घोषणाओं में मुआवजा देने का ऐलान जरूर किया था, लेकिन अब तक मिला नहीं है। कांग्रेसी नेता अब इसे छलावा की संज्ञा दे रहे हैं और अपने वादे से मुकरना बता रहे हैं। ऐसे में जब कहीं से भी कोई सहायता न मिलने की आस धूमिल हो जाए, तो प्रदेश सरकार के पास अपनी जेब काटने के सिवाए कोई चारा नहीं रह जाता है। इससे पहले भी सुक्खू सरकार ने प्रदेश को पटरी पर लाने के लिए कई कड़े फैसले लिए हैं। सरकार कड़वे घूंट पी रही है। सबसे पहले इस सरकार ने 125 यूनिट फ्री बिजली पर कट लगाया। हालांकि, सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में 300 यूनिट तक फ्री बिजली देने का वादा किया था, लेकिन जब इस सरकार का सच से सामना हुआ, तो उसकी आंखें खुली कि यह लॉलीपॉप तो बेहद घाटे वाला है।

लिहाजा उसने अब 300 यूनिट, तो दूर 125 यूनिट फ्री बिजली देने से भी कन्नी काट ली। सरकार ने फ्री पानी देना भी बंद कर दिया। अब हर पेयजल कनेक्शन पर 100 रुपए शुल्क वसूला जाएगा। 460 ऐसे स्कूलों को बंद और मर्ज कर दिया, जिनकी तादाद दस या इससे कम थी। टैक्स पेयर्स डिपुओं में राशन देना बंद कर दिया। यही नहीं, सुक्खू सरकार ने घाटे में चल रही एचआरटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा का चाबुक भी चला दिया है। सरकारी रेस्ट हाउसों में नाममात्र के शुल्क की व्यवस्था कम करके नए रेट तय कर दिए। महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए देने का ऐलान किया गया था, लेकिन अब उसके मापदंडों में भी सख्ती कर दी है। अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार ने जमीन की खरीद फरोख्त और पंजीकरण समेत अन्य कई सेवाओं के रेटों में बढ़ोतरी भी की है। सुक्खू सरकार के इन कड़े फैसलों का विपक्षी भाजपा बेशक विरोध करती रहे, लेकिन सरकार सुधार की दिशा में आगे बढ़ती चली जा रही है। सीएम सुक्खू के इन कड़े फैसलों की दूसरे राज्य में भी काफी प्रशंसा हो रही है। वह एक कुशल गृहिणी की तरह अपने घर यानी सरकार को चलाने का प्रयास कर रहे हैं। उनके इरादे नेक हैं और सोच दूरदर्शी है। निश्चित रूप से उन्हें सफलता भी मिलेगी, ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए ताकि प्रदेश तरक्की के पथ पर अग्रसर हो सके। ■

# बद्दी हत्याकांड : अपराध संस्कृति से जनमानस खौफजदा

विश्व में देवभूमि के नाम से विख्यात हिमाचल में अपराध-संस्कृति बढ़ने से देवभूमि कुख्यात होती जा रही है। प्रतिदिन हो रहे अपराधों से जनमानस खौफजदा होता जा रहा हैं। अपराध बड़े पैमाने पर बढ़ता ही जा रहा है, हत्या, दुष्कर्म, डकैती के मामले बदस्तूर बढ़ते ही जा रहे हैं। एक समाचार के अनुसार बद्दी में गांजा के नशा तस्करों द्वारा एक युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी और दो युवकों को बुरी तरह घायल कर दिया। पुलिस ने हत्या के आरोप में 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। ये युवक बाहरी प्रदेशों के हैं। बाहर के राज्यों के लोग देवभूमि में अशांति फैला रहे हैं। यह एक बहुत ही जघन्य अपराध है। अपराधियों को सजा दी जाए, ताकि ऐसे हत्याकांडों पर विराम ले सके। प्रदेश के हर जिले में लावारिस लाशें मिल रही है। दुष्कर्म हो रहे हैं,दहेज हत्याएं हो रही है। शहरों से लेकर गांव तक सरेआम हत्याएं हो रही है। दरिंदें दनदना रहे हैं। यह बहुत ही त्रासदी है। बेलगाम हो चुके अपराधी बेखौफ होते जा रहे हैं। अपराधी कानूनों को धता बताकर दरिंदगी कर रहे हैं। आखिर कब तक यह अपराधों की हदें लांघी जाएगी।

हिमाचल एक शांत प्रदेश है, मगर अपराधों के कारण अशांत होता जा रहा है। एक समय ऐसा भी था कि यहां महानगरों की तरह अपराध नहीं होते थे। पूरे देश में देवभूमि की मिसालें दी जाती थी कि हिमाचल सचमुच देवभूमि है, मगर बढ़ते अपराधों के कारण दैत्यभूमि बनती जा रही है। देवभूमि में ऐसे दानव प्रवेश कर रहे हैं। जो इस प्रदेश को अपराधों की शरणस्थली बनाने पर तुले है। मगर उनके यह मकसद कभी कामयाब नहीं हो सकते। प्रतिदिन घटित हो रहे अपराधों से हिमाचल बदनाम होता जा रहा है। इसकी साख पर दाग लगते जा रहे हैं। इन अपराधों के कारण बेटियों की सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह लगता जा रहा है। हत्याकांड से हर संवेदनशील हिमाचली डरा हुआ है। प्रदेश के इतिहास में यह प्रथम घटना है इससे पहले ऐसी वारदातें नहीं हुई है। अगर बीती घटनाओं से सबक सीखा होता तो आज ऐसा हादसा नहीं होता, अगर पहले हुए हादसों में अपराधियों को सख्त सजा मिली होती, तो अपराधियों के मन में एक डर होता। पुलिस को ऐसे अपराधियों को सरेआम चौराहों पर सबक सीखाना चाहिए, ताकि ऐसे जहरीले नागों का फन कुचला जा सके। जो समाज के लिए घातक साबित हो रहे हैं। सरकार को ऐसे मामलों पर संज्ञान लेना होगा। प्रदेश में लाखों के हिसाब से प्रवासी लोग रोजी रोटी के आते रहते हैं।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

मगर इनका कोई पंजीकरण तक नहीं होता, यदि समय-समय पर इनका रिकार्ड जांच किया जाता रहे, तो ऐसे हादसे रुक सकते हैं। इन घटनाओं से हिमाचल के लोग खौफ के साए में जीने को मजबूर हैं। प्रवासी लोग प्रदेश की शांति को ग्रहण लगा रहे हैं। आज पता नहीं कितने लोग बिना पंजीकरण के रह रहे हैं। इनका साया प्रदेश के प्रत्येक गांव शहर में फैलता जा रहा है। आजिविका के नाम पर यह लोग आते हैं मगर समय की नजाकत देखकर घिनौनी वारदातों को करते हैं। यह प्रदेश के लिए अशुभ संकेत हैं कि देवभूमि के लिए विख्यात हिमाचल प्रवासी लोगों की वजह से बदनाम हो रहा है। प्रदेश में अपहरण की वारदातें बढ़ने से लोग भयभीत है। आज प्रदेश में नेपाल,बिहार, राजस्थान, झारखंड , जम्मू कश्मीर के लोगों का तादात ज्यादा है। शहरों व गांव में लोग इन्हें बिना जांच पड़ताल के किरायेदार रखते हैं। चंद पैसों के लालच में लोग जोखिम उठा रहे हैं। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि प्रत्येक प्रवासी का पंजीकरण किया जाए।

यदि कोई अपराधिक मामलों में संलिप्त पाया जाता है, जो उसे सीधे हवालात में डाला जाए। मकान मालिकों को भी आदेश दिए जाएं कि बिना किसी पहचान पत्र के किसी को कमरा न दिया जाए, पूरी छानबीन करने के बाद ही किरायेदारों को मकान दिया जाए। प्रशासन को समय-समय पर ऐसे लोगों की पहचान करवानी चाहिए। आज औद्योगिक क्षेत्रों में लाखों की संख्या में प्रवासी मजदूरी कर रहे हैं। मगर कितने लोग थानों व पुलिस चौकियों में पंजीकृत है पता नहीं है। प्रशासन को चाहिए कि ऐसी वारदातों को रोकने के लिए टीमें गठित की जाएं, जो इन प्रवासी लोगों की हरकतों पर नजर रखे, इनके पिछले रिकार्ड की छानबीन करनी होगी। प्रदेश में प्रवासियों के इस सैलाब को रोकना होगा । जनमानस को एकजुट होकर इन लोगों को सबक सिखाना होगा। हिमाचली लोगों को इस घटना से सबक लेना होगा। सरकार को भी ऐसे अपराधिक प्रवृति के लोगों को राज्य से बाहर करना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। ऐसे लोगों को बख्शना नहीं चाहिए, जो प्रदेश में अशांति फैला रहे हैं। प्रशासन को चाहिए कि इस पर तुरंत कार्रवाई की जाए, ताकि ऐसी वारदातों की पुनरावृत्ति न हो सके। अपराधों का यह संक्रमण पूरे प्रदेश में फैलता जा रहा है। जिला चंबा के तीसा में भी एक विवाहिता का अपहरण के बाद गैंगरेप से भी देवभूमि के माथे पर एक दाग चंस्पा हो गया है। हालांकि महिला को बरामद करके परिजनों के हवाले कर दिया है, मगर यह कोई समाधान नहीं है। जब तक अपराधी को चौराहे पर सजा नहीं मिलेगी ऐसे हादसे रुकने के बजाए निरंतर बढ़ते ही जाएंगें।

हिमाचल में सिरफिरों द्वारा समय-समय पर ऐसे अपराधों को अंजाम देते रहते हैं। बीते कुछ साल पहले मंडी में भी एक सिरफिरे ने चलती बस में लड़की पर तेजाब फेंक कर बुरी तरह घायल कर दिया था। इस हादसें में उस लड़की की दोनों आंखों की रोशनी चली गई थी। यह घटना हैवानियत व दरिंदगी की इंतहा नहीं तो और क्या है, ऐसे हैवानों को सरेआम सजा देनी चाहिए। वर्तमान में समाज विकृतियों के दलदल में धंसता जा रहा है बहू-बेटियां न केवल बियावानों और चौराहों पर असुरक्षित है, अपितु घर में भी असुरक्षित महसूस कर रही है। प्रदेश में बढ़ते इन अपराधों से कानून व्यवस्था का जनाजा निकल गया है कि अपराधियों के मन से कानून का जरा भी डर नहीं है और सरेराह बेटियों से दुष्कर्म कर रहे हैं, चाकू मार कर मौत के घाट उतार रहे हैं। एक समय था कि हिमाचल में ऐसी घटनाओं की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। मगर अब हर रोज ऐसे समाचार समाचार पत्रों की सुर्खियां बन रहे हैं। पुलिस को भी ऐसे मामलों में संलिप्त अपराधियों पर शिकंजा कसना चाहिए। प्रदेश में बढ़ते अपराधों के इस सैलाब को रोकना हर हिमाचली का नैतिक कर्तव्य है। हर हिमाचली को समाज में पनप रहे असामाजिक तत्वों को नेस्तनाबूद करना होगा, जो प्रदेश की शांति को अशांत कर रहे हैं प्रदेश सरकार व प्रशासन हर बार अपराधों को रोकने के लिए योजनाएं बनाई जाती है मगर नतीजा शून्य ही निकल रहा है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# बलात्कार और हत्या की घटनाएं विकृत समाज की निशानी

सन 1978 में एक घटना हुई थी, जिसमें नौसेना के एक अधिकारी के बेटे की हत्या कर दी गई थी और उनकी बेटी को बलात्कार करने के पश्चात मार दिया गया था। उस वक्त पूरा देश इस घटना से मर्माहत और आक्रोशित था। इस घटना में रंगा और बिल्ला नाम के अपराधियों को फांसी की सजा सुनाई गई थी। निर्भया कांड के बाद भी पूरे देश में एक अजीब सा आक्रोश दिखा था। निर्भया मामले में पूरे देश में एक आवाज उठी थी कि इस जघंयतम मामले में दोषियों को बख्शा नहीं जाए और उन्हें ऐसी सजा दी जाए जो नजीर बने, पर अफसोस क्या ऐसा हो पाया? बिलकुल नहीं। उसके बाद भी बलात्कार की घटनाएं होती रहीं।



लेखक : मनीष वर्मा 'मनु'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

कुछ घटनाएं लोगों के संज्ञान में आई कुछ नहीं आई। परिणामस्वरूप क्या होता है, बहुत से मामलों में लोक-लाज और बदनामी के भय से पीड़ितों की आत्महत्या की खबरें भी आती हैं। आज कोलकाता में जो घटना हुई है, क्या आप कह सकते हैं कि ऐसी घटना दोबारा नहीं होगी? नहीं कह सकते हैं। हम सिर्फ और सिर्फ कहने के लिए बराबरी की बातें करते हैं। वास्तविकता कुछ और ही है। हमने महिलाओं को कमजोर समझ रखा है। जब चाहा उनके साथ जबरदस्ती कर ली।

आज भले ही पूरे देश में कोलकाता कांड के खिलाफ एक जन आक्रोष है और घटना घटित होने के दो चार दिनों के भीतर ही इस कांड में शामिल अपराधियों की खोज और उन्हें उचित सजा दिलाने की जिम्मेदारी सीबीआई को दे दी गई है। पर इस घटना के बाद भी इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। उत्तर बिहार के एक जिले में एक घटना घटती है जहां एक लड़की को अपराधियों ने उसके घर से उसके मां-बाप के सामने से घसीट कर ले जाते हैं और बलात्कार करने के पश्चात क्रूरता पूर्ण तरीके से उसकी हत्या कर दी जाती है। बलात्कार करने के बाद हत्या कर देने के मामले बढ़ गए हैं। शायद यह ट्रेंड निर्भया मामले के बाद कड़े कानून बनाने के पश्चात हुआ है। जब सबूत ही नहीं रहेगा, तो अधिकांश मामलों में तो लोग बच ही जाएंगे! जाति, धर्म और समाज से परे देश व्यापी आंदोलन चल रहा है। आशा करते हैं कि इससे समाज में जागरूकता बढ़ेगी। परंतु उम्मीद कम है। कोलकाता का ही मामला लें। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट जो सोशल मीडिया पर आ रही हैं उसे देखकर और सुनकर क्या आपको ऐसा लगता है कि इस घटना को अंजाम किसी एक व्यक्ति ने दिया है? पकड़े गए व्यक्ति ने शुरुआत में कहा कि मैं दोषी हूं, मैंने गलत किया है, मुझे फांसी पर चढ़ा दो। अब जो बातें आ रही हैं - मुझे फंसाया गया है । ऐसा वो कह रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता



### संतरा

राकेश डोगरा

*कुछ खट्टा-सा कुछ मीठा-सा,*
*नारंगी जैसा हूं गोल।*
*पीला-हरा हूं मैं रस वाला,*
*सब फलों में फल अनमोल।*
*दर्जन दो दर्जन ले जाओ।*
*न करना तुम टाल-मटोल।*
*हाथों-हाथ में बिक जाता हूं,*
*जब बजने लगता है ढोल।*
*सबकी पहुंच में मेरी हद है,*
*महंगा नहीं है मेरा मोल।*
*मेरा तो है नाम संतरा,*
*कर लेना मुझपर भी गौर।*
*छिल्के को न व्यर्थ गंवाना,*
*इसका भी करना उपयोग।*
*सारे मेरा रोपण करना,*
*करना पर अच्छा-सा होल,*
*फल मुझमें अनगिनत लगेंगे,*
*पक जाएं तो खाना दिल खोल।*

# राशन डिपुओं में खाद्यान्न गुणवत्ता सुधारने की जरूरत

उचित मूल्य की दुकानों में जनता को मिलने वाले खाद्यान्न दामों में निरंतर वृद्धि हो रही है। राशन दामों में वृद्धि ऊपर से गुणवत्ता में कमी दिनोंदिन देखने को मिल रही है। सुख की सरकार ने आटा, चावल दामों में वृद्धि करके प्रदेश की जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाया है। आज हालात ऐसे बन चुके हैं कि जनता को जीवन यापन करने के लिए अपनी जेब डिल्ली करनी पड़ रही है। राशन के दाम निरंतर बढ़ रहे और जनता अपने आपको ठगा सा महसूस कर रही है। हिमाचल प्रदेश में वर्तमान समय में 4925 सहकारी सभाएं, 69 खाद्य आपूर्ति निगम के अधीन जो घाटे में चल रही बताई हैं। डिपो धारकों को सिवाए कमीशन के कोई लाभ नहीं मिलता है। वह खाद्यान्न का वारदाना तक भी नहीं बेच सकते हैं। सहकारी सभाएं जनता के आर्थिक सहयोग द्वारा चलाई जा रही हैं। शेयर होल्डर सहकारी सभाओं में पैसा यह सोचकर लगाते कि उन्हें भविष्य में आर्थिक लाभ मिलेगा।

अधिकतर सहकारी सभाएं आजकल घाटे में चल रही, ऐसा कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं है। कुछेक सहकारी सभाओं की कमेटियां राजनीतिक संरक्षण आधार पर चलाई जा रही हैं। ऐसी कमेटियों की चुनावी प्रक्रिया क्या आम जनता कुछ नहीं जानती है?। कई वर्षों से सहकारी सभाओं में सिर्फ एक ही कमेटियों का आधिपत्य और खाद्य आपूर्ति विभाग मूक दर्शक बना हुआ है। सहकारी सभाओं को खोलने के पीछे क्या उद्देश्य कमेटियों को सजग करने की अधिक जरूरत है। सहकारी सभाओं की कमेटियों की दखल अंदाजी चलते कई डिपुओं में सचिव ही बिक्रेताओं की कुर्सी पर बिराजमान हैं।

इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि सचिव और बिक्रेता को कमीशन दिए जाना भी सहकारी सभाओं की कमेटियों के लिए आर्थिक चुनौती है। सहकारी सभाओं की ऐसी नकारात्मक कार्यप्रणाली के चलते वह कभी मुनाफे में आ सकती, आज बड़ा सवाल है। सहकारी सभाएं सिर्फ खाद्यान्न बेचने तक ही सीमित हैं। सहकारी सभाओं की दयनीय हालत के पीछे कु शल कमेटियों का अभाव, सचिव और बिक्रेताओं की कार्यप्रणाली गरीब विरोधी रहने की सुर्खियां अक्सर पढ़ने को मिलती हैं। कुछेक सहकारी सभाएं राजनीति का ऐसा अखाड़ा, दो कमेटियां तक भी इसे चलाने का दावा करती रही हैं। सहकारी सभाओं की कमेटियों द्वारा बेतरतीब ढंग से बांटे गए ऋण की वसूली नहीं हो पा रही है। बिक्रेताओं द्वारा जनता के पैसे का गलत इस्तेमाल किए जाने के कारण भी डिपुओं की हालत खस्ता हुई है। केंद्र सरकार राज्य सरकारों को खाद्यान्न पर सब्सिडी देती रही, जिससे हिमाचल प्रदेश के राशन कार्ड धारकों को इसका लाभ मिलता था। पूर्व भाजपा सरकार समय केंद्र सरकार ने उक्त सब्सिडी को बंद कर दिया था। पूर्व सरकार अपने बलबूते पर 17 लाख से अधिक राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न मुहैया करवाती रही है। सुख की सरकार समय भी राशन कार्डधारकों को डिपुओं में खाद्यान्न मिल रहा है।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

आज हालात ऐसे बन चुके है कि आए दिन खाद्यान्न वस्तुओं के दाम बढ़ते जा रहे। जिससे राशन कार्ड धारकों को खास लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार की मजबूरी की वह इस खाद्यान्न को बंद नहीं करवा सकती है। ठीक इसी कारण ही राशन कार्ड धारकों को कई वार डिपुओं से पर्याप्त खाद्यान्न नहीं मिल पाता है। उचित मूल्य दुकान बिक्रेता राशन कार्डधारकों को समझाने की पूरी कोशिश करते कि कुछेक वस्तुओं की टेंडर प्रकिया लंबित रहने के कारण ऐसा हो रहा है। राशनकार्ड धारक इसी बात को लेकर कई बार बिक्रेताओं के साथ उलझ जाते और उन पर कई आरोप लगाने से बाज नहीं आते है। सहकारी सभाओं में कभी राशन कार्ड धारकों को कपड़ा, कापियां, किरोसीन तेल, कीट नाश्क दवाइयां, स्प्रे, बीज, कृषि औजार तक मिलते थे। किसानों को मुफ्त बीज तक दिए जाते रहे, जिससे उनकी आर्थिकी बढ़ सके। सुख की सरकार भी आए दिन डिपुओं में खाद्यान्न सहित अन्य चीजें बेचने के दावे करती है।

सरकार की मंशा की उचित मूल्य दुकानों में अतिरिक्त सामान बेचने से वह आर्थिक रूप से समृद्ध बनकर अपना सफल कारोबार चला सकती हैं। सहकारी सभाएं मुनाफे में रहने पर ही राशन कार्ड धारकों को सस्ती दरों पर ऋण मिल सकेगा। अन्यथा सहकारी सभाओं ने ऋण पर इस कदर अतिरिक्त ब्याज लगाकर रखा कि आम आदमी इसे लेने से पहले सौ बार सोचता है। सहकारी सभाओं के बिक्रेताओं को खाद्यान्न वितरित करने समय खाद्य आपूर्ति विभाग की नाकामी का खामियाजा भुगतना पढ़ता है। खाद्य आपूर्ति विभाग का सर्वर हमेशा डाउन ही रहता और अधिकतर सहकारी सभाओं में जनता पूरा दिन डेरा जमाकर रखती है।

बिक्रेता राशन कार्ड धारकों के हाथों की उंगलियों को कार्ड रीडर पर बार-बार स्केन करने की कोशिश करता है। कभी कभार खाद्य आपूर्ति विभाग की नाकामी का खामियाजा राशनकार्ड धारकों और बिक्रेताओं को चुकाना पड़ता है। ई केवाईसी की प्रक्रिया पिछले दो वर्षों से चल रही और अभी भी 33 प्रतिशत काम इसका लंबित है। खाद्य आपूर्ति विभाग ने प्रदेश के राशन कार्ड धारकों को ई केवाईसी करवाए जाने की अंतिम तारीख 29 फरवरी बताई है। ठीक इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि दूर संचार कंपनियों का खराब सिग्नल और खाद्य आपूर्ति विभाग की लापरवाही के चलते यह प्रक्रिया बिक्रेताओं और राशनकार्ड धारकों के लिए मुसीबत बन चुकी है। प्रदेश सरकार को ऐसी तकनीकी खराबी समय बिक्रेताओं को मेनुअल एंट्री करके राशन कार्ड धारकों को राहत पहुंचाने के लिए अधिकृत करना चाहिए। सहकारी सभाएं क्षेत्रीय बैंकों के सहयोग से इस कारोबार को चला रही हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय राजनीतिज्ञ और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष

**सरदार** हुकम सिंह भारतीय राजनीतिज्ञ तथा सन 1962 से 1967 के बीच लोक सभा के तीसरे अध्यक्ष थे। वे राजस्थान के राज्यपाल (1967 से 1972) भी रहे थे। हुकम सिंह को अकाली दल के सदस्य के रूप में अप्रैल, 1948 में भारत की संविधान सभा के लिए चुना गया था। वह अंतरिम संसद (1950-52) के सदस्य भी रहे और बाद में अकाली पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हुए 'पेप्सू' निर्वाचन क्षेत्र से 1952 में पहली लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। राजनीति के साथ-साथ हुकम सिंह अन्य अनेक क्षेत्रों में भी अग्रणी थे। अपने कॉलेज के दिनों में वह एक जाने-माने खिलाड़ी थे तथा वर्ष 1914-16 के दौरान वह पंजाब विश्वविद्यालय की हॉकी टीम के सदस्य भी रहे। हुकम सिंह ने 'शिरोमणि अकाली दल' के माध्यम से राजनीति में पदार्पण किया और वह तीन वर्षों तक इसके अध्यक्ष रहे। वह मोंटगुमरी सिंह सभा के सदस्य भी थे और तीन वर्षों तक इसके अध्यक्ष रहे। हुकम सिंह को गुरुद्वारा सुधार आंदोलन के संबंध में 1924 में गिरफ्तार किया गया था और लगभग दो वर्ष के कारावास का दंड दिया गया। देश के बंटवारे के समय हुकम सिंह अगस्त 1947 में शरणार्थी के रूप में भारत आ गए। तथापि, उनकी प्रतिभा को शीघ्र मान्यता मिली और उन्हें दिसंबर, 1947 में राज्य उच्च न्यायालय, कपूरथला का कनिष्ठ न्यायाधीश नियुक्त किया गया। वह इस पद पर नवंबर 1948 तक आसीन रहे। ■



**सरदार हुकम सिंह**
**जन्म :** 30 अगस्त,1895
**मृत्यु :** 27 मई, 1983

## अपनी बात

**अनंत** ज्ञान के 27अगस्त के संपादकीय में 'पक्ष और विपक्ष की भूमिका' शीर्षक से की गई टिप्पणी में यह सही कहा है कि मानसून सत्र में 10 बैठकें होनी हैं पर विपक्ष सत्र शुरू होने से पहले ही पानी फेरता हुआ नजर आ रहा है। बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भी विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने अपनी बीमारी का हवाला देकर नहीं आए और बाकी के भाजपा विधायकों को भी बैठक में जाने से रोक दिया। दबी जुबान में इस चर्चा का बढ़ना स्वाभाविक सी बात है, क्योंकि वह सरकार को घेरकर उसकी फजीहत करना चाहता है। वैसे भी विपक्ष द्वारा हंगामा पूर्ण माहौल बनाकर जगहंसाई करवाने का सिलसिला लंबा हो चला है,जबकि विपक्ष को चाहिए कि सर्वदलीय बैठक से किनारा न करके उसे सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों पर निर्माणात्मक आलोचना करनी चाहिए ,न कि बहिष्कार वाला विपक्ष बनाते जाने का इतिहास रचना चाहिए। सदन में शांति बनाए रखकर और अनुशासन में रहकर व्यक्तिगत हमलों से बचना चाहिए। विपक्ष को प्रदेश हित में निर्णय लेने में मदद करनी चाहिए। पक्ष और विपक्ष को सदन की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। बहिष्कार की परिपाटी को बदलना इसलिए भी जरूरी हो जाता है ,ताकि लोकतंत्र की गरिमा पर कोई कुठाराघात न हो और विकास संबंधी मुद्दों पर चर्चा वहीं निर्णय लेने में किसी प्रकार की बाधा न आए। जनता के पैसे की बर्बादी न हो इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए मानसून सत्र सुचारु रूप से चलेगा। **भीम बसेडू राजपूत, महादेव, सुंदरनगर**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# सैनिक की शहादत से बढ़कर कोई बलिदान नहीं

किसी भी देश की सीमाएं तब तक ही सुरक्षित मानी जाती है, जब जब उस देश के बहादुर सैनिक रात-दिन मुस्तैदी के साथ देश की आन बान और सुरक्षा के लिए खड़े रहते हैं, तो वहीं हमारे देश के वीर सैनिकों ने समय-समय पर जब-जब भी देश पर कोई आपत्ति और किसी दुश्मन ने आंख उठाकर भी देखा है, तब-तब हमारे देश के वीर सैनिकों ने अपनी वीरता का बखूबी परिचय दिया है और देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर भी किया, अर्थात देश के लिए शहादते पाईं हैं। जिसका इतिहास गवाह है, इसी परिप्रेक्ष्य में आज आप सभी के समक्ष ऐसे गंभीर और गौरवपूर्ण विषय पर चर्चा एवं विश्लेषण करने का प्रयास करेंगे, जो जनहित और देशहित में माना जाता है। जैसा कि हम सभी को मालूम रहता है कि हमारे देश के समय-समय पर देश की सुरक्षा और देशहित में अपना सर्वस्व न्योछावर कर रहे हैं।

जिसमें विभिन्न राज्यों के सैनिक वीरगति को प्राप्त होते हैं और देशहित के लिए यह शहादते वर्तमान में भी जारी है और संभवतः भविष्य में भी कदाचित सुनने को मिलती रहेगी, परंतु हम सभी का नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम भविष्य में इस बात को सुनिश्चित करने का प्रयास करें कि जिस परिवार ने देशहित एवं हम सभी के लिए अपना लाडला एवं सपूत को खो दिया है, उस परिवार के प्रति हम सभी अर्थात समाज का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम उस परिवार को किसी न किसी रूप से सहयोग एवं उनके दुःख सुख के सहभागी बनें, ताकि उस शहीद सैनिक को शहादत के बाद भी यह अहसास जरूर हो कि जिस देश, समाज के लिए मैंने सर्वोच्च बलिदान दिया है वह देश, और समाज मेरे परिवार अर्थात माता-पिता, बच्चे, पत्नी, भाई इत्यादि के प्रति किसी न किसी रूप से सहारा बनने का प्रयास कर रहे हैं, क्योंकि वर्तमान में किसी भी क्षेत्र में जब कोई सैनिक देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देता है तो निसंदेह उससे बढ़कर कोई बलिदान हो नहीं सकता, इस प्रकार जब शहीद सैनिक की पार्थिव देह अंतिम संस्कार के लिए लाई जाती है तो संभवतः क्षेत्र समाज के लोग अपनी काफी हद तक अपनी उपस्थिति अर्थात सहभागिता सुनिश्चित करते हैं और शहीद सैनिक की वीर गाथा और देश हित के प्रति खासा रुझान देखने एवं सुनने को मिलता है।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

जो संभवतः होना भी चाहिए, परंतु शहीद सैनिक के शहादत के कुछ समय बाद उनके परिवार के प्रति लोगों का अपनत्व एवं लगाव कहीं न कहीं कम हो जाता है, जबकि परिवार को अपने लाडले को खोने के बाद अनेक प्रकार के सहयोग एवं सुझाव इत्यादि की दरकार रहती है, इसलिए आज हम सभी युवाओं एवं समाज को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है कि हम सभी अपने-अपने स्थानीय शहीद हुए वीर सैनिकों के परिजनों के दुख-सुख के सहभागी बनने का प्रयास करें, अमूमन वर्तमान में हर व्यक्ति के पास समय का अभाव रहता है, परंतु फिर भी जिस वीर सैनिक ने हम सभी अर्थात देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है, उस परिवार के प्रति हम सभी का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि किसी न किसी रूप से सहयोगी बने, ऐसी उम्मीद और आशा जरूर करते हैं और इस छोटे से संदेश एवं सुझाव को अगर उचित लगे तो हर व्यक्ति एवं समाज तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएं, ताकि भविष्य में हम आप भी शहीद के परिजनों के दुख- सुख के सहभागी बन सकें, क्योंकि अधिकांश क्षेत्रों में शहीद के परिवार में कभी-कभी माता पिता के लिए कोई सहारा नहीं रह जाता।

तो वहीं क्षेत्रों में छोटे बच्चे की परवरिश करना मुश्किल हो जाता है, तो कहीं पर पत्नी को पूरे परिवार को उम्रभर चलाना मानों एक बड़ी चुनौती और समस्या बन जाती है, इसी मानवता के लिए अगर हम आप उनके प्रति आदरभाव और सहयोगी बनते हैं तो शहीदों के परिवार कहीं न कहीं फिर से मानों एक नया जीवन जीने की हिम्मत करते हैं और उनको यह भी अहसास होता है कि हमारे सपूत ने देश सेवा के लिए जो शहादत पाई है, उसका हमें फर्क है तो वहीं अहसास होता है कि समाज भी हमें अपना सहयोग कर रहा है, जिस सहयोग और समर्थन की शहीद के परिवार को हमेशा उनको कहीं न कहीं कमी भी खलती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### आंगनबाड़ी केंद्रों में होने वाली भर्ती रद्द

**मंडी।** बाल विकास परियोजना अधिकारी मंडी सदर वंदना शर्मा ने बताया कि बल्ह उपमंडल के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र ढाबण-1, माण्डल-2, गुटकर और छलखी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सोयरा और रठोहा में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। उन्होंने बताया कि अब इन केंद्रों के लिए होने वाली भर्ती प्रक्रिया को प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दिया गया है।

### मां बगलामुखी मंदिर सेहली में वार्षिक जाग 7 को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** तुंगल क्षेत्र के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां बगलामुखी मंदिर सेहली में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 69वीं वार्षिक जाग बड़ी धूमधाम से मनाई जा रही है। माता बगलामुखी मंदिर सेहली के पुजारी अमरजीत शर्मा ने बताया कि इस जाग में देवताओं और डायनों के बीच हुए युद्ध के बारे में विस्तार पूर्वक बताया जाता है। जिन लोगों के ऊपर डायनों का प्रभाव युद्ध के दौरान पड़ा होता है उनके बारे में न केवल बताया जाता है बल्कि उसके उपाय भी बताए जाते हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार 7 सितंबर को सायं 5 बजे से रात 10 बजे तक भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जबकि रात 8 बजे से 12 बजे तक जागरण का आयोजन विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा किया जाएगा। रात 12 बजे मां की पूजा-अर्चना होगी व जाग का आयोजन होगा।

### आपदा जोखिम के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर/सरकाघाट।** उपमंडल धर्मपुर में आपदा न्यूनीकरण के उद्देश्य से जिला प्रशासन आपदा प्रशिक्षण मंडी व राज्य आपदा प्रबंधन की ओर से आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम वीरवार को संपन्न हो गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 27 अगस्त को उपमंडलाधिकारी जोगिंद्र पटियाल द्वारा किया गया था। इस कार्यशाला में धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की चार पंचायतों धन्यार, नेरी, बनाल व चनौता के आए स्वयंसेवकों ने भाग लिया तथा आपदा से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की। जिला आपदा प्राधिकरण मंडी से जिला सर्व समन्वयक अमरजीत सिंह ने आपदा प्रबंधन पर विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

### एक सितंबर से शुरू होगा पोषण माह : हिमानी

**अनंत ज्ञान, पधर।** एसडीएम पधर हिमानी शर्मा ने बताया कि 1 सितंबर से 30 सितंबर तक 7वां राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन बाल विकास परियोजना द्रंग के सभी आगनवाड़ी केंद्रों में किया जाएगा। पोषण माह के दौरान लोगों को जीवन में पोषण के महत्व व सही पोषण के बारे में जानकारी दी जाएगी। लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करने हेतु खंड वृत्त तथा आंगनबाड़ी स्तर पर विभिन्न विभागों की सहभागिता से भिन्न-भिन्न गतिविधियां भी इसी के साथ आयोजित की जाएगी।

### लोगों ने सीखी प्राकृतिक खेती की विधि



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश जिला मंडी विकासखंड सुंदरनगर द्वारा कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा मंडी के अंतर्गत प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना में कांगू के देहवी गांव में दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें किसानों को प्राकृतिक खेती में उपयोग होने बाले घटक बीजामृत, घनजीवामृत, जीवामृत, द्रेकस्त्र, अग्निअस्त्र तथा ब्रम्हास्त्र प्रयोगात्मक रूप से बताए गए। कृषि विकास खण्ड सुंदरनगर के खंड तकनीकी प्रबंधक लेखराज ने बताया कि शिविर में ग्राम पंचायत कांगू के लगभग 30 किसानों ने भाग लिया। शिविर में मंडी जिला के उप परियोजना निदेशक डॉ संजय ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### नरोला में एक सितंबर को लगेगा मेडिकल कैंप

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिले के उपमंडल बलद्वाड़ा के अंतर्गत आने वाले गांव नरोला की लखदाता मंदिर कमेटी के सदस्यों ने 'अमर अस्पताल मोहाली' के डॉक्टरों के सौजन्य से 1 सितंबर को गवर्नमेंट प्राथमिक पाठशाला नरोला में एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया है, जिसमें हृदय विशेषज्ञ डॉक्टर पंकज गुप्ता एवं हड्डी विशेषज्ञ डॉक्टर उमंग वर्मा उपस्थित रहेंगे और अपनी सेवाएं मुफ्त इस शिविर में देंगे। यह चिकित्सा शिविर सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर जब तक पूरे मरीजों को नहीं देखा जाएगा तब तक चलता रहेगा। लखदाता मंदिर कमेटी के प्रधान हरीमन तथा उप प्रधान बलदेव सिंह वर्मा ने बताया कि यह चिकित्सा शिविर न सिर्फ नरोला गांव के निवासियों के लिए है।

### नुक्कड़ नाटक से किया एड्स के खिलाफ जागरूक



**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय महाविद्यालय पनारसा में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रेड रिबन क्लब के पियर एजुकेटर द्वारा एचआईवी और एड्स के प्रति जागरूकता बारे नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसमे महाविद्यालय के स्टाफ सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे। उधर महाविद्यालय में शनिवार 31 अगस्त को शिक्षक अभिभावक संघ बैठक बुलाई गई है।

### केंलग प्राइवेट लिमिटेड चौंतड़ा ने करवाई मैराथन



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** चौंतड़ा में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष पर वीरवार को केंलग प्राइवेट लिमिटेड चौंतड़ा द्वारा मैराथन का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशांत गर्ग अभिनय ठाकुर, केहर चौहान, पुलिस चौकी चौंतड़ा के पुलिसकर्मी, विद्यालयों के शारीरिक शिक्षक व युवा प्रतिभागी मौजूद रहे। प्रशांत गर्ग ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष पर इस मैराथन को करवाने का लक्ष्य युवाओं को नशे से दूर रखकर खेल कूद गतिविधियों में बढ़ावा देना है।

### जोगिंद्रनगर में भाजपा मंडल कार्यशाला



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** भाजपा मंडल जोगिंद्रनगर द्वारा सदस्यता अभियान कार्यशाला का आयोजन जोगिंद्रनगर में मंडल अध्यक्ष अजय सकलानी की अध्यक्षता किया गया। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष पायल वैद्य व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणवीर सिंग, जिला सोशल मीडिया संयोजक देवेंद्र राणा भी उपस्थिति रहे। सदस्यता अभियान की प्रदेश संयोजक पायल वैद्य ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से सदस्यता अभियान के बारे में जानकारी दी।

## दुष्कर्म के आरोपियों को 24 घंटों में हो फांसी, सरकार बनाए कानून

# विद्यार्थियों का शहर में प्रदर्शन

**पुष्पराज, मंडी**




बारिश में डीसी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए छात्र एवं छात्राएं।

कोलकाता में महिला डॉक्टर की निर्मम हत्या का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। वीरवार को इसके विरोध में वल्लभ महाविद्यालय और सरदार पटेल विश्वविद्यालय के छात्रों ने जोरों शोरों से विरोध प्रदर्शन किया।

वीरवार को हल्की बारिश में भी छात्र, छात्राओं ने विरोध-प्रदर्शन जारी रखा और करीब 3 घंटे लगातार नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन जारी रहा। इस विरोध -प्रदर्शन में भारी संख्या में छात्र और छात्राओं ने मिलकर जमकर नारेबाजी की और महिला डॉक्टर को इंसाफ दिलाने की मांग की।

इस दौरान वल्लभ महाविद्यालय के छात्र तरुण ठाकुर ने बताया कि भारत में बढ़ते दुष्कर्म के मामले के विरोध में किया गया है ताकि देश में बहन-बेटियां सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि यदि हत्या की सजा एक साल में दोषी को मिलती है तो बलात्कार की सजा भी तुरंत दोषी को मिलनी चाहिए।

उन्होंने कहा की जिस तरह निर्भया केस में 7 साल बाद दोषियों को सजा मिली जो सही नहीं है। उन्होंने सरकार से मांग की है बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए सरकार को ऐसा कानून बनाना चाहिए जिसमें दुष्कर्म के आरोपी को 24 घंटे में फांसी की सजा सुनाई जाए ताकि इस प्रकार के अपराधों पर रोक लग सके। उन्होंने कहा कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर की निर्मम हत्या में

### कहा-पुलिस दोषी के एनकांउटर की जानकारी करे सार्वजनिक

एक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है कि एक दोषी का एनकाउंटर कर दिया गया है लेकिन उसकी जानकारी किसी को भी नहीं दी गई है।

उन्होंने कहा कि दोषी की जानकारी सबके साथ साझा की जाए। वहीं वल्लभ महाविद्यालय की छात्रा पिकाक्षी ने कहा कि यह

### दोषियों को सख्त सजा न मिलने पर पूरे देश में किया जाएगा प्रदर्शन

सरकार की जिम्मेदारी है बहन-बेटियों को सुरक्षित महसूस करवाया जाए और जो आए दिन दुष्कर्म के मामले बढ़ते जा रहे है उनको रोक लगाने के लिए सरकार को सख्त कानून पारित करना चाहिए।

उन्होंने कहा की आज युवा और छात्र शक्ति एक हुई है और विरोध प्रदर्शन कर रही है उन्होंने कहा कि दोषियों को सख्त सजा नहीं मिलती है तो इसके खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन किया जाएगा।

# बरसात में भी पानी की बूंद-बूंद को तरसे सेरली बताही के लोग

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत पटड़ीघाट के गांव सेरली बताही में लोग बरसात में भी पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हम गांववासी पिछले कई वर्षों से पानी को तरस रहे हैं। हम कई बार कांग्रेस व भाजपा के नेताओं व विभाग से पानी के समस्याओं के बारे में मिले, परंतु आज कई वर्ष बीतने के बाद भी हमें कोई भी पानी की पर्याप्त आपूर्ति न दे सके। पानी न आने के कारण हमारे गांव में लगे नल मात्र शोपीस बन कर रह गए हैं, जो आज कल बच्चों के खेलने के काम आ रहे हैं। हमें पिछले दो सप्ताह बरसात में पानी की बूंद बूंद को तरस रहे हैं हमारे गांव से जल स्त्रोत भी लगभग आधा किलोमीटर से भी दूर है।



स्थानीय लोगों में वार्ड पंच कांता देवी, राकेश आजाद, रवि चंद, ललिता देवी, चुनी लाल, मस्त राम, ईश्वर दास, छवि राम, हरी चंद, हुकमी देवी, बद्री राम, चमन लाल, छवि राम, अनु कुमारी आदि लोगों का कहना है, कुछ दिन पहले अधीक्षण अभियंता के आदेश के बाद जल शक्ति विभाग ने हमें दूसरी लाइन से पानी दिया और लगभग कुछ दिनों तक हमें तीसरे दिन पर्याप्त पानी दिया गया, परंतु कनिष्ठ अभियंता ने दो सप्ताह बाद सेरली बताही का कनेक्शन काट दिया गया, जिसके बाद आज पिछले दो सप्ताह से हम गंदा पानी पीने को मजबूर हो गए हैं।

हमारे द्वारा कई बार कर्मचारियों व अधिकारियों से पानी की शिकायत की हैं, परंतु जल शक्ति विभाग हमारी ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है। अगर अब हमारी पानी की समस्या को दूर नहीं किया, तो अब हम कलखर चौक में जल शक्ति विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन करंगे।

इस बारे में अधिशाषी अभियंता विवेक हाजरी से बात करने पर उन्होंने बताया कि पहाड़ी से पथर गिरने के कारण मेन लाइन टूट गई है, जिसे जोड़ा जा रहा है और कल तक सेरली बताही गांव में पानी की आपूर्ति दी जाएगी। वहीं लाइन से भील निकालने के बारे में मुझे कोई जानकारी प्राप्त नहीं है।( अनंत ज्ञान)

# महिला पर हमला, प्रधान सहित 10 लोगों पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

गांव चम्यार में एक महिला पर हमले का मामला सामने आया है। गिरजा देवी पत्नी रतन चंद ने पुलिस थाना सरकाघाट में शिकायत दर्ज कराई है कि 26 अगस्त 2024 को गांव के प्रधान अशोक कुमार कुछ लोगों सहित घर में घुस गया और उन पर हमला कर दिया। गिरजा देवी ने आरोप लगाया कि प्रधान अशोक कुमार के साथ ओम चंद, वंदना देवी (पत्नी सुनील कुमार), विद्या देवी (पत्नी मुंशी राम), निशा देवी (पत्नी संजीव कुमार), सुखा देवी (पत्नी अमर सिंह), जसमंती देवी (पत्नी राकेश), पंकज कुमार (पुत्र देशराज), रीना देवी (पत्नी अशोक कुमार) और लीला देवी (पत्नी संजय कुमार) शामिल थे।

गिरजा देवी ने इस घटना की जानकारी अपने बेटों और बेटियों को दी। हमले के बाद आरोपी अपने घर लौट गए। गिरजा देवी के अनुसार, इस हमले में उन्हें पूरे शरीर पर चोटें आई हैं। एसएचओ सरकाघाट रजनीश ठाकुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि भारतीय न्याय सहितां से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### विश्व हिंदू परिषद की होगी बैठक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** विश्व हिंदू परिषद हिमाचल प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 31 अगस्त से 1 सितंबर तक श्री रामकृष्ण आश्रम लदरुही में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में प्रदेश के सभी जिलों से पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। जोगिंद्रनगर विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष होशियार सिंह ठाकुर ने बताया कि बैठक में संगठन के विभिन्न विषयों पर दो दिन तक चर्चा की जाएगी तथा धार्मिक समस्याओं के बारे में गहराई से चिंतन किया जाएगा।

होशियार सिंह ने कहा कि इस महत्वपूर्ण बैठक में देश और प्रदेश के पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

# स्पोर्ट्स छात्रावास सुंदरनगर ने जीती हॉकी प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**




विजेता टीम को सम्मानित करते हुए एडीसी।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर युवा सेवाएं एवं खेल विभाग द्वारा पड्डल मैदान में आयोजित पुरूषों की हॉकी प्रतियोगिता में हॉकी स्पोर्ट्स छात्रावास सुंदरनगर ने पड्डुल सेंटर हराकर विजेता बनी। महिलाओं की हॉकी प्रतियोगिता में पड्डुल मंडी केन्द्र ने गर्ल्स स्कूल मंडी को हराकर विजेता बनी। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में चार टीमों बॉयज स्कूल मंडी, वीजीसी मंडी, पड्डुल सेंटर और हॉकी स्पोर्ट्स हॉस्टल सुंदरनगर की चार टीमों ने भाग लिया। जबकि महिलाओं ने गर्ल्स स्कूल मंडी और पड्डुल सेंटर मंडी टीमों ने भाग लिया।

विजेता टीमों को एडीसी मंडी ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी दीप्ति वैद्य ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से मेजर ध्यान चंद के भावों को सांझा करके खेलों के महत्व को उजागर किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस पर विभिन्न विकास खंडों में वॉलीबॉल व स्वदेशी खेलों का भी आयोजन किया गया।

### कांग्रेस सरकार कर रही भेदभाव : प्रकाश राणा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** शिमला में चल रहे सदन में पीडब्ल्यूडी विभाग जोगिंद्रनगर में हो रहे भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी सुनकर हुए हैरान व परेशान दिया कार्रवाई का आश्वासन। विधानसभा क्षेत्र जोगिंद्रनगर में ओएफसी 5जी नेटवर्क बिछाने हेतु कंपनियों द्वारा 85 किलोमीटर के करीब सड़कों के साथ नालियों की खुदाई की। यह बात प्रकाश राणा ने बताते हुए कहा कि कंपनियों द्वारा नालियों की खुदाई करीब 5 से 6 फीट गहरी व 3 से 4 फीट के करीब चौड़ी की गई।

ओएफसी बिछाने के बाद कंपनियों द्वारा खोदी गई नालियों को पक्का करने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग जोगिंद्रनगर को तकरीबन 16 करोड़ से ज्यादा की धनराशि उपलब्ध करवाई गई। लेकिन विभाग के द्वारा 1 किलोमीटर के करीब भी नालियों को पक्का नहीं किया गया। जोगिंद्रनगर पीडब्ल्यूडी विभाग पूरी तरह से भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है सिर्फ रखरखाव और सफाई के नाम पर 16 करोड़ की राशि का गबन कर दिया।

### पलक ठाकुर का नर्सिंग लेफ्टिनेंट पद पर चयन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** ग्राम पंचायत सरसकान के हवाणी गांव की पलक ठाकुर का सेना में नर्सिंग लेफ्टिनेंट के पद पर चयन हुआ है।



पलक 16 सितंबर से मिलिट्री हॉस्पिटल फिरोजपुर कैंट पंजाब में लेफ्टिनेंट के पद में अपनी सेवाएं देंगी। पलक के पिता दीपक राज सेना से सेवानिवृत्त हुए हैं और माता रूमला देवी गृहणी होने के साथ साथ हवाणी वार्ड द्वितीय में वार्ड पार्षद का दायित्व भी संभालती हैं। पलक युवाओं के लिए प्रेरणा की किरण बनकर उभरी हैं।

# दयानंद भारतीय स्कूल में मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



शतरंज खेलते स्कूल के बच्चे।

दयानंद भारतीय पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोगिंद्रनगर में मेजर ध्यान चंद की याद में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य राजेश डोगरा ने बताया कि चैस प्रतियोगिता करवाई गई।

जूनियर वर्ग में श्रीधा पंडित पहले व सोहम ठाकुर दूसरे स्थान पर रहे वहीं सीनियर वर्ग में शिवांश कपूर पहले स्थान पर रहे। इसके अलावा दयानंद भारतीय पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल जोगिंद्रनगर के बीच बास्केटबॉल का फ्रैंडली मैच करवाया गया इसमें दयानंद भारतीय पब्लिक स्कूल विजेता रहा।

### पंचायतों में होंगी महिला ग्राम सभा बैठकें

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी।** आगामी रविवार यानी एक सितंबर को प्रात: 11 बजे जिला की सभी ग्राम पंचायतों में महिला ग्राम सभा बैठकों का आयोजन किया जाएगा। जिला के 14 विकास खंडों की 559 ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली इन बैठकों में महिलाओं व बच्चों से संबंधित विभिन्न विषयों के अलावा पंचायतों में विकास संबंधी कार्यों पर चर्चा होगी।

पंचायती राज विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा विकासखंड बल्ह की 44, बालीचौकी खंड की 50, चौंतड़ा की 42, चुराग की 31, धनोटू की 32, धर्मपुर की 54, द्रंग की 45, गोहर की 37, गोपालपुर खंड की 50, करसोग की 34, निहरी की 20, मंडी की 54, सराज की 36 और सुंदरनगर की 30 ग्राम पंचायत में इन बैठकों की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### अभिलाषी ग्रुप सुख आश्रय योजना के अंतर्गत देगा छात्रों को नि:शुल्क शिक्षा

**अनंत ज्ञान, रत्ती**

मंडी जिले में स्थित अभिलाषी ग्रुप शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहा है। इसी कड़ी में पहल करते हुए अभिलाषी ग्रुप ने हिमाचल प्रदेश सरकार की सुख आश्रय योजना के अंतर्गत 5 छात्रों को नि:शुल्क शिक्षा मुहैया करवाने का निर्णय लिया है।

अभिलाषी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरके अभिलाषी व सचिव नरेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री से मिलकर इस योजना को अपने ग्रुप में लागू करने का पत्र सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस बात से भी अवगत करवाया कि इस योजना के अंतर्गत अभिलाषी शिक्षण समूह एवं अभिलाषी विश्वविद्यालय में इन छात्रों का संपूर्ण खर्चा जैसे की ट्यूशन फीस, खाना, रहना व किताबें इत्यादि भी नि:शुल्क रहेगा। चेयरमैन डॉ. आरके अभिलाषी ने बताया कि छात्र इंजीनियरिंग, एएनएम, जीएनएम, बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी, बीएससी एग्रीकल्चर, बीए-बीएड, बीएससी-बीएड, बीबीए और बीसीए जैसे विषयों में नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। डॉ. आरके अभिलाषी ने कहा कि इस पहल को देखते हुए मुख्यमंत्री ने अभिलाषी ग्रुप का आभार व्यक्त किया।

### नौणा चलयाला में होगा 'एक पौधा मां के नाम' कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** 'एक पौधा मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन 31 अगस्त को थाची वन परिक्षेत्र के अंतर्गत नौणा चलयाला में आयोजित किया जाएगा। उपमंडल अधिकारी नागरिक बालीचौकी ने कार्यक्रम को लेकर विभाग के अध्यक्षों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निर्देश जारी कर दिए है। वन मंडल अधिकारी एसएस कश्यप ने भी अपने विभागीय कर्मचारियों को संबंधित कार्यक्रम को लेकर रोपे जाने वाले पौधों की उपलब्धता को लेकर आवश्यक निर्देश जारी कर दिए है।

# सुरक्षित भवन निर्माण के लिए जन जागरूकता जरूरी

**अनंत ज्ञान, मंडी**



बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी मंडी रोहित राठौर।

एडीसी मंडी रोहित राठौर ने कहा कि गांव स्तर पर सुरक्षित भवन निर्माण को सुनिश्चित करने के लिए आम जनमानस का जागरूक होना बहुत जरूरी है।

रोहित राठौर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) मंडी द्वारा सुरक्षित भवन निर्माण के प्रति सितंबर से चलाए जाने वाले अभियान की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा जब भवन निर्माण करने वाला प्रत्येक व्यक्ति इस बात को समझे की किस लिए सुरक्षित भवन निर्माण जरूरी है। बैठक में जागरुकता अभियान की रूपरेखा को लेकर जिला के संबंधित अधिकारियों के साथ भी चर्चा करते हुए एडीसी ने अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए। 2 अक्तूबर को आयोजित की जाने वाली ग्राम सभाओं में लोगों को सुरक्षित भवन निर्माण की जानकारी दी जाएगी।

विभाग द्वारा अभियान के अंतर्गत अक्तूबर माह में विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जाएगा।

**खुशखबरी** गाय प्रजाति में बछिया की जन्म दर को बढ़ाने के लिए पशुपालन विभाग प्रयत्नशील

# गायों के कृत्रिम गर्भाधान के आ रहे सकारात्मक परिणाम

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

पशुपालन विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे एक्सीलेरेटेड ब्रीड इम्परूवमेंट प्रोग्राम- सेक्स सार्टेड तकनीक से कृत्रिम गर्भाधान के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से गाय प्रजाति में बछिया पैदा हों, इसके लिए सेक्स सार्टेड सीमेन टेक्नोलॉजी से बछड़ों के जन्म दर को कम करके बछिया के जन्म दर को बढ़ाने के लिए हिमाचल प्रदेश पशुपालन विभाग प्रयत्नशील है। आज देश प्रदेश में बछड़ों, बैलों की बढ़ती जनसंख्या तथा दूसरी ओर खेतों में इनके न्यूनतम इस्तेमाल से



बछड़े अनुपयोगी बन कर सड़कों में बेसहारा पशुओं के रूप में घूम कर चिंता का सबब बन कर रह गए हैं। इस तकनीक के उपयोग से मादा वर्ग के पशुओं की संख्या बढ़ेगी तो निराश्रित गायों को भी आश्रय मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

### मुख्यमंत्री व विभाग का जताया आभार

**गांव** नगरोटा के स्थाई निवासी यशोदा देवी पत्नी कुलदीप चंद ने बताया कि उन्होंने पशुपालन अस्पताल बलद्वाड़ा से गाय को बछड़ी होने का टीका लगाया था तथा उनकी गाय को बछिया पैदा हुई है, जोकि लगभग तीन सप्ताह की हो गई है। इसी गांव के सौरभ शर्मा, जीवन लाल तथा राज कुमार गुप्ता ने भी इस योजना के माध्यम से गायों से बछियों की प्राप्ति की। उन्होंने टीके को आम पशुपालक को उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश सरकार, पशुपालन विभाग एवं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह का धन्यवाद किया है।

**64 गायों को लगाया टीका**

**डॉ.** आशीष ने बताया कि पशु चिकित्सालय बलद्वाड़ा में दोनों जर्सी और होसटन गायों की नस्ल सुधारने के टीके उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि चिकित्सालय में अब तक 64 गायों को यह टीका लगाया गया है इसमें 12 पशु गर्भावस्था में है और 3 की बछड़ी पैदा हो चुकी है। पशु चिकित्सालय बलद्वाड़ा में कार्यरत पशुपालन सहायक रविपाल ठाकुर ने बताया कि विभाग ने सैक्स सार्टेड सीमन कृत्रिम गर्भाधान करने का कार्यक्रम चला रखा है।

### नस्ल सुधार और दुग्ध उत्पादन को मिलेगी नई दिशा

**मंडी** जिला के सरकाघाट उपमंडल के तहत पशु चिकित्सालय बलद्वाड़ा के प्रभारी चिकित्सक डॉ. आशीष कुमार शर्मा ने बताया कि इस तकनीक में सीमेन से वाय क्रोमोसोम को अलग कर दिया जाता है, जिससे 90 से 95 प्रतिशत तक बछिया पैदा होने की संभावना होती है। बताया कि इस तकनीक के विस्तारित होने से नस्ल सुधार और दुग्ध उत्पादन को नई दिशा मिल सकती है।

उन्नत नस्ल की बछिया होने पर पशुपालक दुग्ध उत्पादन में रुचि लेंगे। पशुपालक गाय को घर में बांधकर रखेंगे, जिससे सड़क में बेसहारा घूमने वाले पशुओं की संख्या भी रूक पाएगी।

### लोगों को पोषण के महत्व की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बाल विकास परियोजना अधिकारी, मंडी-सदर वंदना शर्मा ने आज यहां बताया कि पोषण माह के अंतर्गत सितंबर माह में विभाग के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि सभी पर्यवेक्षकों के माध्यम से परियोजना सदर की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए कि एक से 30 सितंबर तक मनाए जाने वाले पोषण माह की तैयारियां आज से ही शुरू कर दें तथा विभाग द्वारा जारी दिनवार गतिविधियों की सूचि अनुसार वृत तथा आंगनबाड़ी स्तर पर गतिविधियां करना सुनिश्चित करें। पोषण माह के दौरान लोगों को जीवन में पोषण के महत्व व सही पोषण के बारे में जानकारी दी जाएगी। लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

# संस्कार विहीन होने से बचना होगा : रजनी

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी**

हमारे हिंदू धर्म में गर्भ से लेकर मृत्यु तक 16 संस्कार है, लेकिन आज इसका पता किसी को नहीं है। यह बात बालीचौकी में विहिप के स्थापना दिवस पर हिमाचल प्रदेश मातृ शक्ति की प्रांत संयोजिका रजनी ठाकुर ने कार्यक्रम में उपस्थित हिंदू शक्ति के समागम में कहे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान मे हम संस्कारों को भूलते जा रहे हैं और हमें संस्कार विहीन होने से बचना होगा। रजनी ठाकुर ने छत्रपति शिवाजी महाराज की माता जीजाबाई का उदाहरण देते हुए कहा कि माता के शौर्य पूर्ण संस्कारों की वजह से ही वीर मराठा, शिवाजी महाराज छत्रपति कहलाए। मातृ शक्ति संगठन की नेत्री ने कहा कि माता के दिए संस्कारो की वज़ह से ही वीर अभिमन्यु ने गर्भ में ही चक्रव्यूह को भेदने की प्रक्रिया सीखी थी। रजनी ठाकुर ने कार्यक्रम में उपस्थित मातृ शक्ति और दुर्गा वाहिनी की सेविकाओं से संस्कारों पर अधिक बल देने का आग्रह किया।

रजनी ने मातृ शक्ति को सचेत करते हुए कहा कि विधर्मियों द्वारा वर्तमान में हिंदू बालाओं को लव जेहाद के चक्र में फंसाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और मातृ शक्ति को विधर्मियों की इस चाल को लेकर सभी हिंदू बालाओं को सावधान करने का प्रण लेना होगा। हिमाचल के गांव-गांव में घूम रहे फेरी वालों से भी सावधान रहने की हिदायत दी और कहा कि हिंदू बहने न केवल इन फेरी वालों का बहिष्कार करें बल्कि इनसे सामान न खरीदने के लिए समाज को भी जागरूक करें। हिंदू नेत्री ने मां को प्रथम गुरु की संज्ञा देते हुए बच्चों के संस्कार पक्ष की ओर ज्यादा ध्यान देने का आग्रह किया।( अनंत ज्ञान)






# बम-बम भोले...











मणिमहेश यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जोश देखते ही बन रहा है। लोग मीलों ट्रैफिक जाम से निकलकर कठिन चढ़ाई चढ़ने के बाद मणिमहेश की पवित्र झील तक पहुंच रहे हैं। प्रशासन और लोगों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह लंगर लगाए हैं। उनकी सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस और सुरक्षा कर्मी तैनात किए हैं।





## मणिमहेश में तनातनी शांत करेंगे डीसी

**ओपी शर्मा, भरमौर**

मणिमहेश में बाहरी राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने पवित्र डल के पास स्थानीय लोगों पर अपनी पुरानी की जगह जहां हर साल आकर डेरा लगाते थे उन जगहों को कब्जाने का आरोप लगाया है, जिससे स्थानीय लोगों एवं श्रद्धालुओं के बीच तनातनी का माहौल पैदा हो गया।

बता दें कि जम्मू-कश्मीर के डोडा किश्तवाड़ एवं इसके आसपास की क्षेत्र से आए विभिन्न जाटों का स्थानीय लोगों में पवित्र डल के पास जगह को लेकर झगड़े का माहौल पैदा हो गया था, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई।

जिला प्रशासन इस तनातनी को शांत करने का प्रयास कर रहा है। आज उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव, उपमंडलाधिकारी नागरिक कुलबीर सिंह राणा के अलावा के प्रशासनिक अधिकारी मणिमहेश डल की और निकल गए। डीसी ने बताया कि इस सारे आयोजन की कमान जिला प्रशासन के हाथ में है और प्रशासन कतई नहीं चाहेगा कि इस यात्रा में कोई भी कमी आए।

## न्यूज ब्रीफ

### बनीखेत व तलगूट के लोगों ने लगाया लंगर



**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बनीखेत एवं गांव तालाबत के लोगों ने आपसी परस्पर सहयोग से शेषनाग मंदिर नजदीक पेट्रोल पंप बनीखेत में भव्य लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें मणिमहेश आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन रूपी प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। उज्जैन के बारे में लंगर कमेटी के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि शेषनाग मंदिर तलगुट में हर वर्ष मणिमहेश यात्रियों के लिए भव्य लंगर का आयोजन करवाया जाता आ रहा है।

### 25 वर्षीय विवाहिता लापता, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** बनीखेत के वार्ड नंबर 4 धोबी मोहल्ला से एक 25 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार बनीखेत के वार्ड नंबर चार के स्थाई निवासी सागर कुमार पुत्र दिनेश कुमार ने पुलिस थाना डलहौजी में एक लिखित शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी धर्मपत्नी 25 वर्षीय शीतल कुमारी बीते शनिवार से बिना बताए घर में रखी पांच हजार नगदी, सोने के जेवरात एवं अपने कपड़े इत्यादि लेकर कहीं चली गई है। वहीं इस मामले पर जब थाना प्रभारी डलहौजी जगबीर सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस गुमशुदगी के मामले को लेकर पुलिस गंभीर है और अपने स्तर पर जांच में जुटी हुई है।

### आशा कार्यकर्ताओं के लिए जागरूकता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के अंतर्गत प्रथमिक स्वस्थ्य केंद्र मेहला में आशा कार्यकर्ताओं के लिए एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. वैभवी गुरंग नें बताया कि यह पखवाड़ा 25 अगस्त से लेकर 8 सितंबर तक चलेगा और जिस मे लोगों को आंखों की देख भाल और आंखों की बीमारियों तथा मृत्यु के बाद आंखों के दान के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी श्री छांगा राम ठाकुर ने बताया इस नेत्र दान पखवाड़ा में नेत्र संबंधित जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय से दीपक जोशी तथा खंड चूड़ी से इंदरसेन स्वास्थ्य पर्यवेक्षक भी मौजूद रहे।

### साइबर ठगी का आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश स्टेट सीआईडी के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन मध्य खंडी मंडी में 25 अगस्त को 17 लाख रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमा के अन्वेषण में पाया गया कि शिकायतकर्ता की फेसबुक के माध्यम से एक विदेशी लड़की के साथ दोस्ती होती है तथा वह विदेशी लड़की शिकायतकर्ता से मिलने के लिए विदेश से भारत आना बताती है तथा अपने आप को दिल्ली में कस्टम आफिसर के द्वारा पकड़े जाना बताती है। विदेशी लड़की ने शिकायतकर्ता को बताया कि उसके पास बहुत सारी विदेशी करंसी है जिस कारण उसे कस्टम आफिसर ने पकड़ लिया है तथा उसे कस्टम चार्जिज अदा करने होंगे, जिस पर शिकायतकर्ता से कस्टम चार्जिज तथा अलग अलग विभिन्न प्रकार के चार्जिज के नाम पर 17 लाख रुपए की ठगी की गई। साइबर काइम पुलिस थाना मंडी में निरीक्षक संजीव कुमार की अध्यक्षता में टीम का गठन किया गया को दिल्ली रवाना किया गया। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय बिलासपुर में पेश किया गया तथा 3 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ अमल में लाकर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### सवारियां ढोने में लगी दो निजी गाड़ियों का कटा चालान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** निजी कारों से सवारियां ढोने वालों पर टैक्सी यूनियनों ने पुलिस व परिवहन विभाग के सहयोग से शिकंजा कस दिया है। गुरूवार को मंडी में दो और निजी कारों को टैक्सी के तौर पर प्रयोग करते हुए दबोच लिया गया तथा आरटीओ को मौके पर बुलाकर उनका 11-11 हजार रूपए का चालाना ठोका गया। यूनियन के पदाधिकारी प्रवीण शर्मा ने बताया कि निजी कारों द्वारों सवारियों को ढोने का धंधा लगातार बढ़ रहा है। यूनियन इसे लेकर सख्त हो गई हैं क्योंकि भारी भरकम टैक्स चुकाकर व लोन लेकर स्वरोजगार कर रहे टैक्सी आप्रेटरों का काम इन्होंने ठप कर दिया है। इसी क्रम में गुरुवार को माता भीमा काली मंदिर परिसर मंडी में दो कारों को बुकिंग लेकर सवारियां ले जाते हुए दबोच लिया गया। उन्होंने मौके पर पहुंच कर दोनों ही कारों जो हिमाचल से ही एचपी 74 व एचपी 78 से पंजीकृत हैं के चालक के 11-11 हजार रूपए के चालान काटे गए।

## विधायक हंसराज के समर्थन में भाजपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे

**आजम डार, चुराह**

चुराह विस क्षेत्र में चुराह विधायक हंस राज के खिलाफ पहले कांग्रेस पार्टी ने जमकर राजनीती की और विधायक के खिलाफ सड़कों पर प्रदर्शन किया।

आज वीरवार को भाजपा समर्थकों ने विधायक हंसराज के पक्ष में सड़कों पर उतरकर जमकर नारेबाजी की और चुराह कांग्रेस के नेताओं को आड़े हाथे लिया भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में इकठ्ठा होकर प्रदर्शन किया और हाल ही में जो मुकदमा दर्ज किया गया था उसमें उन्होंने कांग्रेस की साजिश बताया की कुछ कांग्रेस के नेताओं ने पीड़िता को बेहला फुसला कर




प्रदर्शन करते हुए भाजपा कार्यकर्ता।

आरोप लगाने पर मजबूर किया था साथ ही चुराह भाजपा ने कांग्रेस के नेताओं को नसीहत देते हुए कहा की अपनी राजनीती चमकाने के लिए किसी की बहु बेटियों को बदनाम न करें।

## डीसी ने किया हड़सर से दुनाली पुल तक का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने मणिमहेश यात्रा मार्ग पर हड़सर से दुनाली पुल तक यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया तथा हाल ही में वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुए मार्ग को तुरंत मुरम्मत करने वारे लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने दुनाली में अतिरिक्त वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर निर्मित लकड़ी के पुल को अधिक मजबूत व सुरक्षित बनाने तथा गुई नाला से लेकर डिबरी-तोष का गोठ दुनाली पुल तक के रास्ते में बारिश के कारण क्षतिग्रस्त विभिन्न स्थानों को शीघ्र ठीक करने वारे भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

## चमेरा डैम-3 से 1 सितंबर रात 11 बजे से छोड़ा जाएगा पानी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

खड़ामुख स्थित चमेरा-3 बांध से 1 सितंबर को रात्रि 11:00 से 2 सितंबर को सांय 6 बजे तक पानी का छोड़ा जाना प्रस्तावित है जो कि बांध के जलाशय में होने वाले अतिरिक्त प्रवाह पर निर्भर होगा। यह जानकारी चमेरा-3 पावर स्टेशन के प्रमुख अनिल कुमार द्वारा दी गई है।

उन्होंने बताया कि सिल्ट फ्लशिंग के दौरान खड़ा मुख स्थित चमेरा-3 के डैम के दरवाजे खोलकर पानी धीरे-धीरे छोड़ा जाएगा जब तक नदी का फ्री फ्लो न आ जाए। इस दौरान चमेरा-3 के डैम के निचले स्तर पर रावी नदी में पानी बढ़ने की आशंका है। अनिल कुमार ने बताया कि इस दौरान खड़ा



मुख स्थित चमेरा-3 डैम के निचले स्तर पर रह रहे रिहायशी इलाकों के लोगों की सुरक्षा की दृष्टिगत पानी छोड़ने से पूर्व सायरन/हूटर बजाने के अलावा संबंधित क्षेत्र में गाड़ी के द्वारा प्रचार भी किया जाएगा।

इसके अलावा संबंधित क्षेत्र में ग्राम पंचायत प्रधानों को व्हाट्सएप एवं एसएमएस के माध्यम से भी सूचित किया जाएगा।

## अटल चिकित्सा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय का बनेगा स्थायी परिसर

**अनंत ज्ञान, रत्ती**

अटल चिकित्सा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय मंडी स्थित नेरचौक (एएमआरयू) के स्थाई परिसर को बनाने के लिए एएमआरयू प्रबंधन द्वारा चिन्हित भूमि को संस्कृति प्रदान कर दी है। एएमआरयू द्वारा स्थाई परिसर सुंदरनगर के बलग में 130 बीघा भूमि चिन्हित की गई थी। जिसके लिए इस वर्ष मई माह में सरकार को मंजूरी के लिए भेजा था। वाइस चांसलर सुरेंद्र कश्यप व रजिस्ट्रार अमर नेगी द्वारा राज्यपाल से भी मिलकर जमीन की अनुमति जल्द दिलाने का आग्रह किया था, तभी उन्होंने वहां मौजूद शिक्षा मंत्री को इसके लिए जल्द कार्य करने को कहा था।

वाइस चांसलर सुरेंद्र कश्यप ने कहा कि सरकार द्वारा सुंदरनगर में अटल चिकित्सा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय मंडी स्थित नेरचौक (एएमआरयू) के स्थाई परिसर के निर्माण को चिन्हित भूमि को प्रदेश वन संरक्षण अधिनियम के तहत मामले को आरंभ करने स्वीकृति प्रदान कर दी है। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद सबसे पहले प्रशासनिक भवन, लाइब्रेरी व होस्टल आवासीय परिसर का निर्माण किया जाएगा जिससे अटल चिकित्सा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय का कार्य शुरू किया जा सकेगा।

मौजूदा समय अटल चिकित्सा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय का संचालन श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के परिसर में किया जा रहा है। अटल चिकित्सा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय का अपना परिसर बन जाने से कई सुविधाएं मिल सकेंगी।

## मेजर ध्यानचंद को श्रद्धासुमन अर्पित

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

राजकीय उच्च पाठशाला बैली में राष्ट्रीय खेल दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल की समस्त स्कूल प्रबंधन समिति उपस्थित रही।

खेल दिवस के उपलक्ष्य पर वॉलीबॉल तथा बैडमिंटन प्रतियोगिता करवाई गई। इस अवसर पर बच्चों तथा स्टाफ द्वारा भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर



बैडमिंटन खेलते हुए बच्चे।

ध्यानचंद की तस्वीर पर माल्यारपण तथा सुमन अर्पित करके किया गया।इस अवसर पर चारों सदनों में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं करवाई गई। इस दिवस के नोडल अधिकारी श्री सुरेंद्र पठानिया ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि खेल का विद्यार्थी जीवन में बहुत महत्व है। कार्यवाहक मुख्याध्यापक ओम आजाद ने मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का संदेश बच्चों को दिया।

## मौत के आरोपी पति और सास 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के ग्राम पंचायत थौना के गांव धलैत में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाने से मौत हो गई थी इस मामले में महिला के भाई की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला के पति और सास को गिरफ्तार किया। आरोपियों को स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में मंडी जेल भेज दिया गया है। मृतका के भाई किशोर कुमार ने अपनी बहन के पति और सास पर दहेज की मांग और मानसिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए थे। एसएचओ रजनीश ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## भेड़ चोरी मामले का फरार आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सलूणी**

तेलका क्षेत्र की मराली अध्वार में चोरी हुई भेड़ों के दूसरे आरोपी अनिल कुमार उर्फ सुनील को तेलका पुलिस ने चौहड़ा के समीप द्रलका में पकड़ लिया है।

बताते चलें कि मराली अध्वार में भगत राम की 25 भेड़ें 13 अगस्त को देर रात चोरी हो गई थी, जिसके बाद मामले के आईओ लियाकत खान ने अपनी टीम के साथ पहले चोर को भेड़ों सहित धर लिया।

जबकि चोर का साथी यानि अनिल कुमार फरार होकर पुलिस से छुपता फिर रहा था। जिसको चौहड़ा के द्रलका में बुधवार को



पुलिस से साथ काबू आरोपी।

काबू में कर लिया। इस मामले में चोरी हुई भगत राम की सभी भेड़ें बरामद हो चुकी हैं।

## 9 माह से ठेकेदारों को नहीं मिली राशि

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी कर्नल अजय सिंह बरगोटी के आदेशों को शाहपुरजी पलौजी कंपनी ने अंगूठा दिखा दिया है। फोरलेन पडोह बाइपास टकौली प्रोजैक्ट का मैन कार्य पड़ोह के पास निर्माणाधीन डयोड टनल है।

जिसका निर्माण कार्य एफकॉन कंपनी द्वारा स्थानीय ठेकेदारों की मदद से किया जा रहा था। ठेकेदारों का कंपनी लगभग 25 करोड़ रुपए दबा कर बैठी है। वहीं कंपनी का कहना है कि उनके द्वारा अधिकांश पेमेंट अदा कर दी है। शहपलोजी पलौनी कंपनी के जीएम आदर्श ने बताया कि ठेकेदारों का एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मिला है। उनकी पेमेंट का इश्यू है। मगर ये पैसा एफकॉन कंपनी देगी।

## पिछले 26 वर्षों से टीन के शेड में चल रही पीएचसी नकरोड़

**आजम डार, चुराह**

- लोगों ने भवन के निर्माण की उठाई मांग

चुरा विधानसभा क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नकरोड़ पिछले 26 वर्षों से टीम के शेड में चल रहा है वर्ष 1998 में इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ हुआ था तब से लेकर यहां नए भवन का निर्माण नहीं किया जा सका है।

शेड के एक कमरे को दो भागों में बांटा गया है इसमें एक भाग में डॉक्टर बैठता है तो दूसरे भाग में दवाइयां सहित अन्य सामान रखा गया है। आपातकालीन स्थिति में मरीज को भर्ती करने की नौबत आ जाती है तो उसके लिए पीएचसी में कोई उपयुक्त स्थान नहीं है नकरोड़ पीएचसी एनएचपीसी के द्वारा बनाए गए शेड में चल रही है पीएचसी नकरोड़ में स्टाफ के 13 पद स्वीकृत हैं जिसमें सिर्फ एक डॉक्टर और एक चपरासी ही अपनी सेवाएं दे रह है। स्थानीय लोगों में नजीर, आशिक, हंसराज, कुलदीप, आरुषि, नेहा लता, हुशियार सिंह बलदेव राम का कहना है की यहां पर सरकार द्वारा भवन का निर्माण करवाया जाना अति आवश्यक है।

कार्यकारी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषि पूरी का कहना है की विभाग द्वारा सरकार को रिपोर्ट तैयार करके भेज दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### जंगल में देवदार के 100 पौधों का किया रोपण




**कुल्लू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय काईस में एकदिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन हुआ। इस मौके पर एनएसएस यूनिट के करीब 60 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। कैंप के अंतर्गत सोयल के साथ लगते जंगल में देवदार के लगभग 100 पौधों का रोपण किया गया। हिमालय क्षेत्र में बिगड़ते पर्यावरण को संतुलित करने के उद्देश्य के चलते स्कूलों में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में काइस स्कूल में एनएसएस शिविर लगाया गया, जिसमें एनएसएस के 60 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। स्कूल प्रधानाचार्य कल्पना शर्मा और कार्यक्रम अधिकारी एलआर ठाकुर के निर्देशन में यह कैंप सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। एनएसएस यूनिट ने साथ में लोगों को संदेश दिया कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है।

### शिविर में 589 लोगों का हुआ पंजीकरण



**बंजार।** सिविल अस्पताल बंजार में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किया गया। एकदिवसीय इस शिविर में विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों मेडिसिन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, सर्जरी, स्त्री रोग विशेषज्ञ और ईएनटी की ओर से चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। खंड चिकित्सा अधिकारी सपना शर्मा ने बताया कि इस दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों की ओर से आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी, एनसीडी स्क्रीनिंग, टीबी स्क्रीनिंग, आईईसी आदि सेवा प्रदान की गईं। वहीं, शिविर में 589 लोगों का पंजीकरण हुआ। जनरल ओपीडी के माध्यम से परामर्श लेने वाले मरीजों की संख्या 165 दर्ज की गई। विशेषज्ञ ओपीडी के माध्यम से परामर्श लेने वाले रोगियों की संख्या 424 रही तथा मेडिसिन ओपीडी 120, ऑर्थो ओपीडी 104, गायनी ओपीडी 70, सर्जरी 50, ईएनटी 80, कुल लैब टेस्ट 186 ईसीजी 10, एक्स-रे 33, एनसीडी स्क्रीनिंग 130, टीबी स्क्रीनिंग 63 मरीजों की हुई।

### अपनी क्षमता के अनुसार करियर चुनें छात्र



**कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में करियर गाइडेंस एंड काउंसिलिंग सेल के तत्वावधान में सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों से अपनी क्षमता के अनुसार करियर का चुनाव करने और ईमानदारी से प्रयास करने की अपील की। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए कॉलेज कैंपस में उचित वातावरण बनाया जाएगा। आईसीए एडू स्किल सेंटर कुल्लू की को-आर्डिनेटर उमाशीष राजपूत ने जॉब की संभवनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। स्टडी कोष सेंटर, कुल्लू की मानवी शर्मा ने विद्यार्थी जीवन में तकनीकी के महत्व के बारे में प्रकाश डाला। नरेश चौहान ने प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी।

### मैराथन में श्वेता और रोहित पहले स्थान पर

**आनी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नमहोंग के विद्यार्थियों ने क्रॉस कंट्री रेस लगाकर खेल दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह उपस्थित रहे। मुख्यातिथि के द्वारा खेल दिवस का शुभारंभ क्रॉस कंट्री रेस से करवाया, जिसमें विद्यालय के लगभग 35 छात्र और छात्राओं ने भाग लिया। इसके बाद बालक और बालिकाओं के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और विजित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा सुशील कुमार ने खेल प्रतियोगिता में बालक व बालिकाओं के लिए 100 मी, 200 मी व 400 मी दौड़ के अलावा लंबीकूद, गोला फेंक व रिले दौड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की। कार्यक्रम के अंत मे सदनीय प्रतियोगिता में तीन सदन गांधी सदन, पटेल सदन, अंबेडकर सदन में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खेल दिवस पर मैराथन में श्वेता और रोहित पहले स्थान पर रहे।

### चेस प्रतियोगिता में नवीन व अनामिका प्रथम



**मनाली।** हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद के जन्मदिवस पर हर वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। शारीरिक शिक्षा विभाग प्रमुख प्रो. ज्योति बाला ने बताया कि हरिपुर कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में इनडोर एक्टिवीज करवाई गई। साथ ही चेस और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। सभी विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। चेस प्रतियोगिता पुरुष में प्रथम स्थान नवीन बीए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान सक्षम बीएससी प्रथम वर्ष और तृतीय स्थान रोहन बीकॉम तृतीय ने प्राप्त किया। महिला वर्ग में प्रथम स्थान अनामिका बीए तृतीय वर्ष और द्वितीय स्थान कलश बीए तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य प्रो. नरेश कमल ने विद्यार्थियों को मेजर ध्यान चंद की उपलब्धियों से अवगत करवाया साथ ही विद्यार्थियों को आउटडो/इंडोर प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेते रहने के लिए कहा।

### क्रीड़ा परिषद से संबंधित विषयों पर की चर्चा



**कुल्लू।** कुल्लू के जिला मुख्यालय में निर्मित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के संचालन संबंधी सभी मुद्दों पर जिला क्रीड़ा परिषद कुल्लू की बैठक में चर्चा की गई। डीसी एवं जिला क्रीड़ा परिषद कुल्लू की अध्यक्ष तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में जिला क्रीड़ा परिषद कुल्लू की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला क्रीड़ा परिषद से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में पिछली बैठक के दौरान लिए गए निर्णयों के बारे में अवगत करवाया तथा कुल्लू में निर्मित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स को संचालन करने संबंधी उन सभी मुद्दों पर चर्चा की गई, ताकि अधिक युवाओं तथा खेल प्रेमियों को इसका लाभ मिल सके। बैठक में जानकारी दी गई कि परिसर में सीसीटीवी कैमरा तथा पीने के पानी के फिल्टर की व्यवस्था स्थापित कर दी गई है। जिला युवा खेल अधिकारी सभी क्रीडा संगठनों के सहयोग से महीने में एक दिन श्रमदान कर ढालपुर मैदान की सफाई करना भी सुनिश्चित करें, ताकि यह खेल के लिए हमेशा सुरक्षित एवं सुंदर बना रहे।

# डायनासौर झील को किया जा रहा अपवित्र, शाही स्नान पर रोक

## लगघाटी, चौहारघाटी व छोटा भंगाल के देवी-देवताओं ने लगाया प्रतिबंध

कमलेश वर्मा, कुल्लू

कुल्लू, मंडी, कांगड़ा व लाहौल-स्पीति के मध्य पर्वत शृंखला पर स्थित डायनासौर में इस बार भी 20 भादो का शाही स्नान नहीं होगा। चौहार घाटी, लग घाटी व छोटा भंगाल के देवी-देवताओं ने यह प्रतिबंध लगाया है।

यह जानकारी माता फुंगणी के कारदार राम लाल ठाकुर ने दी। उन्होंने कहा कि यहां झील को अपवित्र किया जा रहा है, जिस कारण पिछले साल से देवी-देवताओं ने प्रतिबंध लगाया है। लगघाटी, चौहार घाटी व छोटा भंगाल के देवी-देवताओं ने यह प्रतिबंध लगाया है। देवी-देवताओं ने गूरवाणी में कहा कि डायनासौर झील गंदगी से अपवित्र हो रही है।


फाइल फोटो

लोग यहां पहुंचकर झील में गंदगी फैला रहे हैं, जिस कारण देवी-देवताओं ने प्रतिबंध लगाया है। देव आदेशों का माता के कारकून और हारियान पालन करेंगे। पिछले साल भी डायना सौर झील में स्नान करने की इजाजत नहीं थी और इस बार भी देवी-देवताओं की ओर से डायना सौर में बीस भादो ने शाही स्नान करना बंद कर दिया है। यह आदेश गूरवाणी में देवी-देवता ने किए हैं और डायना सौर जाना मना है।

उन्होंने कहा कि लोग वहां जाकर गंदगी फैला रहे हैं, अपने साथ कई प्रकार की निषेध वस्तुओं को ले जा रहे हैं, जिससे देव स्थल अपवित्र हो रहा है। यहां के लिए न ही यातायात का साधन है और न ही प्रशासन का पहरा है, जिस कारण यहां पर जाने वाले लोग बेखौफ होकर अपने साथ शराब सहित नशीली वस्तुओं ले जाते हैं और यहां गंदगी फैलाते हैं, जिसको लेकर कुल्लू, मंडी व कांगड़ा के छोटा भंगाल के देवी-देवता नाराज हैं।

देवी-देवताओं के आदेश हमारे लिए सर्वमान्य हैं और सभी को देव आदेश मानने होंगे, जो देव आदेशों की उल्लंघन करता है, उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, उन्होंने प्रशासन और सरकार से आग्रह किया कि जिले में जितने धार्मिक स्थल हैं, इन्हें पर्यटन स्थल न बनाया जाए। (अनंत ज्ञान)

# दो गांवों में आज से एक साथ मनाया जाएगा इतिहास का पहला जोग

मोहन कपूर, पतलीकूहल



कुल्लू की उझी घाटी के शिरड़ व अरछंडी गांव में इतिहास का पहला जोग आज और कल मनाया जाएगा। शिरड़ गांव में देवता कालिया नाग, माता काली ओढी व देवता वीरनाथ इस जोग में भाग लेंगे। साथ ही गांव अरछंडी में देवता जीव नारायण व मां काली ओडी भाग लेंगी।

शिरड़ के देवता काली नाग के कारदार पुनीत महंत ने बताया को दोनों गांव में जागरा मनाया जाएगा। 31 को दोनों गांवों के आराध्य देवी-देवता गांव की परिक्रमा कर गांव को एक सूत्र में बांधेंगे। ध्याणियों (बेटियों) सहित पूरे क्षेत्र के लोगों को जोग सहित देवी-देवताओं के अन्य कार्यक्रमों पर गांव से बाहर ब्याही गई बेटियों को आमंत्रित किया जाता है। पुनीत महंत ने बताया कि जोग के दौरान सभी को निमंत्रण भेजा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### क्या है इतिहास का पहला जोग

**जोग** का आयोजन बुरी शक्तियों को भगाने के लिए किया जाता है। जिला कुल्लू देवी-देवताओं की भूमि है, जहां जोग, जग, काहिका आदि का आयोजन बुरी शक्तियों के खात्मे के लिए किया जाता है। फागली उत्सव या देवी-देवताओं के स्थानों पर होने वाले अन्य कार्यक्रम क्षेत्र में सुख एवं समृद्धि के लिए भी आयोजित किए जाते हैं। कुल्लू में शिरड़ व लराकेलो में हर तीसरे वर्ष काहिका का आयोजन होता है, मगर अन्य स्थानों पर भी अनेक सालों के उपरांत काहिका या जोग का आयोजन मनुष्य के कल्याण के लिए किया जाता है।

## 45 ग्राम चिट्टे के साथ तीन अमृतसर और एक कुल्लू का युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, भुंतर



कुल्लू के भुंतर में पुलिस ने 45 ग्राम चिट्टे के साथ चार युवक गिरफ्तार किए हैं।

पुलिस की जानकारी के अनुसार पुलिस थाना भुंतर की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर भुंतर के सैनिक चौक के पास एक निजी होटल में चैकिंग के दौरान कमरा नंबर-204 में ठहरे चार युवकों के कब्जे से 45 ग्राम चिट्टा बरामद किया। युवकों की पहचान राहुल (32 वर्ष) पुत्र मदन लाल निवासी किरण कालोनी गुमटाला बाईपास नजदीक चर्च हाउस नंबर 84 चक्की वाली गली तह कचहरी चौक जिला अमृतसर (पंजाब), विशाल (21 वर्ष) पुत्र डैनीयल निवासी फतेगढ़ चूड़िया रोड पिंड नगली डाकघर प्रीतनगर तहसील कचैहरी अमृतसर (पंजाब), अमृतपाल सिंह (29 वर्ष) पुत्र रणजीत सिंह निवासी किरण कालौनी गुमटाला बाइ पास रोड हाउस नंबर-471 चक्की वाली गली तहसील कचैहरी अमृतसर (पंजाब) व रवि (31 वर्ष) पुत्र राम निवासी गांव भीयाचक डाकघर खडीहार तहसील व जिला कुल्लू के रूप में हुई है। उधर, पुलिस अधीक्षक कुल्लू डॉ. गोकुलचंद्रन कार्तिकेयन ने मामले की पुष्टि करते बताया कि इस मामले में आगामी छानबीन जारी है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना भुंतर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर इन्हें गिरफ्तार किया गया है।

## रविंद्र रब्बू वर्मा ने नरेश चौहान से की मुलाकात



**आनी।** कुल्लू के आनी विधानसभा क्षेत्र में युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी ठोक चुके 22 वर्षीय रविंद्र रब्बू वर्मा ने शिमला में मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान से मुलाकात की। रब्बू ने बताया कि उन्होंने नरेश चौहान के साथ युवा कांग्रेस के चुनावों को लेकर सार्थक चर्चा की। वहीं, नरेश चौहान ने उन्हें राजनीति में उज्ज्वल भविष्य को लेकर शुभकामनाएं दीं। रब्बू के साथ उनके समर्थक भी शामिल रहे। उनका कहना है कि वे युवाओं से लगातार संपर्क बनाए हैं और युवाओं का भी उन्हें भरपूर समर्थन और प्यार मिल रहा है। लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस में नए सिरे से बदलाव की तैयारी शुरू हो गई है। इसी कड़ी में आनी में युवा कांग्रेस के अध्यक्ष के चुनाव होने हैं। अध्यक्ष पद के लिए रब्बू वर्मा के अलावा नितेश ठाकुर, रमेश कुमार और विजय कुमार आदि प्रत्याशी मैदान में हैं।

# लग जा गले से गूंजा अटल सदन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू


अटल सदन में आयोजित 17वें मल्हार उत्सव के अवसर पर मुख्यातिथि पहुंची डीसी कुल्लू को सम्मानित करते हुए संस्था के अध्यक्ष।

अटल सदन कुल्लू के सभागार में सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा आयोजित 17वां सूत्रधार मल्हार उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम में सूत्रधार कला संगम के कलाकारों द्वारा वर्षा ऋतु पर आधारित गीत-संगीत व नृत्य की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में सरला, दुर्गा, ईशा, श्वेता, चरिसा, पायल, बालकृष्ण, करिश्मा, संजय पुजारी, जीवन बुडाल, लाल सिंह, राकेश तथा ट्विंकल ने अपनी गायकी से दर्शकदीर्घा में बैठे लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनके साथ तबले पर अमित महंत, गिटार पर विजय व हारमोनियम पर विद्या सागर ने संगत किया। कार्यक्रम में ट्विंकल, कनिका, तान्या तथा रेखा ने नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां पेश कीं। संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने अपने स्वागत भाषण में आए हुए सभी मेहमानों व मीडिया का स्वागत किया तथा संस्था की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और आशा की कि भविष्य में भी सदैव संस्था को प्रशासन तथा आम जनमानस का सहयोग यूं ही मिलता रहे। इस 17वें सूत्रधार मल्हार उत्सव में तोरूल एस रवीश डीसी कुल्लू ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन द्वारा मुख्यातिथि को कुल्लवी परंपरा अनुसार शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था द्वारा केआर को भी विशेष सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में पधारे मुख्य कलाकारा विदुषी निधि नारंग (अंबाला) व इनके साथ पधारे प्रवीन राठी, सुधीर शर्मा, वेवेल शर्मा, सुरेंद्र शैरी, दीपक राज पाल व कर्ण मेहरा को भी कुल्लवी परंपरा अनुसार डीसी द्वारा सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पधारी मुख्य कलाकारा विदुषी निधि नारंग ने सदाबहार गानों की प्रस्तुतियां दीं, जिसमें आपकी नजरों ने समझा, लग जा गले, ये दिल तुम बिन कहीं, जाइए आप कहां जाएंगे, मौसम है आशिकाना आदि कई एक से बढ़कर एक खूबसूरत व मनमोहक प्रस्तुतियां देकर वाहवाही लुटी ।

# अतुल और पलक दौड़े सबसे तेज

## कुल्लू कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू


वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ मौके पर मुख्यातिथि परेड की सलामी लेते हुए।

कुल्लू कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हुआ, जिसका शुभारंभ सीएमओ डॉ. नागराज पंवार ने बतौर मुख्यातिथि किया। एनसीसी, एनएसएस, रोवर-रेंजर्स, ईको क्लब, राजनीति शास्त्र और लोक प्रशासन विभाग के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट के दौरान मुख्यातिथि को सलामी दी।

छात्र वर्ग में अतुल और छात्रा वर्ग में पलक सबसे तेज दौड़े। इस दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का जबरस्त प्रदर्शन किया। मुख्यातिथि डॉ. नागराज ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेलकूद का विशेष महत्व है, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। उन्होंने कहा कि तकनीकी के विकास से जहां विद्यार्थियों को नई-नई सुविधाएं मिल रही हैं। वहीं, दिनचर्या भी प्रभावित हुआ है। डॉ. नागराज ने कहा कि खेलकूद के माध्यम से दिनचर्या को अनुकूल बनाने का सुझाव दिया। प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। शारीरिक शिक्षा विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ओम प्रकाश ने बताया कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद्र के जन्म दिवस पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र वर्ग के दस हजार मीटर दौड़ में अतुल प्रथम, घनश्याम द्वितीय व परमेश ने तृतीय, शाटफुट छात्र वर्ग मे चंद्रकांत व प्रिंस को संयुक्त रूप से पहला, नरेंदु को दूसरा, कार्तिक को तीसरा स्थान मिला। छात्रा वर्ग दौड़ 400 मीटर में पलक ठाकुर को पहला, प्रकृति को दूसरा, अनामिका तीसरा स्थान पर रही। शाटफुट में अवतिका ने प्रथम, शिवानी ने द्वितीय, सीमरन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिशकस थ्रो में अवंतिका पहला, गीता दूसरा व खुशबू को तीसरा स्थान मिला। इस दौरान पर डॉ. ब्रिजबाला, डॉ. राकेश राणा, डॉ. आरके सिंह, प्रो. सोम किशन आदि उपस्थित रहे।

## शिविर में 13 सामान्य और 18 दिव्यांगजनों का हुआ पंजीकरण

**कुल्लू।** मझाट पंचायत में वीरवार को दिव्यांगता पुनर्वास आंकलन शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीसी एवं अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कहा कि जिला रेड क्रॉस सोसायटी कुल्लू द्वारा आदर्श जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र कुल्लू के माध्यम से गत दिवस विकासखंड कुल्लू की पंचायत मझाट में दिव्यांगता पुनर्वास आंकलन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 31 व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें 13 सामान्य तथा 18 दिव्यांगजनों का पंजीकरण हुआ। इन शिविरों में 14 ऐसे दिव्यांगजन पाए गए जिनकी दिव्यांगता का आकलन मेडिकल बोर्ड द्वारा हो चुका है तथा विकलांगता राहत भत्ता प्राप्त कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त उनकी दिव्यांगता को मद्देनजर रखते हुए उनकी अन्य पुनर्वास आवश्यकताओं का आकलन किया गया।

## कांग्रेस शराब माफिया के साथ मिलीभगत कर जनता को लूटने पर आमादा : शौरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



प्रदेश विधानसभा के मानसून के सत्र के तीसरे दिन नई शराब नीति को लेकर सदन में खूब हंगामा हुआ। बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी व नयना देवी से विधायक रणधीर शर्मा के नई शराब नीति पर सवाल से सदन में नई शराब नीति में घौटाले को लेकर विपक्ष ने सरकार पर तीखा हमला बोला।

विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि पूरे कुल्लू जिले के अंतर्गत शराब ठेकेदारों द्वारा पुराने एमआरपी वाले स्टॉक पर नई शराब नीति के तहत 30 फीसदी मूल्य बढ़ाकर जनता से मनमाने दाम बसूले जा रहे हैं। ऐसे कई मामले सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आए हैं। प्रदेश से लेकर जिले भर में पूरे के पूरे यूनिट एक या दो ही ठेकेदारों को मिले हैं, जिस कारण शराब ठेकेदार एमएसपी पर पूरे 30 फीसदी का लाभ उठा रहे हैं। प्रदेश भर में शराब बिक्री के यूनिट घटाकर छोटे कारोबारियों को बोली से बाहर कर प्रतिस्पर्धा से बाहर कर दिया गया है। सरकार ने बड़े शराब कारोबारियों के साथ सांठ-गांठ कर नई शराब नीति को प्रदेश की जनता पर थोपा है। व्यक्तिगत लाभ लेकर अब राजस्व बढ़ाने का झूठा व हास्यासपाद ढोंग किया जा रहा है। सरकार द्वारा कई जिलों में बोली के लिए निर्धारित न्यूनतम बोली से नीचे जाकर शराब के ठेकों का आवंटन किया गया है और यह इस नीति में घौटाले का प्रमाण है। विधायक शौरी ने पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच की मांग की है व प्रदेश सरकार से शराब ठेकेदारों द्वारा एमएसपी पर जनता से की जा रही लूट पर रोक लगाने की मांग की है।

## कल इन क्षेत्रों में बिजली रहेगी बंद

**कुल्लू।** सहायक अभियंता बिजली उपमंडल भुंतर ने कहा कि 11 केवी फीडर दियार फीडर का सचांलन, एलआईएस बाहमीनाला का सुदृढ़ीकरण और पेड़ों के काटने संबंधित कार्य और जरूरी रखरखाव के कारण 31 को दियार, बगीचा, भाटग्रां, रुआड़ू, बाहमीनाला और कमांद व आसपास के इलाकों में सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता बिजली उपमंडल ने बिजली न होने की सूरत में जनता को असुविधा के दौरान सहयोग की अपील की है।

# टांकरी कार्यशाला में प्रशिक्षुओं को बांटे प्रमाण पत्र

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू




जिला मुख्यालय में स्थित अटल सदन भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित पांच दिवसीय टांकरी लिपि प्रशिक्षण कार्यशाला के आखिरी दिन प्रशिक्षुओं को लिखने और पढ़ने का अभ्यास करवाया गया।

टांकरी लिपि विशेषज्ञ यतिन पंडित ने बताया कि कार्यशाला के आखिरी दिन उपस्थित सभी प्रशिक्षुओं को पहले टांकरी लिपि को लिखने और पढ़ने का अभ्यास करवाया और साथ ही सभी प्रशिक्षुओं की छोटी सी परीक्षा भी ली गई। इस दौरान सभी प्रशिक्षुओं कोढालपुर में स्थित एसपी कार्यालय के प्रांगण में टांकरी लिपि में अंकित प्राचीन अभिलेख को पढ़ने का अभ्यास करवाया। इसके बाद उपस्थित सभी प्रशिक्षुओं को टांकरी को किस तरह से अनुवाद किया जाए और अनुवाद करते समय किस तरह की बातों को ध्यान में रखा जाए इस बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान जिला भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग अधिकारी सुनीला ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यशाला के समापन अवसर पर पांच दिवसीय कार्यशाला को पूरा करने वाले सभी प्रशिक्षुओं को जिला भाषा अधिकारी कुल्लू के करकमलों से प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

**चेतावनी** चंसारी स्कूल के निर्माणाधीन भवन का कार्य आगे नहीं बढ़ने से ग्रामीणों में पनपा रोष, बोले-

# कार्य शुरू नहीं हुआ, तो डीसी कार्यालय के प्रांगण में बच्चों की ली जाएंगी कक्षाएं

सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू

चंसारी स्कूल का निर्माण कार्य पिछले एक साल से किन्ही कारणों से रुका हुआ है, ऐसे में चंसारी पंचायत के ग्रामीणों ने प्रशासन को चेताते हुए कहा कि अगर समय रहते स्कूल का निर्माण कार्य शुरु नहीं हुआ, तो विरोध स्वरूप छात्रों की कक्षा डीसी कार्यालय के प्रांगण में की जाएंगी।

डीसी कार्यालय में चंसारी पंचायत के ग्रामीणों ने भारी संख्या में उपस्थित होकर डीसी कार्यालय के प्रांगण में


समस्या को लेकर डीसी कार्यालय पहुंचे चंसारी पंचायत के ग्रामीण।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। इस दौरान ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। इस अवसर पर बंदल पंचायत प्रधान गोपाल, चंसारी पंचायत की प्रधान शांता देवी और एसएमसी प्रधान दविंदर शर्मा ने बताया कि जब से चंसारी स्कूल के पुराने भवन की जगह नए भवन का निर्माण किया जा रहा था, लेकिन पिछले एक साल से स्कूल का निर्माण कार्य पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार स्कूल के निर्माण कार्य के कारण छात्रों को निजी भवन में पढ़ाया और लिखाया जा रहा है, लेकिन अब निजी भवन के साथ कॉन्ट्रैक्ट समाप्त हो गया है, ऐसे में ग्रामीणों को छात्रों की चिंता सताने लगी है। ग्रामीणों के अनुसार छात्रों के लिए भवन उपलब्ध न होने की सूरत में सर्दियों में छात्रों को मुश्किल आ सकती है और चंसारी के क्षेत्र में सर्दियों में बर्फबारी भी होती है, जिस कारण छात्रों को सर्दियों में बाहर पढ़ने में परेशानी पेश आ सकती है।

ग्रामीणों ने रोष प्रकट करते हुए कहा है कि पिछले एक साल से प्रशासन के किसी भी आला अधिकारी ने चंसारी क्षेत्र का न तो दौरा किया और न ही स्कूल के भवन के निर्माण की कोई सुध ली है। पीडब्ल्यूडी विभाग ने भी ग्रामीणों के सामने पैसे का रोना रोया है और भवन निर्माण में जुटे ठेकेदारों ने भी पैसे को लेकर ही निर्माण के प्रति अपनी असमर्थता जताई है। ग्रामीणों के अनुसार कोई अन्य उपाय न हो पाने की सूरत में सभी ग्रामीणों ने डीसी कार्यालय का रुख कर डीसी कुल्लू को समस्या से अवगत करवाने की ठानी। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर प्रशासन ने अभी भी सुध नहीं ली, तो ग्रामीण विरोध स्वरूप समस्त छात्रों को लेकर डीसी कार्यालय के प्रांगण में ही छात्रों की कक्षा लगाएंगे। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### छह व्यापारियों के 500 से 10,000 तक के किए चालान



**सोलन** जिला प्रशासन सहित नगर निगम सोलन ने सिंगल यूज प्लास्टिक करने पर शहर भर में अभियान चलाकर कर दुकानदारों के चालान काटे। एसडीएम सोलन ने शहर की दुकानों का निरीक्षण कर दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की चेतावनी दी। निगम की ओर से पहले सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कर रहे दुकानदारों को सिर्फ दिशा-निर्देश ही दिए जा रहे थे, लेकिन अब सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कर रहे दुकानदारों का चालान भी किया जा रहा है। नगर निगम सोलन हेल्थ ऑफिसर डॉ. योगेश गुप्ता ने बताया कि छह व्यापारियों के चालान किए गए। शहर वासियों से अपील के बाद अब सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कर रहे दुकानदारों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। अभी तक हमारी टीम ने 40 दुकानों का निरीक्षण कर लिया है और प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग कर छह व्यापारियों के 500 से लेकर 10,000 तक के चालान किए गए।

### 26 लाख से अत्याधुनिक एक्स-रे मशीन लगाई जाएगी

**बीबीएन।** मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार चौधरी ने नागरिक अस्पताल बद्दी को आदर्श स्वास्थ्य संस्थान बनाने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया। राम कुमार चौधरी ने कहा कि नागरिक अस्पताल बद्दी में 5 विशेषज्ञ चिकित्सक के पद सृजित किए गए हैं, ताकि लोगों को बेहतर उपचार मिल सके। भविष्य में नागरिक अस्पताल बद्दी को 50 बिस्तरों से 100 बिस्तरों में स्तरोन्यन करने का प्रयास किया जाएगा। नागरिक अस्पताल बद्दी में ओपीडी के लिए अतिरिक्त भवन का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त नागरिक अस्पताल बद्दी में सीएसआर के तहत लगभग 26 लाख रुपए की लागत से अत्याधुनिक एक्स-रे मशीन भी लगाई जाएगी।

### खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता दो से

**राजगढ़।** राजगढ़ शिक्षा खंड की 19 वर्षीय छात्रा वर्ग की खंड स्तरीय तीन खेलकूद प्रतियोगिता पीएम श्री वैद्य सूरत सिंह स्मारक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजगढ़ में आयोजित की जाएगी। इस खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ 2 सितंबर को एसडीएम राजगढ़ राज कुमार ठाकुर करेंगे। इस प्रतियोगिता का समापन 5 सितंबर को प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष जीआर मुसाफिर की ओर से किया जाएगा। इस मौके पर ठाकुर विक्रम सिंह जेलदार विशेषातिथि होंगे।

### 31 को ग्याना व चंडी में बिजली रहेगी बंद

**दाड़लाघाट।** बिजली उपमंडल दाड़लाघाट के तहत 11 केवी दाड़लाघाट, ग्याना व चंडी फीडर में आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते 31 को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग दाड़ला के सहायक अभियंता ई. सचिन आर्य ने बताया कि इस दौरान बिजली अनुभाग दाड़लाघाट, ग्याना व चंडी के सभी इलाकों में बिजली आपूर्ति सुबह नौ से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने सभी संबंधित लोगों से असुविधा के लिए सहयोग की अपील की है। बिजली लाइन के मरम्मत का कार्य मौसम पर निर्भर करेगा।

### शोला गांव की प्रीति बनी सेकेंड लेफ्टिनेंट

**नाहन।** सिरमौर जिले के संगड़ाह उपमंडल में हरिपुरधार के निकट थोला गांव की होनहार बेटी प्रीति ने मिलिट्री नर्सिंग की परीक्षा पास की और भारतीय सेवा में सेकेंड



लेफ्टिनेंट नर्सिंग बनने का मार्ग प्रशस्त कर सिरमौर और हिमाचल प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। प्रीति की यह लगातार चौथी उपलब्धि है। प्रीति ने पहले कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की परीक्षा पास की और उसके बाद स्टाफ नर्सिंग की परीक्षा पास कर शिमला के चमियाना में आईजीएमसी के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में ज्वाइन किया। उसके बाद उन्होंने एम्स में नर्सिंग की परीक्षा पास कर हिमाचल के बिलासपुर स्थित एम्स में स्टाफ नर्सिंग के पद पर ज्वाइन किया और अब उन्होंने मिलिट्री नर्सिंग की परीक्षा पास कर अपने क्षेत्र और मां-बाप का नाम रोशन किया है। प्रीति की प्रारंभिक पढ़ाई रूप तारा पब्लिक स्कूल गाताधार में हुई है और उन्होंने जमा दो की परीक्षा शिशु विद्या निकेतन नाहन से उत्तीर्ण की है।

### कर्मियों ने काले बिल्ले लगाकर किया प्रदर्शन

**अर्की।** हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से कर्मचारी संघ के नेताओं को अनुशासनहीनता नोटिस देने पर वन मंडल कुनिहार के स्टाफ कर्मियों ने रोष स्वरूप काले बिल्ले लगाकर विरोध-प्रदर्शन किया। इस मौके पर वन मंडल कर्मियों ने डीएफओ कुनिहार के माध्यम से सरकार के कर्मचारी विरोधी फैसले के खिलाफ एक मांग पत्र प्रदेश सरकार को भेजा, जिसमें सचिवालय कर्मियों को दिए गए नोटिस को तुरंत वापस लेने व कर्मचारियों के डीए व एरियर के शीघ्र भुगतान किए जाने की मांग की गई है।

### खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा : महेंद्र

**दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में राष्ट्रीय खेल दिवस पर कार्यकारी प्रधानाचार्य महेंद्र पाल कौंडल की अध्यक्षता में एक सूक्ष्म कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शारीरिक प्रवक्ता धर्म दत्त ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस को मनाने की शुरुआत भारत सरकार ने वर्ष-2012 से की थी। राष्ट्रीय खेल दिवस खेल और शारीरिक गतिविधि को सम्मान और बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष मनाया जाता है। खेलों के माध्यम से हम अपने शरीर को स्वस्थ और मजबूत बना सकते हैं तथा विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थों से दूर रह सकते हैं। महेंद्र पाल कौंडल ने राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं जो हमारे शारीरिक और मानसिक विकास में मदद करते हैं।

### राष्ट्रीय उच्चमार्ग के बहाली कार्य का लिया जायजा

**रिकांगपिओ।** डीसी ने जिले के निगुलसरी के समीप बाधित हुए राष्ट्रीय उच्चमार्ग-5 के बहाली कार्य का निरीक्षण किया तथा बहाली कार्य में लगे श्रमिकों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने बहाली कार्य में तैनात अधिकारियों से राष्ट्रीय उच्चमार्ग को शीघ्र खोलने को कहा तथा जिला प्रशासन द्वारा बहाली कार्य के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस के उपरांत डॉ. अमित कुमार शर्मा ने जिले के टापरी स्थित सब्जी मंडी का दौरा किया तथा फलों के विपणन का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंडी समिति के सदस्यों से सीधा संवाद स्थापित किया तथा उनके सभी संशयों को दूर किया।

### विद्यालय में चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण

**रिकांगपिओ।** डीसी किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने निचार उपमंडल स्थित एकलव्य आदर्श विद्यालय निचार में आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर डीसी ने विद्यालय में चल रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया व विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही शिक्षा की गुणवत्ता को जांचा। उन्होंने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल से भी जुड़ने का आह्वान किया, ताकि स्वस्थ्य व तंदरुस्त रहकर एक सशक्त व्यक्तित्व का निर्माण संभव हो सके। प्रदेश सरकार विद्यालयों में स्टूडेंट्स को खेलों से जोड़ रही है तथा खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रोत्साहन प्रदान कर उन्हें राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर देश व प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान कर रही है।

### आशीष प्रतिभागियों को सिखाएंगे स्काउटिंग के गुर



**अर्की।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (छात्र) अर्की में सात दिवसीय स्काउट एंड गाइड एडल्ट प्रशिक्षण शिविर का प्रधानाचार्य राजकुमार गौतम ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर शुभारंभ किया। बतौर विशेषातिथि विमला वर्मा ने भाग लिया। इस मौके पर प्रभारी स्काउट मोहिंद्र पाल व कल्पना देवी ने शिविर के शुभारंभ में प्रशिक्षुओं को शिविर के दौरान दिए जाने वाले प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में 25 स्काउट व 22 गाइड प्रशिक्षण लेंगे तथा जिला ट्रेनर कमिश्नर आशीष प्रतिभागियों को स्काउटिंग के गुर सिखाएंगे।

### लोगों के बीपी, शुगर और खून की जांच की

**दाड़लाघाट।** अर्की के अंतर्गत पंचायत बागा-करोग के अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेंद्र हवानी कोल में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बागा से मेडिकल ऑफिसर की उपस्थिति में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। शिविर के दौरान लोगों की बीपी, शुगर और खून की जांच की गई। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने टीबी और अन्य बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जागरूकता फैलाई। इस दौरान साफ-सफाई के महत्व पर भी विशेष जोर दिया गया।

### भाषण प्रतियोगिता में हिमानी ने झटका पहला स्थान

**सोलन।** सराहां कॉलेज में कॉलेज सांस्कृतिक समिति द्वारा विद्यार्थियों के लिए युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भागीदारी विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आरंभ करते हुए डॉ. राजन कौशल, सहायक आचार्य अंग्रेजी विभाग ने कॉलेज स्टाफ व विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए विद्यार्थियों को अपने वक्तव्य पेश करने के लिए आमंत्रित किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रकट किए, जिनमें हिमानी स्नातक तृतीय वर्ष ने प्रथम, आशीष स्नातक प्रथम वर्ष ने द्वितीय तथा साक्षी स्नातक तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रो. जगमोहन ठाकुर ने सभी वक्ताओं व कॉलेज प्राचार्या, निर्णायक मंडल, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।

# सोलन के विकास का ड्राफ्ट बनाएगी टीसीपी

## खाली भूमि के उपयोग के लिए लोगों की मांगी जाएंगी आपत्तियां, जिला प्रशासन के साथ की चर्चा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

**सोलन** में औद्योगिक विकास और तेजी से होते शहरीकरण के दृष्टिगत शहरी क्षेत्र में विकासात्मक गतिविधियों को विनियमित करने के लिए नगर एवं नियोजन विभाग (टीसीपी) जिले के लिए एक क्षेत्रीय योजना तैयार कर रहा है। इसको लेकर हाल ही में जिला प्रशासन के साथ विभाग ने विस्तृत चर्चा की।

जानकारी के मुताबिक टीसीपी ड्राफ्ट योजना के तौर-तरीकों को जल्द अंतिम देगा। इसके प्रकाशित होने के बाद जनता की आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी। योजना के तहत शहर के आसपास खाली पड़ी भूमि पर उपयोग की योजना निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार बनाई जा रही है, जहां मौजूदा कृषि और खाली भूमि का उपयोग भविष्य के विकास के लिए किया जाएगा, जबकि वन क्षेत्र, जल निकाय, वृक्ष आच्छादित क्षेत्र आदि को विकास रहित क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)




### अतिक्रमण और अनधिकृत विकास चुनौती

**पारिस्थितिकी** के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में अतिक्रमण और अनधिकृत विकास, भीड़भाड़ वाला विकास और नियोजित आवासीय कॉलोनियों की कमी, अव्यवस्थित विकास और भूमि का अकुशल उपयोग, नियोजित वाणिज्यिक क्षेत्रों की कमी, जिनमें उचित वितरण की कमी और पूर्वी और पूर्वी दक्षिण भाग में खड़ी ढलानें स्थानिक विकास क्षेत्र को बाधित करती हैं, उपयुक्त नियोजन के लिए प्रमुख चुनौतियां हैं। टाउन प्लानर सोलन प्रेमलता चौहान ने कहा कि ड्राफ्ट तैयार हो जाने के बाद, जनता की आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी और बाद में उसी आधार पर योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री धनीराम शांडिल द्वारा दिए गए प्रमुख सुझावों को भी विकास के मसौदे में शामिल किया जा रहा है।

### भूमि की क्षमता के मुताबिक बनेगा ड्राफ्ट

**योजना** में विभिन्न क्षेत्रों की मजबूती, कमजोरी, अवसर और खतरे, जनसांख्यिकीय प्रोफाइल, आर्थिक प्रोफाइल, कृषि और संबद्ध गतिविधियों, उद्योग और खनन, भूमि उपयोग और निपटान पैटर्न, आवास, भौतिक और सामाजिक बुनियादी ढांचा, यातायात और परिवहन, विरासत संरक्षण और पर्यटन के अलावा पर्यावरण और आपदा प्रबंधन जैसे विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखा गया है। जिले का कुल क्षेत्रफल 1,936 वर्ग किलोमीटर है, जिसमें अधिकांश भूमि कृषि भूमि, वृक्ष बहुल क्षेत्र, वन क्षेत्र के अलावा राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों सहित प्रमुख परिवहन हाईवे के साथ शहरी गतिविधियों वाले क्षेत्र हैं। विकसित क्षेत्र पूरे क्षेत्र का केवल 18.4 प्रतिशत है, जबकि 81.6 प्रतिशत क्षेत्र अविकसित है, जिसमें कृषि, वृक्ष बहुल क्षेत्र, वन और जल निकाय शामिल हैं। बमुश्किल 3.50 प्रतिशत क्षेत्र आवासीय है, जबकि वाणिज्यिक क्षेत्र 0.08 प्रतिशत से भी कम और 0.92 प्रतिशत क्षेत्र औद्योगिक है। सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक क्षेत्र 0.20 प्रतिशत से भी कम है, जबकि केवल 0.02 प्रतिशत क्षेत्र में सार्वजनिक उपयोगिताएं हैं। परिवहन गतिविधियों में क्षेत्र का 0.74 प्रतिशत हिस्सा शामिल था और बमुश्किल 0.30 प्रतिशत हिस्सा मनोरंजक गतिविधियों से जुड़ा है।

### ड्राफ्ट योजना की समीक्षा चल रही

**सोलन** के एडीसी अजय यादव का कहना है कि क्षेत्रीय योजना एक बार अधिसूचित होने के बाद 2041 तक लागू रहेगी। ड्राफ्ट योजना की समीक्षा चल रही है, जिसमें पिछले वर्ष की वर्षा-प्रेरित आपदा से उत्पन्न प्रमुख चिंताओं को शामिल किया गया है।

## कांग्रेस झूठ से भरी हुई : बिंदल



**अनंत ज्ञान, सोलन**

भाजपा सदस्यता अभियान के कसौली व सोलन मंडल के प्रशिक्षण वर्ग में बोलते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान सरकार और कांग्रेस पार्टी झूठ से भरी हुई है। लगातार एक के बाद एक झूठ बोलने का काम निरंतर चल रहा है और हिमाचल प्रदेश विकास के मामले में लगातार पिछड़ रहा है। कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में आने के लिए बेरोजगारों के साथ धोखा किया और पांच लाख नौकरियां देने की गारंटी हर दीवार पर चस्पां कर दी। कांग्रेस के प्रदेश के नेता और गली मोहल्ले के नेता सभी यही कहते नहीं थकते थे कि सरकारी नौकरियां मिलेंगी और सत्ता हथियाने के बाद कांग्रेस सरकार और कांग्रेस पार्टी के सभी नेता बेरोजगारों के विरोधी बन गए। नौकरी देना तो दूर, उल्टे नौकरियां छीन ली गईं। डॉ. बिंदल ने कहा कि सत्ता हथियाने के लिए प्रदेश के हर वर्ग को झूठ बोलकर ठगा गया और सत्ता प्राप्ति के बाद 20 महीने का समय केवल भाजपा को गाली देकर बीता दिया। महिलाओं के साथ धोखा किया, किसानो-बागवानों के साथ धोखा किया, कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ धोखा किया। सत्ता हथियाने के लिए जितनी जोर के साथ गारंटियां दी जा रही थी उतनी ही जोर से खजाना खाली होने का झूठ बोला जा रहा है। बिंदल ने आह्वान किया कि घर-घर में जाना है, भाजपा के सदस्य बनाने हैं और कांग्रेस पार्टी को बेनकाब करना है।

# सुन्नम से बारो संपर्क सड़क का कार्य शुरू, लोगों को मिलेगी राहत



कांग्रेस कमेटी सुन्नम के अध्यक्ष तंजिन डाडुल लामा कार्य का शुभारंभ करते हुए।

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

रोपा वेली की पंचायत सुन्नम के तहत सुन्नम से बारो संपर्क सड़क का भूमि पूजन वीरवार को कांग्रेस कमेटी सुन्नम के अध्यक्ष तंजिन डाडुल लामा ने किया व कार्य का शुभारंभ किया।

करीब 13 किलोमीटर बनने वाली इस संपर्क सड़क का शिलान्यास हाल ही में राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने किया था। इस संपर्क सड़क के बनने से सुन्नम गांव के किसानों व बागवानों के लिए फायदा होगा व लोगों की नकदी फसल मंडियों तक पहुंचाने में मददगार साबित होगा। अध्यक्ष तंजीन डादुल लामा ने कहा कि मंत्री जगत सिंह नेगी के सौजन्य से वर्षों से लंबित सुन्नम से बारो संपर्क मार्ग का शिलान्यास मंत्री के कर कमलों से हुआ था, उसका भूमि पूजन कर सड़क का कार्य शुरू हुआ है, जिस से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर सहायक अभियंता लोकनिर्माण विभाग चमन लाल, पूह ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महासचिव सुरेश बोरिस व मंगल कीर्ति, नायब तहसीलदार फॉरेस्ट नरपाल नेगी, मार्ग निर्माण ठेकेदार वीरेंद्र सप्पा नेगी आदि मौजूद रहे।

## आसमानी बिजली से महिला की मौत

**राजगढ़।** दीदग पंचायत के सनियों गांव में आसमानी बिजली गिरने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा आज सुबह उस समय पेश आया, जब सनियों गांव के नरेंद्र कुमार की पत्नी पद्मा देवी आयु 35 साल अपने घर में लस्सी बनाने वाली मशीन को निकाल रही थी उसी समय आसमानी बिजली गिरी और जोर का धमाका हुआ। धमाके से पद्मा बेहोश हो गई। नागरिक अस्पताल राजगढ़ पहुंचाया गया, तब तक देर हो चुकी थी, चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक पद्मा देवी के पास एक बेटा व एक बेटी है। बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि बेटा जमा दो में पढ़ रहा है। तहसीलदार उमेश शर्मा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। प्रशासन ने 25 हजार रुपए की फौरी सहायता परिजनों को सौंप दी है। इसके अतिरिक्त राहत प्रकरण बनाने के बाद उचित सहायता प्रदान की जाएगी।

## सिल्ट की समस्या से सोलन में नियमित नहीं हो रही पेयजल आपूर्ति

# पानी की किल्लत से लोग परेशान

**भावना शांडिल, सोलन**

नगर निगम सोलन में पानी की किल्लत से लोगों को निजात नहीं मिल पा रही है। मुख्य पेयजल योजनाओं में बारिश के कारण सिल्ट आ जाने से शहर वासियों को चार से पांच दिन बाद पानी मिल रहा है।

शहर के वार्ड-4, 5, 7 8 और 11 में लोगों को पांच दिनों बाद पानी की सप्लाई की गई है। दरसल गिरि नदी में बारिश के कारण आ रही गाद के चलते पर्याप्त मात्रा में पानी की लिफ्टिंग नहीं हो पा रही है। निगम को जल शक्ति विभाग के मुताबिक गिरि पेयजल योजना से 41.60 लाख लीटर और अश्विनी पेयजल योजना से 18.50 लाख लीटर पानी की लिफ्टिंग की गई। पर नगर निगम के मुताबिक जल शक्ति विभाग से करीब 50 लाख लीटर पानी ही मिला। निगम को पुरे शहर में पानी की मांग को पूरा करने के लिए 90 लाख लीटर पानी की आवश्यकता है। जल शक्ति विभाग



का दावा है कि नगर निगम को गिरि और अश्विनी पेयजल योजना से गाद आने के बावजूद भी 60 लाख लीटर तक पानी दिया जा रहा है पर इससे शहर की प्यास बुझाना चुनौती बना हुआ है। (अनंत ज्ञान)

> जल शक्ति विभाग के अधीक्षक अभियंता आशीष राणा का कहना है कि बारिश के कारण आ रही गाद के बावजूद नगर निगम को रोज 60 लाख लीटर तक पानी कि सप्लाई की जा रही है।

> नगर निगम की एडिशनल कमिश्नर प्रियंका चंद्रा ने बताया कि जल शक्ति विभाग से पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते शहर में तीन से चार दिन बाद लोगों को पानी दिया जा रहा है।

### इन वार्ड में हुई पानी की आपूर्ति

वीरवार को शहर के एमइएस, ओल्ड चंबाघाट, फारेस्ट कॉलोनी, मोहन पार्क, अल्पाइन अपार्टमेंट, ओल्ड ब्रेवरी लाइन, कपूर नर्सिंग होम, बेर खास, मोहन कॉलोनी, क्लब टैंक, लोअर बाजार, लक्कड बाजार, हरी मंदिर, ठेड़ो ग्राउंड, धोबीघाट, चेला साइड, सनी साइड, डिग्री कॉलेज कोटलानाला, पटराल, साइंटिस्ट कॉलोनी, पवन विहार और नेगी कॉलोनी आदि जगहों पर पानी की सप्लाई की गई।

# शहीद आशीष सैन्य सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन

## भारत माता की जय और आशीष कुमार के नारों से गुंजायमान हुई गुरु की नगरी पांवटा साहिब

**एसपी जैरथ, पांवटा साहिब**

गिरिपार क्षेत्र के जवान आशीष कुमार का अंतिम संस्कार सैन्य सम्मान के साथ यमुना घाट के किनारे हुआ।

आंजभोज के भरली गांव के वीर सपूत आशीष कुमार अरुणाचल प्रदेश में एक सैन्य ऑपरेशन के दौरान वाहन दुर्घटना में शहीद हुए थे। शहीद की अंतिम विदाई में भारत माता की जय और आशीष कुमार अमर रहे के नारे गूंजते रहे। शहीद को उसके बड़े भाई राहुल और जुड़वा भाई रोहित ने मुखाग्नि दी। वीरवार सुबह आशीष कुमार की पार्थिव देह पांवटा साहिब पहुंची। इसके बाद उनके पैतृक गांव भरली पहुंचने के बाद वापस पांवटा साहिब लाई गई और अंतिम संस्कार के लिए यमुना नदी के तट पर ले जाया गया। भारी बारिश के बावजूद भूतपूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारी और सदस्य पांवटा साहिब में डटे रहे। लोगों ने आशीष कुमार अमर रहे, भारत माता की जय के नारों से गुरु की नगरी पांवटा साहिब को गुंजायमान किया। (अनंत ज्ञान)



### बारिश के बावजूद अंतिम दर्शन को पहुंचे लोग

**अंतिम** विदाई देने के लिए भरली गांव से लेकर अंबोया, राजपुर, डांडा, भूंगरानी, पुरुवाला और पांवटा साहिब में हजारों लोगों की लंबी लाइनें लगी रहीं। लोगों ने पार्थिव देह पर पुष्प वर्षा कर बलिदानी को अंतिम विदाई दी। इस दौरान हर आंख नम हुई। सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में सेना के अधिकारी, जवान और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### आशीष छह साल पहले सेना में हुए थे भर्ती

**सिरमौर** के गिरिपार क्षेत्र आंजभोज के भरली गांव के निवासी आशीष कुमार का जन्म 14 मार्च, 1999 को हुआ था। वह 19 ग्रेनेडियर बटालियन के अधीन अरुणाचल प्रदेश में सेवारत थे। आशीष लगभग छह साल पहले सेना में भर्ती हुए थे। आशीष के परिवार में उनकी मां, बड़े भाई राहुल, जुड़वां भाई रोहित और बहन पूजा है। आशीष के पिता श्याम सिंह का पहले ही निधन हो चुका है। पूजा वन विभाग में वनरक्षक के रूप में तैनात है।

## प्रणय डायरेक्टर ऑफ नेशनल एंगेजमेंट फॉर इंडस्ट्री फार्मासिस्ट्स आर्गेनाइजेशन नियुक्त

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



बद्दी के क्योरटेक ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सुमित सिंगला के बेटे प्रणय सिंगला को यूएसए में डायरेक्टर ऑफ नेशनल एंगेजमेंट फॉर इंडस्ट्री फार्मासिस्ट्स आर्गेनाइजेशन नियुक्त किया गया। सुमित सिंगला ने कहा कि इस नियुक्ति से भारत के फार्मा उद्योग को विश्व स्तर पर ख्याति मिलेगी।

प्रणय सिंगला 20 वर्ष की आयु में अपनी डायरेक्टर डिग्री साउथ कैरोलिना से करते हुए विश्व प्रसिद्ध नेफ्रॉन फार्मा कंपनी में जॉब कर रहे हैं। यूएसए की उक्त फार्मा कंपनी उच्च शिक्षा साथ-साथ विश्व भर में सांस की समस्याओं, दिल की बीमारियों और आंखों के लिए ऑय ड्रॉप्स का निर्माण करने में नेफ्रॉन फार्मा कंपनी वर्ष-1937 से अमेरिका में कार्य कर रही है और विश्व भर में पहले तीन स्थानों में इस कंपनी का नाम आता है। प्रणय सिंगला ने कहा कि फार्मा में रिसर्च एंड डेवलपमेंट की शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ आने वाले समय में क्योरटेक ग्रुप को मार्केटिंग व एक्सपोर्ट में विश्व स्तरीय पहचान बनाना ही मुख्य लक्ष्य है, जहां विश्व स्तर के मानकों पर दवाओं का निर्माण किया जाता है।

# राज्य सहकारी बैंक में चार करोड़ के घोटाले के पीड़ितों को आश्वासन

**अनंत ज्ञान, नाहन**

राज्य सहकारी बैंक नौहराधार में हुए 4 करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले में फंसी ग्रामीणों की जमा पूंजी लौटाए जाने और फर्जी केसीसी व लोन को हटाए जाने के आश्वासन देने के लिए बैंक के चेयरमैन देवेंद्र श्याम और एमडी श्रवण मांटा सहित आधा दर्जन अधिकारी नौहराधार पहुंचे।

घोटाले से लटकी करोड़ों राशि न लौटाए जाने से गुस्साए अकाउंट होल्डर्स नौहराधार में बैंक प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर चुके हैं और जल्द अकाउंट क्लियर न होने पर दोबारा प्रदर्शन की चेतावनी भी दे चुके हैं। घोटाले के मास्टरमाइंड असिस्टेंट मैनेजर ज्योति प्रकाश को गत 10 अगस्त को पुलिस स्टेशन संग्रह में एफआईआर दर्ज




होने के 15 दिन बाद गिरफ्तार किया गया था और कल तक पुलिस पर मौजूद उक्त आरोपी को घटनास्थल पर भी ले जाया गया, अब तक इस मामले को लेकर कोई भी बयान जारी न करने वाले डीएसपी और एसएचओ संगड़ाह ने सिर्फ इतना बताया कि कल उसे फिर कोर्ट में पेश किया जाना है। उधर, बैंक प्रबंधन ने धोखाधड़ी साबित करने की जिम्मेदारी ग्राहकों पर डाल दी है और अब तक केवल 63 लोगों की एप्लिकेशन अथवा क्लेम मिलने की जानकारी दी गई है।

## पहली से मनाया जाएगा राष्ट्रीय पोषण माह

**सोलन।** सोलन में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रथम से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी कार्यवाहक जिला कार्यक्रम अधिकारी सोलन कविता गौतम ने दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान सोलन के प्रत्येक आंगनबाड़ी, खंड व जिला स्तर पर अनेक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस अवधि में एनीमिया, विकास निगरानी, पूरक पोषाहार, बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण तथा अन्य सामान्य संवेदीकरण गतिविधियां शुरू की जाएंगी।

# लापरवाह उद्योग नदी व नालों में कैमिकल पानी छोड़कर एरिया को कर रहे प्रदूषित

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में बैखोफ उद्योग कैमिकल युक्त पानी नदियों व नालों में बहाकर एरिया को प्रदूषित कर रहे हैं।

बद्दी इंडस्ट्री एरिया में गैस प्लांट के नजदीक उद्योग के द्वारा नीले रंग का कैमिकल पानी छोड़ा गया, जिससे सड़कों में कैमिकल फैल गया, जबकि बीते दिन भी ट्रक यूनियन के पास नाले में उद्योग द्वारा छोड़े गए प्रदूषित पानी से झाग के ढेर लग गए और सरसा नदी तक कैमिकल युक्त पानी बहता हुआ नजर आया। ये उद्योग बारिश की आड़ में कैमिकल पानी छोड़ नदी व नालों को प्रदूषित कर रहे हैं। क्षेत्रवासी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्रवाई पर भी सवाल उठा रहे हैं। मामला सामने आने के बाद प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों ने ट्रक यूनियन के पास के नाले का निरीक्षण किया और शक के आधार पर डाबर इंडिया उद्योग के शैंपू उद्योग से पानी के सैंपल भरकर नोटिस जारी कर दिया है।



प्रदूषण बोर्ड ने आगामी कार्रवाई के लिए प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड शिमला को भेज दिया है, अब आदेश आने के बाद प्रदूषण बोर्ड आगामी कार्रवाई अमल में लाएगा। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड बद्दी के अधिशाषी अभियंता प्रवीण गुप्ता ने कहा कि डाबर इंडिया उद्योग के शैंपू उद्योग से सैंपल भर लिए है, जिन्हें नोटिस जारी करते हुए शिमला मुख्य कार्यालय को भेज दिया है, जैसे आदेश होंगे कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**दौरा** प्राकृतिक कृषि प्रणालियों के तहत विभिन्न फसलों में विश्वविद्यालय की ओर से की गई प्रगति पर प्रकाश डाला

# प्राकृतिक खेती जानने फ्रांसीसी वैज्ञानिक पहुंचे नौणी विश्वविद्यालय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

फ्रांसीसी राष्ट्रीय कृषि, खाद्य और पर्यावरण अनुसंधान संस्थान के चार वैज्ञानिकों के एक दल ने डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी और हिमाचल का तीन सप्ताह का दौरा शुरू किया।

इस दल का उद्देश्य प्राकृतिक कृषि प्रथाओं के साथ-साथ कृषि पारिस्थितिकी के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की ओर से किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानना है। फ्रांस के लिसिस संस्थान



की उपनिदेशक प्रो. एलिसन मैरी लोकोंटो के नेतृत्व वाली टीम में शोधकर्ता प्रो. मिरीले मैट, डॉ. एवलिन लोस्ट और डॉ. रेनी वैन डिस शामिल हैं। यह यात्रा यूरोपीय आयोग की ओर से वित्त पोषित एग्रो इकोलॉजिकल क्रॉप प्रोटेक्शन टुवर्ड्स इंटरनेशनल को-इनोवेशन डायनेमिक्स एंड एविडेंस ऑफ सस्टेनेबिलिटी (एक्रोपिक्स) परियोजना का हिस्सा है। इनरए द्वारा समन्वित, एक्रोपिक्स परियोजना कृषि पारिस्थितिकी फसल संरक्षण में सह-नवाचार को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही है। एक्रोपिक्स कंसोर्टियम में 13 देशों के 15 सदस्य शामिल हैं, जिनमें 12 शैक्षणिक संस्थान और तीन कंपनियां शामिल हैं। डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय प्राकृतिक खेती जैसी कृषि पारिस्थितिकी प्रथाओं में अपने अग्रणी प्रयासों के लिए पहचाना जाता है और इस परियोजना में एकमात्र भारतीय संस्थान है। विश्वविद्यालय की प्राकृतिक खेती टीम के साथ बातचीत के दौरान कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल ने फ्रांसीसी वैज्ञानिकों का स्वागत किया और प्राकृतिक खेती के माध्यम से टिकाऊ खाद्य प्रणालियों को आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता के बारे में बात की। उन्होंने प्राकृतिक कृषि प्रणालियों के तहत विभिन्न फसलों में विश्वविद्यालय की ओर से की गई प्रगति पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे यह किसानों की ओर से व्यापक रूप से अपने खेतों पर अपनाई जा सकती है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना
**मैं सुच्चा चौधरी** पुत्र श्री भूरा निवासी गांव डोलोवाल, डाकघर भोगपुर, तहसील नालागढ़, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मैंने अपने रिश्तेदारों और मित्रों के समक्ष तुरंत प्रभाव से अपना नाम सुच्चा राम से बदलकर सुच्चा चौधरी रख लिया है। भविष्य में मुझे सुच्चा चौधरी के नाम से ही जाना जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### खालिद की याचिका पर सुनवाई सात अक्तूबर को

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में फरवरी 2020 में भड़के सांप्रदायिक दंगों की कथित बड़ी साजिश को लेकर गैर-कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज एक मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका सात अक्तूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया की खंडपीठ ने छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम, 'यूनाइटेड अगेंस्ट हेट' के संस्थापक खालिद सैफी और मामले के अन्य सह-आरोपियों की लंबित जमानत याचिकाओं को भी उसी तारीख को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। उमर खालिद की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि दिल्ली पुलिस ने अभी तक उस जमानत याचिका पर जवाब दाखिल नहीं किया है, जिस पर 24 जुलाई को नोटिस जारी किया गया था।

### सीएम सिद्धरमैया की याचिका स्थगित



**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने वीरवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की उस याचिका की सुनवाई शनिवार तक के लिए स्थगित कर दी, जिसमें उन्होंने मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) के कथित भूखंड घोटाले के सिलसिले में राज्यपाल थावरचंद गहलोत द्वारा उनके खिलाफ अभियोजन मंजूरी को चुनौती दी है। अदालत ने 19 अगस्त के अपने अंतरिम आदेश का विस्तार करते हुए जन प्रतिनिधियों के मामलों की सुनवाई के लिए अधिकृत विशेष अदालत को निर्देश दिया कि वह सिद्धरमैया के खिलाफ मामले की सुनवाई अगली तारीख तक टाल दे। मुख्यमंत्री के लिए पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुनवाई शुरू होते ही अपनी दलीलें पेश कीं।

### आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में शशि थरूर को झटका



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता शशि थरूर को दिल्ली हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली. कोर्ट ने प्रधानमंत्री की तुलना बिच्छू से करने वाले बयान को लेकर शशि थरूर के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला खारिज करने से इनकार कर दिया है।

### शिवाजी प्रतिमा गिरने के मामले में शिल्पकार और कंसल्टेंट फरार

**महाराष्ट्र।** सिंधुदुर्ग में शिवाजी का पुतला ढहने के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। इनमें एक शिल्पकार जयदीप आप्टे हैं और दूसरा स्ट्रक्चरल कंसल्टेंट चेतन पाटिल हैं। दोनों के घर पर पुलिस ने छापा मारा, मगर दोनों आरोपी हाथ नहीं लगे।

### ट्रांसजेंडर आईडी कार्ड पैन एप्लीकेशन के लिए होगा वैध

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पैन कार्ड एप्लीकेशन के लिए ट्रांसजेंडर पर्सस एक्ट 2019 के तहत जारी पहचान प्रमाण पत्र (आइडेंटिटी कार्ड) को वैधता दे दी है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट यह जानकारी दी है। अब ट्रांसजेंडर अपने जेंडर आईडी कार्ड से पैन के लिए अप्लाई कर सकेंगे। इससे उन्हें पैन और आधार लिंक करवाने में आसानी होगी। दरअसल, एक ट्रांसजेंडर रेशमा प्रसाद ने 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दायर की थी। इसमें केंद्र से आधार कार्ड की तरह पैन कार्ड पर तीसरे जेंडर की अलग कैटेगरी का ऑप्शन देने के लिए निर्देश देने की मांग की गई थी, ताकि ट्रांसजेंडर पैन और आधार को लिंक करवा सकें।

### नेवी को मिली दूसरी परमाणु पनडुब्बी

**नई दिल्ली।** इंडियन नेवी की न्यूक्लियर सबमरीन 'आईएनएस अरिघात' बनकर तैयार है। यह सबमरीन 29 अगस्त को स्ट्रेटेजिक फोर्स कमांड (एसएफसी) का हिस्सा बन गई। यह भारत की दूसरी न्यूक्लियर सबमरीन है। आधिकारिक तौर पर इसके शामिल होने के बाद भारत के पास 2 एसएसबीएन न्यूक्लियर सबमरीन हो जाएंगी। इससे पहले साल 2016 में स्वदेशी न्यूक्लियर सबमरीन 'आईएनएस अरिहंत' को जंगी बेड़े में शामिल किया था।



### पूजा खेडकर की 5 सितंबर तक गिरफ्तारी टली



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बर्खास्त ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की जमानत याचिका पर सुनवाई 5 सितंबर तक टाल दी है। पूजा के जवाब पर विचार करने और नई स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए दिल्ली पुलिस ने और समय मांगा है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने पुलिस को निर्देश दिया कि आगे की कार्यवाही लंबित रहने तक खेडकर को गिरफ्तार न किया जाए।यूपीएससी ने 31 जुलाई को पूजा का सिलेक्शन रद्द किया था। पूजा ने आयोग के इस फैसले को चुनौती दी है।

### टेलीग्राम के सीईओ पर आरोप तय, फ्रांस छोड़ने पर बैन



**पेरिस।** फ्रांस के न्यायाधीशों ने मैसेजिंग एप टेलीग्राम के सीईओ पावेल ड्यूरोव पर अपने प्लेटफॉर्म पर आपराधिक गतिविधियों को अनुमति देने के मामले में आरोप तय किए हैं। पावेल को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया, लेकिन प्रारंभिक जांच जारी रहने तक फ्रांस छोड़ने पर रोक लगा दी। पावेल को शनिवार को ही पेरिस के बे बॉर्गेट हवाई अड्डे के बाहर हिरासत में लिया गया था। चार दिन पूछताछ के बाद पावेल को बुधवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जमानत मिल गई।

### दिलीप जायसवाल को मिली वाई प्लस सुरक्षा



**पटना।** बिहार बीजेपी अध्यक्ष दिलीप जायसवाल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उनको वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिली है। अब वह सीआरपीएफ के सुरक्षा घेरे में रहेंगे। इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर ये फैसला लिया गया है। दिलीप जायसवाल बिहार सरकार में भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री भी हैं। इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर केंद्र सरकार ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी है। अब वह सीआरपीएफ की सुरक्षा के घेरे में रहेंगे।

### अमेरिका में लिस्टेरिया बीमारी से आठ की मौत

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में लिस्टेरिया नाम की एक बीमारी से 8 लोगों की मौत हो गई है और 50 से ज्यादा लोग अस्पताल में भर्ती हैं। अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने बताया कि बताया कि लिस्टेरिया एक मुश्किल जर्म है, जो मांस काटने वाली मशीनों और खाने के सामानों जैसी सतहों पर यह जर्म पनपता है। यह ठंडे तापमान में भी रह सकता है। सीडीसी के मुताबिक, कुछ लोगों में लिस्टेरियोसिस के लक्षण दिखने में 10 हफ्ते तक का वक्त भी लग सकता है7

### पूर्वी इंफाल में हथियारों का जखीरा बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के पूर्वी इंफाल जिले के सेकता अवांग लेईकाई इलाके में तलाश अभियान के दौरान हथियार और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया है। तलाश अभियान के दौरान तीन इन्सास राइफल, दो एके-56 राइफल, मैगजीन, गोला-बारूद और सैन्य वर्दी सहित कई अन्य सामान बरामद किए गए हैं। पश्चिमी इंफाल जिले के लेइकिन्थाबी इलाके में कुछ बंदूकधारियों द्वारा पुलिसकर्मियों से तीन राइफल और गोला-बारूद कथित तौर पर छीनने के बाद यह तलाश अभियान चलाया गया था।

### जापान में भारी बारिश, तीन लोगों की मौत

**तोक्यो।** दक्षिणी जापान में वीरवार को भारी बारिश और तेज हवाओं के साथ आए तूफान के कारण कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और क्यूशू में बिजली गुल होने से अढ़ाई लाख घर अंधेरे में हैं। तूफान के और विकराल होने के चलते बाढ़, भूस्खलन तथा बड़े स्तर पर नुकसान की आशंका व्यक्त की गई है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि तूफान 'शानशान' ने सुबह दक्षिणी क्यूशू के सतसुमासेंदाई के पास दस्तक दी, जहां 24 घंटे में 60 सेमी. तक बारिश होने के आसार हैं। पिछले 24 घंटे में हुई बारिश अगस्त माह की औसत बारिश से अधिक है, जिससे नदियां उफान पर आ गई हैं और बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

### अभिनेता जयसूर्या, राजू पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज

**कोच्चि/तिरुवनंतपुरम।** मलयालम अभिनेताओं जयसूर्या और मनियनपिला राजू के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप में अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। एक अभिनेत्री ने आरोप लगाया है कि उन्होंने उसका यौन उत्पीड़न किया था। इन आरोपों के आधार पर ये मामले दर्ज किए गए। एर्नाकुलम के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि राजू के खिलाफ 'फोर्ट कोच्चि' पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। तिरुवनंतपुरम में छावनी पुलिस ने पुष्टि की है कि जयसूर्या के खिलाफ भी इसी धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है।

---

पीएसईबी से नियुक्ति पत्र देने की मांग करने वाले बेरोजगार अध्यापक सकते में

# धरने पर बैठी युवती की हालत बिगड़ी

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

मोहाली स्थित पंजाब स्कूल एजुकेशन बोर्ड (पीएसईबी) के बाहर धरने पर बैठी युवती की हालत बिगड़ने के बाद उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल मोहाली में भर्ती कराया गया है।

डीपीई (पंजाब स्कूल एजुकेशन बोर्ड) के बाहर लगातार नियुक्ति पत्र देने की मांग करने वाले यह बेरोजगार अध्यापक सकते में आ गए, जबकि उनके साथ धरना दे रही युवती शीतल कुमारी दोपहर को बेहोश हो गई। पहले तो इन सभी ने शीतल को प्राथमिक चिकित्सा देने की कोशिश की पर ज्यादा तबीयत बिगड़ने पर उसको एंबुलेंस से सिविल अस्पताल भेजा गया। बताया जाता है कि फाजिल्का की रहने वाली शीतल कुमारी डिप्रेशन में आ गई और उसकी वजह से उसकी तबीयत खराब हो गई। फिलहाल शीतल फेज-6 के सिविल अस्पताल में उपचाराधीन है।



मोहाली स्थित पंजाब स्कूल एजुकेशन बोर्ड के बाहर धरने पर बैठे बेरोजगार अध्यापक।

पीएसईबी की बिल्डिंग के गेट पर पंजाब के सैकड़ों बेरोजगार अध्यापकों का प्रदर्शन जारी है। ध्यान रहे कि पीएसईबी के सेक्रेटरी कमल किशोर जाधव के साथ कमेटी के पदाधिकारियों ने बुधवार शाम मीटिंग की थी। उन्होंने कहा था कि अंडरटेकिंग फार्मों की शिक्षा मंत्री से मान्यता मिलने के बाद चयनित अध्यापकों को फार्म सौंप दिए जाएंगे।

कमेटी के पदाधिकारियों ने शिक्षा विभाग को वीरवार की दोपहर 2.30 बजे तक समय दिया था। समय तो बीत गया पर बेरोजगार अध्यापकों को अंडरटेकिंग फार्म नहीं प्रदान किए गए। ईटीटी 2364 संघर्ष कमेटी के पदाधिकारी मनप्रीत सिंह मानसा ने बताया कि शिक्षा विभाग के शिक्षा मंत्री हरजोत बेंस ने डीपीआई कार्यालय में मीटिंग करेंगे।

पदाधिकारियों का कहना है कि पंजाब सरकार के नुमाइंदे इस तरह वादे पर वादे ही कर रहे हैं। एक माह पहले ही 2364 की सूची शिक्षा विभाग के पास आ चुकी है फिर भी अब तक नियुक्ति पत्र नहीं दिए गए। जब तक बेरोजगार अध्यापकों को नियुक्ति पत्र नहीं मिल जाता तब तक धरना जारी रहेगा। (अनंत ज्ञान)

---

# पंजाबी को चंडीगढ़ की शासकीय भाषा बनाने की मांग : सुखजीत



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ पंजाबी मंच के नेताओं ने बताया कि एक नवंबर 1966 तक चंडीगढ़ में दफ्तरी कामकाज की भाषा पंजाबी थी। भारतीय संविधान में देश का प्रबंध चलाने के लिए 22 भाषाओं का जिक्र है। इसमें अंग्रेजी है ही नहीं। इसमें पंजाबी भाषा दर्ज है।

चंडीगढ़ में पंजाबी को प्रशासकीय भाषा लागू करने के लिए गुरुवार को चंडीगढ़ पंजाबी मंच की ओर से राजभवन मार्च का आयोजन किया गया। पंजाबी मंच के पदाधिकारी और सदस्य सेक्टर 30 के मक्खन शाह लुबना भवन के पास एकत्रित हुए। राजभवन मार्च करने से पहले ही प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मांगपत्र लिया।

चंडीगढ़ पंजाबी मंच के अध्यक्ष सुखजीत सिंह सुक्खा ने कहा कि चंडीगढ़ पंजाब के गांवों को उजाड़ कर बसाया गया है। यहां की भाषा पंजाबी है, लेकिन चंडीगढ़ प्रशासन ने अंग्रेजी को शासकीय भाषा बनाया हुआ है। यह किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने चंडीगढ़ के नेताओं को कहा कि राजनीतिक पार्टी याद रखें कि यह आखिरी चुनाव नहीं है।

---

# पीजीआई तक दौड़ रही हरियाणा की बस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



पीजीआई के लिए बस चलाना पंचकूला/कालका के लिए सिर्फ जनता को सुविधा देना ही नहीं, बल्कि एक राजनीतिक मकसद को पूरा करना भी है। हरियाणा के तमाम नेता पिछले काफी समय से लोगों को यह आश्वासन दे रहे हैं कि हरियाणा की बसें पीजीआई तक जाएंगी। अब उसी वादे को पूरा करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाया जा रहा है।

20 अगस्त को प्रशासक के सलाहकार राजीव वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद भी हरियाणा ने बस का संचालन नहीं रोका है। रोजाना सुबह और शाम पीजीआई तक पंचकूला की बस आ रही है। बैठक के बाद प्रशासन ने पत्र लिखकर मना किया, तो हरियाणा ने धमकी दे दी कि अगर उनकी बस का चंडीगढ़ में चालान हुआ तो वह भी कार्रवाई करेंगे।

मामले को सुलझाने के लिए सलाहकार राजीव वर्मा की अध्यक्षता में 20 अगस्त को बैठक हुई थी, इसमें हरियाणा के कई अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद प्रशासन ने लिखित में हरियाणा को कहा कि चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट पॉलिसी के अनुसार, लोकल रूट पर बस चलाने का काम चंडीगढ़ को सौंपा गया है। ऐसे में पंचकूला/कालका से चलाई जा रही बस को तुरंत रोका जाए।

---

## प्लाज्मा एक्सचेंज थैरेपी से आंख का सफल इलाज

**बठिंडा।** बाईं आंख की कम रोशनी से पीड़ित एक 14 वर्षीय लड़की का हाल ही में मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, बठिंडा में थैरेप्यूटिक प्लाज्मा एक्सचेंज थेरेपी से सफलतापूर्वक इलाज किया गया। लड़की सिरदर्द और पुरानी थायराइड बीमारी से भी पीड़ित थी।



डॉ. पल्लव जैन न्यूरोलॉजिस्ट ने लड़की का एमआरआई किया, जहां उसकी बाईं आंख में कम रोशनी की समस्या पाई गई। स्टेरॉयड थेरेपी शुरू की गई और 3-4 दिनों में आंख की रोशनी में हल्का सुधार दिखा। इलाज के दौरान लड़की की एमओजी एंटीबॉडीज रिपोर्ट पॉजिटिव आई और उसे थेराप्यूटिक प्लाज्मा एक्सचेंज थेरेपी पर रखा गया। डॉ. जैन ने कहा, उपचार वैकल्पिक दिनों में 7 बार किया गया और लड़की की आंख की रोशनी में काफी सुधार हुआ।

---

# तेजी के दौर में सेंसेक्स, निफ्टी अपने रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा मोटर्स के शेयरों में लिवाली आने से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। सेंसेक्स 349 अंक उछला, जबकि निफ्टी ने 100 अंकों की बढ़त दर्ज की।



बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 349.05 अंक यानी 0.43 प्रतिशत उछलकर 82,134.61 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। यह बढ़त का लगातार आठवां सत्र रहा। कारोबार के दौरान एक समय यह 500.27 अंक चढ़कर 82,285.83 के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी लगातार 11वें सत्र में बढ़त पर रहा। निफ्टी 99.60 अंक यानी 0.40 प्रतिशत बढ़कर 25,151.95 के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 140.55 अंक चढ़कर 25,192.90 के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा मोटर्स के शेयरों में सर्वाधिक चार प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, मारुति और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी बढ़त पर रहे।

रिलायंस के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा कि कंपनी का निदेशक मंडल पांच सितंबर को एक पर एक बोनस शेयर जारी करने पर विचार करेगा। इस घोषणा के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज में करीब दो प्रतिशत की तेजी आई। यूरोपीय बाजार सकारात्मक क्षेत्र में कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 1,347.53 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.60 प्रतिशत गिरकर 78.27 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 73.80 अंक या 0.09 प्रतिशत चढ़कर 81,785.56 और एनएसई निफ्टी 34.60 अंक बढ़कर 25,052.35 पर बंद हुआ था।

---

## देश-विदेश

# गुजरात में बाढ़, सड़कें जलमग्न अब तक 28 लोगों की जान गई

**एजेंसी, अहमदाबाद**

**गुजरात** में भारी बारिश के चलते सड़कें जलमग्न हो गई हैं। जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुका है। बाढ़ की चपेट में आने से अब तक 28 लोगों की मौत हो चुकी है। बारिश और बाढ़ की मार झेल रहे गुजरात को जल्द राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने 30 अगस्त तक बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

गुजरात सरकार के अनुसार, मोरबी, वडोदरा, भरूच, जामनगर, अरावली, पंचमहल, द्वारका और डांग जिलों में कम से कम व्यक्ति की मौत हुई है। आणंद में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि अहमदाबाद में चार की जान चली गई। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार दूसरे दिन राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से बात की है।



## त्रिपुरा सरकार ने राज्य को प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित किया

**अगरतला।** त्रिपुरा में भारी बाढ़ के कारण हुई जनहानि और संपत्ति के भारी नुकसान के बाद राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश को प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित कर दिया है। त्रिपुरा में भारी बाढ़ से जनहानि हुई है और सार्वजनिक एवं निजी अवसंरचनाओं तथा संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा है। राहत, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव बिरजेश पांडे ने कहा कि अभी तक 31 लोगों की मौत हो चुकी है।

## बांग्लादेश की पूर्व स्पीकर और पूर्व वाणिज्य मंत्री हत्या मामले में गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में हाल ही में आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में एक सुनार की हत्या के मामले में पूर्व स्पीकर शिरीन शर्मिन चौधरी और पूर्व वाणिज्य मंत्री टीपू मुंशी को गिरफ्तार किया गया है। इन प्रदर्शनों के कारण ही देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार गिर गई थी। रंगपुर में दर्ज एक हत्या के मामले में पूर्व वाणिज्य मंत्री मुंशी (74) को रैपिड एक्शन बटालियन ने ढाका के गुलशन में बुधवार रात गिरफ्तार किया है। इसमें बताया गया कि प्रदर्शन के दौरान 38 वर्षीय सुनार मुस्लिम उद्दिन मिलन की हत्या के लिए मुंशी और संसद की पूर्व अध्यक्ष चौधरी सहित 17 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

---

रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी का बड़ा ऐलान

# जियो यूजर को 100 जीबी क्लाउड स्टोरेज मिलेगा मुफ्त

**एजेंसी, मुंबई**



**रिलायंस** इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने जियो एआई क्लाउड ऑफर लॉन्च करने का ऐलान किया है, जिसमें हर जियो यूजर को 100 जीबी क्लाउड स्टोरेज बिलकुल मुफ्त मिलेगा।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के 47वीं एजीएम बैठक में मुकेश अंबानी ने यह एलान किया है। मुकेश ने कहा कि जियो एआई क्लाउड वेलकम ऑफर को इसी वर्ष दिवाली पर लॉन्च किया जाएगा। मुझे जियो एआई क्लाउड वेलकम ऑफर की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही हैद्ध जियो यूजर्स को 100 जीबी फ्पी क्लाउड स्टोरेज मिलेगा, जिसमें वे अपने फोटो, विडियो, डॉक्यूमेंट्स और दूसरे डिजिटल कंटेंट और डाटा को स्टोर कर सकेंगे। दिवाली पर जियो एआई क्लाउड वेलकम ऑफर को लॉन्च करेंगे, जिसके जरिए पावरफुल और अफोर्डेबल सोल्युशंस लेकर आ रहे हैं जिसमें क्लाउड डेटा स्टोरेज और डेटा-पावर्ड आईआई सर्विसेज हर जगह पर हर किसी को उपलब्ध हो सकेगा। जियो ऐसे टूल्स और प्लेटफॉर्म डेवलप कर रही है, जिसमें पूरा एआई लाइफसाइकिल नजर आएगा जिसे जियो ब्रेन का नाम दिया गया है।

---

# यूपीएससी को मिली सत्यापन के लिए आधार-आधारित प्रमाणीकरण की मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को आधार-आधारित प्रमाणीकरण की अनुमति दे दी है। यह कदम पंजीकरण के समय, परीक्षाओं और भर्ती के विभिन्न चरणों के दौरान स्वैच्छिक आधार पर अभ्यर्थियों की पहचान सत्यापित करने के लिए उठाया गया है। यह इसलिए अहम है क्योंकि आयोग ने पिछले महीने परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेड़कर की अनंतिम उम्मीदवारी रद्द कर दी थी। इसके साथ ही योग्यता से परे सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी से प्रयास करने के लिए उन पर भविष्य की सभी परीक्षाओं में शामिल होने पर रोक लगा दी गई थी।

## झारखंड में डॉक्टर का अपहरण कर हत्या

**रांची।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर निवासी प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. बी. मंडल की वीरवार सुबह अपहरण करने के बाद हत्या कर दी गई। उनका शव पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) जिले के कवाली थाना क्षेत्र से बरामद किया गया है। पुलिस ने पीछा कर दो अपराधियों को पकड़ लिया है और पूछताछ की जा रही है।

# यूपी में आदमखोर चौथे भेड़िये को भी पकड़ा

**एजेंसी, बहराइच (उप्र)**

**वन** विभाग की टीम ने जिले की महसी तहसील में लोगों को निशाना बनाने वाले एक नर भेड़िए को वीरवार को पकड़ लिया।

ऑपरेशन भेड़िया के प्रभारी कमांडर और बाराबंकी के डीएफओ आकाशदीप बधावन ने बताया कि हमने घाघरा नदी के कछार में स्थित सिसैया चूड़ामणि गांव के निकट चारा बांधकर पिंजरे और नदी किनारे बड़े-बड़े जाल लगाए थे। सुबह नदी के किनारे लगे जाल में फंसते ही भेड़िए को पिंजरे में कैद कर लिया गया। पकड़ा गया भेड़िया पूर्ण वयस्क नर है। हमें हमलावर भेड़िए के जो पद चिह्न मिले हैं वह करीब 9 से 10 सेंटीमीटर के हैं।



बहराइच के महसी तहसील में भेड़ियों का एक झुंड बीते करीब डेढ़ माह से लोगों को निशाना बना रहा है। अब तक छह बच्चों और एक महिला की मौत हो चुकी है और करीब ढाई दर्जन लोग घायल हुए हैं।

---

# रिपोर्ट : वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल के बावजूद मजबूत रहेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था आने वाले समय में मजबूत रह सकती है। हालांकि, हाई-फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर्स में नरमी के कारण आउटलुक में थोड़ी कमी हो सकती है। अगस्त की मासिक आर्थिक समीक्षा में नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।



एनसीएईआर की रिपोर्ट में बताया गया कि देश में शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंकों की क्रेडिट वृद्धि (खाद्य और गैर-खाद्य) में जून 2024 में नरमी देखी गई है। वहीं, इस दौरान सर्विस सेक्टर के लिए पर्सनल लोन की क्रेडिट ग्रोथ और बैंक क्रेडिट में गिरावट हुई है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) में जुलाई 2024 में हल्की गिरावट हुई है, लेकिन सर्विस और मैन्युफैक्चरिंग में वृद्धि जारी है। हाल ही में जारी हुए डाटा के मुताबिक, मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई गिरकर 57.9 पर आ गया है, जो कि पहले 58.1 था। वहीं, सर्विस पीएमआई 60.3 से बढ़कर 60.4 हो गया है। इस कारण संयुक्त पीएमआई में गिरावट देखने को मिली है और यह गिरकर 60.5 पर आ गया है, जो कि पहले 60.7 पर था। खाद्य उत्पादों की कीमतों में कमी आने के कारण जुलाई 2024 में महंगाई में कमी देखने को मिली है। जुलाई में खुदरा महंगाई दर 3.54 प्रतिशत पर थी, जो कि 59 महीने या करीब 5 साल का खुदरा महंगाई दर का सबसे न्यूनतम स्तर है। इस दौरान थोक महंगाई दर 2.04 प्रतिशत थी, जो जून में 3.36 प्रतिशत थी। यह थोक महंगाई का तीन महीने का सबसे निचला स्तर है। भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ रही है।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना जारी

**अशोक ठाकुर, जम्मू।** निर्वाचन आयोग ने वीवार को जम्मू-कश्मीर में 3 चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। चुनाव आयोग ने दूसरे चरण के लिए उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र भरने के लिए अधिसूचना जारी की है। नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि 5 सितंबर है। 9 सितंबर तक नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। दूसरे चरण के लिए कंगन, गंदेरबल, हजरतबल, खानयार, हब्बा कदल, लाल चौक, चन्नपोरा, जदीबल, ईदगाह, सेंट्रल शाल्टेंग, बडगाम, बीरवाह, खानसाहिब, चरार-ए-शरीफ, चडूरा, गुलाबगढ़, रियासी, वैष्णो देवी, कालाकोट-सुंदरबनी, नौशेरा राजौरी, बुधल, थन्नामंडी, सुरनकोट, पुंछ हवेली और मेंढर में चुनाव होगा। (अनंत ज्ञान)

# यूपी के मैनपुरी में मकान की छत गिरने से 3 लोगों की मौत

**एजेंसी, मैनपुरी**



**उत्तर** प्रदेश के मैनपुरी जिले के ब्रह्मपुर गांव में वीरवार को भारी बारिश के कारण दो मंजिला मकान की छत गिरने से एक परिवार की तीन महिलाओं की मौत हो गई। मैनपुरी के डिप्टी एसपी सत्य प्रकाश शर्मा ने बताया कि भारी बारिश के कारण मकान की छत गिर गई।

छत गिरने की घटना में तीन महिलाओं की मौत हो गई है. कोई अन्य घायल नहीं हुआ है। मकान 15-16 साल पुराना था और माना जा रहा है कि भारी बारिश के कारण छत गिर गई। मैनपुरी एडीएम रामजी मिश्रा के अनुसार, घटना सुबह 8 बजे हुई और मकान सेवादार कौशलेंद्र यादव का था। मृतकों की पहचान नीलम, अनुपमा और प्रीति के रूप में हुई है। एडीएम ने कहा मृतक के परिवार को 4-4 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा।

